सूर्योदय 7:5 सूर्यास्त 6:05

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.6 न्यू | 17.2 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77860.19 |
| निफ्टी | 23559.95 |
| सोना | 86,510 |
| चांदी | 98,503 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 8 फरवरी 2025 | 26 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 41, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



ट्रंप ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर लगाए प्रतिबंध

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिख दंगे: सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला टला

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख दंगों के एक मामले में फैसला टाल दिय। अब इस मामले में कोर्ट 12 फरवरी को फैसला सुनाएगा। यह मामला एक नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है। सज्जन कुमार एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

### अमेरिकी में सेना का विमान क्रैश, 4 की मौत

वॉशिंगटन। फिलीपींस के मिंडानओ द्वीप पर अमेरिकी सेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गय। इस हादसे में विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक यूएस सर्विस मेंबर और तीन सिक्योरिटी कॉन्ट्रैक्टर शामिल थे। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने हादसे की पुष्टि की और कहा कि यह विमान फिलीपींस की सेन के अनुरोध पर खुफिया, निगरानी और (आईएसआर) सहायत दे रहा था।

### मुडा मामले में सिद्धारमैया को राहत, याचिका खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैय को बड़ी राहत देते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में सीबीआई से जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्न की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने सुनाया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 27 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### केजरीवाल को 15 करोड़ के दावे पर एसीबी का नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव मतगणना से पहले राजधानी में सियासी पारा गरमा गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके उम्मीदवारों से भाजपा संपर्क कर रही है और 16 प्रत्याशियों को 15-15 करोड़ रुपए लेकर भाजपा में शामिल होने के लिए कहा है। इसके बाद भाजपा ने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर शिकायत की। एलजी ने 'आप' के इन आरोपों की जांच के आदेश दिए। एसीबी इस मामले की जांच में जुट गई। एसीबी की एक टीम केजरीवाल के घर जा पहुंची और काफी देर बाद लौट गई।

### केंद्र से साइबर अपराधों संबंधी याचिका पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे 'नए युग' के साइबर अपराधों के खिलाफ एक जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा। मुख्य न्यायधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया और अगली सुनवाई 19 मार्च के लिए तय की।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिजली बोर्ड में पद समाप्त करने पर धरना-प्रदर्शन -पेज 2
- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर सुक्खू और प्रतिभा सिंह में तकरार -पेज 4
- आधी रात भड़की आग ने बेघर कर डाले तीन परिवार -पेज 6
- राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स से जल्द मिलेगी राहत: गडकरी -पेज 13
- विराट कोहली की चोट गंभीर नहीं दूसरे वनडे में वापसी करेंगे : गिल -पेज 14


खुशखबरी : आरबीआई के नए गवर्नर का देश को तोहफा, पांच साल बाद घटाया रेपो रेट

# अब सस्ता होगा होम और कार लोन, मासिक किस्त भी घटेगी

एजेंसी, मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत ब्याज दरों (रेपो रेट कट) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया।

रेपो दर घटने से मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आएगी। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में लिए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि समिति ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती पर सहमति जताई। इसके साथ, एमपीसी में अपने रुख को 'तटस्थ' बनाए रखने पर सहमति बनी है। मई, 2020 में भी कोविड 19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर करीब दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर थी। मल्होत्रा ने अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जबकि मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है। रेपो दर वह प्रमुख ब्याज है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इस दर का उपयोग करता है।



### होम लोन पर रेपो रेट घटने से क्या होगा असर

| | ब्याज दर | ईएमआई |
|---|---|---|
| वर्तमान में | 8.50 फीसदी | 43,391 रु. |
| रेपो रेट घटने पर | 8.25 फीसदी | 42,603 रु. |
| हर महीने बचत | | 788 रु. |
| हर साल बचत | | 9,456 रु. |

### क्या है रेपो रेट?

रेपो रेट वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को पैसा उधार देता है। रिजर्व बैंक कम दर पर पैसा उधार देगा, तो बैंक भी ग्राहकों को कम दर पर लोन मुहैया कराते हैं। इसमें होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन आदि शामिल हैं। रेपो रेट कम होने से मिडल क्लास को बड़ा फायदा होता है, क्योंकि इससे ईएमआई का बोझ कम हो जाता है। वहीं, दूसरी ओर बाजार में लिक्विडिटी भी बढ़ती है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी, तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है, तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है।

### समान मासिक किस्त (ईएमआई) क्या है?

ईएमआई यानी समान मासिक किस्त, एक ऐसी प्रक्रिय है, जिसमें आपको कुल लोन राशि को हर महीने किस्तों में चुकाने की सुविधा मिलती है। इसका मतलब है कि आप एक बार में बड़ा भुगतान करने के बजाय हर महीने एक निश्चित राशि चुकाते हैं। इससे आपके वित्तीय बोझ को कम करने में मदद मिलती है।

# कुल्लू में खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

## विजिलेंस टीम ने फूड सेफ्टी ऑफिसर और चपरासी को भी दबोचा

कमलेश वर्मा, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी एंड रेगुलेशन कुल्लू, फूड सेफ्टी ऑफिसर और चपरासी को 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम ने तीनों आरोपियों को फूड सेफ्टी ऑफिस कुल्लू के दफ्तर में दबोचा और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। विजिलेंस के अनुसार, असिस्टेंट कमिश्नर भविता टंडन ने एक शिकायत को दबाने के लिए पदम चंद नाम के एक होटल कारोबारी से 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

पदम चंद ने इसकी सूचना विजिलेंस को दी। इसके बाद विजिलेंस ने रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। विजिलेंस के बुने जाल के मुताबिक, शिकायतकर्ता पदम चंद शुक्रवार को 1 लाख 10 हजार रुपए लेकर फूड सेफ्टी एंड रेगुलेशन दफ्तर कुल्लू पहुंचा, तो वहां मौजूद भविता टंडन ने रिश्वत की रकम फूड सेफ्टी ऑफिसर पंकज को देने को कहा। पंकज ने यह पैसा दफ्तर में मौजूद चपरासी को देने के लिए कहा। पदम चंद ने जैसे ही 1.10 लाख रुपए चपरासी केशव राम को पकड़ाए। इसके बाद विजिलेंस ने रिश्वत के आरोप में असिस्टेंट कमिश्नर, फूड सेफ्टी ऑफिसर और चपरासी तीनों को हिरासत में लिया। विजिलेंस टीम ने चपरासी से 1 लाख 10 हजार रुपए बरामद किए। गौरतलब है कि यह महिला 2009 में भी रिश्वत लेते पकड़ी गई थी। (अनंत ज्ञान)



### नोटिस को दबाने के लिए मांगी थी रिश्वत

भविता टंडन ने शिकायतकर्ता से उसके होटल में गलत ब्रांड वले पपड़ और असुरक्षित खाना पकाने का तेल रखने के मामले में एक नोटिस जारी कर रखा था। इस नोटिस को दबाने के लिए भविता टंडन ने रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता को बीते साल 28 नवंबर को खाद्य और सुरक्षा और विनियमन अधिनियम, 2011 के तहत जारी नोटिस जारी किया था।

## पीएम मोदी 12 से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें अमेरिका आने का न्योता दिया है। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दी। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। मोदी फ्रांस की यात्रा खत्म करने के बाद 12 फरवरी की शाम को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। 14 फरवरी तक वॉशिंगटन में रहेंगे। पीएम इस दौरान अमेरिकी बिजनेसमैन और भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं।

## तीसा में खाई में गिरी कार, दो की मौत

तीसा। चंबा जिले के तीसा में शुक्रवार सुबह एक मारुति कार (एचपी 44 4291) खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत, जबकि एक महिला रूप से घायल हुई है। यह हादसा भलेड़ नाला के पास हुआ। मृतकों की पहचान चालक भूरी सिंह पुत्र टाशीराम कुठेड़ गांव, तहसील चुराह, रूपा देवी पत्नी अशोक कुमार कुठेड़ रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य घायल महिला को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस थाना तीसा के प्रभारी अशोक ने पुष्टि की है। शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

## सरकारी कर्मियों की भर्ती और सेवा शर्तें बिल को राज्यपाल की मंजूरी

अनंत ज्ञान, शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती और सेवा की शर्तें विधेयक 2024 को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है।

इससे प्रदेश के हजारों कर्मियों को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने यह विधेयक भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसे अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन विधेयक के अंग्रेजी पार्ट को राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। यह विधेयक राज्य में सरकारी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया और उनकी सेवा की शर्तों को नए सिरे से निर्धारित करता है। इसका उद्देश्य राज्य प्रशासन को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। दूसरी ओर विपक्ष इस बिल को लेकर पूर्व में काफी मुखर रहा है। भाजपा इस बिल को कर्मचारी विरोधी बताती है। इस बिल से अब सरकारी कर्मचारियों को अनुबंध अवधि की सीनियोरिटी और इन्क्रीमेंट नहीं मिलेगी। सीएम सुक्खू ने हाल ही में धर्मशाला में हुए शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में इस बिल को पेश किया था। चर्चा के बाद इसे पारित किया गया था और इसके बाद मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेज दिया था, जिस पर अब राज्यपाल ने इस बिल को मंजूरी दे दी है।

## सुक्खू सरकार का बड़ा व्यवस्था परिवर्तन बदला राजस्व विभाग के कर्मियों का कैडर

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने बड़ा व्यवस्था परिवर्तन किया है। सरकार ने राजस्व विभाग के तृतीय और चुतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का कैडर बदल दिया है और ऐसे में अब पटवारी और कानूनगो का पूरे प्रदेश में कहीं भी ट्रांसफर हो सकता है। इस मुद्दे पर बीते साल राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने प्रोटेस्ट भी किया था।

प्रदेश सरकार के राज्स्व विभाग के सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं। आदेश में लिखा कि सरकार ने राजस्व विभाग के कर्मियों का कैडर बदलने का फैसला लिया है। ड्राइवर, पटवारी, मिनिस्टिरियल स्टॉफ क्लास थ्री, चपरासी और क्लास फोर कर्मचारियों को अब स्टेड कैडर में गिना जाएगा, इससे पहले ये सभी कर्मचारी जिला कैडर में आते थे। (अनंत ज्ञान)

### बीते साल हुआ था बड़ा प्रोटेस्ट

हिमाचल प्रदेश में बीते साल सरकार ने इस संबंध में कोशिश की थी और जिला कैडर को स्टेट कैडर करना चाहा था, जिसके विरोध में राजस्व विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान अगस्त 2024 में करीब एक मह तक जिला कैडर के कर्मचारियों ने विरोध जताय था। हालांकि, तब इस मसले पर सरकार ने कोई फैसला नहीं लिय और पटवारी और कानूनगो संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांगड़ा के देहरा में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी मुलाकात की थी।

**क्यों कर रहे थे विरोध:** जिला काडर में प्रावधान है कि पटवारी और कानूनगो सहित चुतुर्थ और तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों की ट्रांसफर जिले से बाहर नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अब स्टेट कैडर में जाने के बाद अब हिमाचल के किसी भी कोने में इन कर्मचारियों की ट्रांसफर की जा सकती है। इसी बात पर ये कर्मचारी विरोध कर रहे थे।

## पोक्सो मामले में येदियुरप्पा को मिली अग्रिम जमानत

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की याचिका शुक्रवार को आंशिक रूप से स्वीकार कर ली, जबकि उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को वापस निचली अदालत के पास भेज दिया है।

अदालत ने भाजपा के वरिष्ठ नेता की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली। येदियुरप्पा (81) ने भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत अपने खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले को रद्द करने का अनुरोध किया था।

## धर्मशाला में तिब्बतियों के मताधिकार पर बड़ा विवाद

धर्मशाला। हिमाचल में तिब्बती शरणार्थियों के मताधिकार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दावा किया कि 1987 के बाद जन्मे तिब्बतियों को भी मतदान का अधिकार दिया गया है। यह बयान कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से विवादास्पद है। निर्वासित तिब्बती संसद के प्रतिनिधिमंडल के साथ शिमला में बैठक में पठानिया ने कहा कि निर्वासित तिब्बती पिछले 65 वर्षों से भारत में रह रहे हैं और धर्मशाला तिब्बती संघर्ष का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि इस कदम से तिब्बती भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में और अधिक एकीकृत होंगे। हालांकि, वास्तविक स्थिति इससे अलग है। भारत के चुनाव आयोग ने 2014 में स्पष्ट किया था कि केवल 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच जन्मे तिब्बतियों को ही भारतीय नागरिकता अधिनियम के तहत मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है।

**विधानसभा अध्यक्ष पठानिया का दावा, 65 साल से भारत में रह रहे**

## एनसीबी की बड़ी कार्रवाई ; नवी मुंबई में 200 करोड़ की ड्रग्स जब्त, चार गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने नवी मुंबई में छापेमारी कर 200 करोड़ रुपए कीमत की ड्रग्स जब्त की है। छापेमारी में 4.9 किलो गांजा, 11.540 किलो उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन और 5.5 किलो के 200 पैकेट कैनबिस गमी बरामद हुए हैं। एनसीबी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। एनसीबी मुंबई सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले नवी मुंबई में 200 ग्राम कोकीन की जब्ती के बाद इस मामले की छानबीन की जा रही थी।

इसी आधार पर एनसीबी ने 31 जनवरी को महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक छापे के दौरान उच्च श्रेणी की कोकीन, हाइड्रोपोनिक खरपतवार, भांग की गमियां समेत 1,60,000 की नकदी बरामद की थी। छानबीन में यहां बरामद ड्रग अंतरराष्ट्रीय कूरियर एजेंसी के जरिए विदेशों में भेजे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद नवी मुंबई में शुक्रवार छापेमारी की गई। नवी मुंबई में यह ड्रग रैकेट अमेरिका से कूरियर के माध्यम से चलाया जा रहा था। ड्रग नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है।



## बंगाल में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, चार की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में शुक्रवार को पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट से तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कल्याणी के रथतला के भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। फॉरेंसिक टीम के विशेषज्ञों ने घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारी ने कहा कि विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के बाद फैक्टरी में लगी आग पर करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया। मामले में जांच की जा रही है।

## महाकुंभ मेला के सेक्टर-18 में फिर लगी आग, 22 टेंट जले

एजेंसी, प्रयागराज

महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 में स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के शिविर में शुक्रवार सुबह आग लग गई, जिससे करीब 22 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस्कॉन के शिविर में सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। तत्काल कदम उठाते हुए दमकल केंद्र से 12 गाड़ियां रवाना की गईं और करीब आधा घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हवा तेज होने के कारण पास के अतुलेश्वर धाम और देवी संपत्ति के कुछ शिविर भी आग की चपेट में आ गए। शिविर में हर टेंट में एसी, ब्लोअर और हीटर लगे थे, संभवतः शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी। उन्होंने बताया कि हालांकि, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



**विडंबना** पवर्तमाला योजना के तहत केंद्रीय टीम ने हिमाचल में सरकार बनने से पहले विजिट कर सौंपी थी रिपोर्ट

# सरकार बदलते लटका लुहणू-बंदलाधार रोपवे प्रोजेक्ट

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर जिले में केंद्र सरकार की ओर से पर्वतमाला योजना के तहत जारी 150 करोड़ रुपए का लुहणू से बंदलाधार रोपवे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में पड़ गया है। केंद्रीय टीम ने विजिट कर फिजिबिलिटी, जमीन संबंधी व अन्य जरूरी पहलुओं को देखते हुए रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे केंद्र सरकार को सौंप दिया था, लेकिन सूबे में जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ प्रोजेक्ट की रफ्तार भी कम हो गई।

बिलासपुर शहर और बंदलाधार को एक साथ जोड़ने की योजना थी। इस योजना के तहत बिलासपुर जिले को पर्यटन की दृष्टि से काफी बढ़ावा मिलना था, लेकिन इस प्रोजेक्ट में आगे कार्य न होने की वजह से बिलासपुर जिले को काफी निराशा हाथ लगी है। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट में पर्वतमाला योजना में तीन किलोमीटर के इस रोपवे की शुरू करने की घोषणा की गई थी। रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी थी। इसके बाद बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। रोपवे के बनने से बिलासपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलना था। पहले बंदलाधार पहुंचने के लिए करीब 45 मिनट तक का समय लगता है, लेकिन रोपवे के बनने से बंदलाधार में महज 15 मिनट में पहुंच जाना था। बंदला के लिए सफर करने वाले लोगों को वर्तमान में करीब 16 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है। रोपवे बनने के बाद महज तीन किलोमीटर तक का ही सफर शेष रहना था। (अनंत ज्ञान)




इस परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार को भेज दी है। परियोजना को पर्वतमाला योजना के तहत लिय है। रिपोर्ट भेजने के बाद केंद्र की ओर से कोई भी रिस्पांस नहीं आय है, जैसे ही केंद्र की ओर से आदेश जारी होंगे, तो इस परियोजना के तहत कार्य शुरू कर दिय जाएगा।

-मुनीष साहनी, उपमहाप्रबंधक, रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन।

## जेएंडके: जवानों ने सात पाक घुसपैठिए मार गिराए

एजेंसी, जम्मू

भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू कश्मीर के कृष्णा घाटी इलाके में नियंत्रण रेखा पर सात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। इनमें अल बदर के आतंकवादी और पाकिस्तानी सेना के 3 जवान भी शामिल हैं। यह घुसपैठिए भारतीय चौकी पर हमला करने की कोशिश में थे। इन घुसपैठियों में अधिकतर का संबंध पाकिस्तान बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) से था।

इस बार सर्दियों में कम बर्फबारी हुई है, जिससे आतंकियों के आने जाने वाले पहाड़ी रास्ते खुले हुए हैं। इसे देखते हुए बलों और भारतीय सेना ने एलओसी और जम्मू कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना ने आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के आसपास बारूदी सुरंगें बिछाई हैं। इसके अलावा, रात में देखने वाले उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और सैनिकों की सतर्कता जम्मू कश्मीर में घुसपैठ रोकने की व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।



अल-बदर का कुख्यात आतंकी पाक सेना के 3 जवान भी शामिल

## दिल्ली विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आज

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम शनिवार को आ जाएगा, जिससे साथ सभी की धुकधुकी बंद हो जाएगी। इससे तय होगा कि आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सत्ता में आएगी या फिर 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा सरकार बनाएगी। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने के बाद कांग्रेस भी इस बार कुछ बढ़त की उम्मीद कर रही है। कई एग्जिट पोल ने भाजपा को आप पर बढ़त दिखाई है, जो 2015 से दिल्ली में सत्ता में है। मतगणना की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू होगी और शुरुआती रुझान शुरुआती घंटों से ही आने शुरू हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के लिए बुधवार को 60.54 फीसदी वोट पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### युवकों ने वनरक्षक को मारपीट की दी धमकी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सर्दियों के मौसम में शिकारी अपनी बंदूक लेकर जंगलों में शिकार कर रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को उखली बीट के वनरक्षक अभिलाष चंदेल गश्त पर थे तो जंगल में गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वनरक्षक अपने साथी के साथ जंगल में जांच के लिए तो जंगल में दो लड़के मिले, जिसमें एक के पास राइफल थी और दूसरे युवक के साथ 3 शिकारी कुत्ते थे। जब वनरक्षक ने इन दोनों लड़कों से पूछताछ करने की कोशिश की तो ये दोनों युवक मौका से भाग गए तथा मौका से भागते समय उपरोक्त लड़कों ने गाली-गलौज की व मारपीट करने की धमकियां भी दी। वनरक्षक ने अपने शिकायत पत्र में जंगली जानवर पर भी राइफल से फायर करने की शिकायत दर्ज करवाई है। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताय कि दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### डीसी ऑफिस में आंगतुकों को होगी सुखद अनुभूति

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। प्रतिदिन अपने जरूरी कार्यों के सिलसिले में उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में आने वाले आम लोगों को इस परिसर में प्रवेश करते ही एक अलग एवं सुखद अनुभूति होगी। हर समय आम जनता के लिए उपलब्ध रहने वाले उपायुक्त अमरजीत सिंह पूरे मिनी सचिवालय के परिसर की कायकल्प कर रहे हैं और इसमें आंगतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने भवन के बाहर जहां ओपन एयर जिम, चिल्ड्रन पार्क और बैडमिंटन कोर्ट इत्यादि का प्रावधान किया है, वहीं भवन के अंदर भी आम लोगों के लिए वेटिंग हॉल में जलपान और एलईडी की व्यवस्था की जा रही है। दीवारों को खूबसूरत पेंटिंग और फर्श को सुंदर गमलों एवं पौधों से सजाया जा रहा है। इस हॉल में आम लोगों को एलईडी पर सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधिमंडल भी इसी हॉल में उपायुक्त के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई खूबसूरत पेंटिंग को इस हाल की दीवारों पर लगा दिया गया है। ये पेंटिंग आंगतुकों को फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों के हुनर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से भी परिचित करवा रही हैं। दो दिन पहले ही लगाई गई ये पेंटिंग सभी का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

### भाषण प्रतियोगिता में समीक्षा रही अव्वल

अनंत ज्ञान, रंगस। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस में सड़क सुरक्षा गतिविधि के अंतर्गत शुक्रवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समीक्षा ने प्रथम, रुबिया ने द्वितीय और कार्तिक राजू एवं राधिका ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व प्रातःकालीन सभा में सड़क सुरक्षा के संबंध में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शपथ ली। उन्होंने यह प्रण लिया कि वह सड़क सुरक्षा हेतु नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे तथा औरों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे। नोडल अधिकारी कुलवीर ठाकुर ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### शोभायात्रा से किया विशाल दंगल का शुभारंभ

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के हनुमान मंदिर धरोड़ में महावीर दंगल कमेटी बड़ा द्वारा शोभायात्रा निकालकर विशाल दंगल का शुभारंभ किया गया। यह शोभायात्रा दंगल के मूल स्थल अंदारा से होती हुए कस्बा बड़ा से अखाड़ा स्थल तक ढोल-नगाड़ों के साथ हनुमान मंदिर धरोड़ में अखाड़ा स्थल तक पहुंची। इस शोभायात्रा में महावीर दंगल कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। कमेटी के प्रधान सुदर्शन कुमार जरियाल एवं सचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि इस बार दंगल में पहलवानों को लगभग 5 लाख के इनाम वितरित किये जाएंगे। इसमें विजेता को 51000 माली एवं गुरज तथा उपविजेता को 41000 की सम्मानित राशि एवं गागर देकर सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 'मां ही पहली शिक्षक' कार्यक्रम का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, बड़ा। हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान और एससीईआरटी सोलन ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इस पहल के तहत माताओं को पहली शिक्षिका बनाया जा रहा है। इस पहल के तहत आज हमीरपुर जिले में माताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हमीरपुर, भोरंज एवं बिझड़ में किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य माताओं को घर में बच्चों की शिक्षा देने के लिए तैयार करना है। यह पहल पूरे हिमाचल प्रदेश में शुरू की गई है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस पहल से माताओं को अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा और वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो पाएंगे। आज हमीरपुर कार्यशाला में 55, भोरंज में 50 और बिझड़ में 41 माताओं ने भाग लिया। माताओं के साथ विभिन्न डेवलपमेंटल गोल्स पर जैसे कि शारीरिक विकास, भाषीय विकास, बौद्धिक विकास सामाजिक एवं भावनात्मक विकास और रचनात्मक विकास पर बात की गई और इससे संबंधित गतिविधियां माताओं से करवाई गईं। कार्यशाला के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी हमीरपुर, सुमन कुमारी, स्रोत समन्वयक रजनीश कुमार, राकेश कुमार और प्रथम से प्रतिमा शर्मा उपस्थित रहे।

### पार्टी के एक्टिव कार्यकर्ता बनेंगे पदाधिकारी : राकेश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल को हमीरपुर जिले के सभी मंडलों की कार्यकारणी के विस्तार के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस कारण बिहारी लाल दो दिवसीय हमीरपुर जिला के प्रवास पर होंगे तथा 9 और 10 फरवरी को हमीरपुर जिले के सभी 10 मंडलों में प्रवास कर प्रदेश भाजपा द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत मंडलों के 45 सदस्यीय टीमों की सूची तैयार करेंगे, जिनके साथ खुद जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा 9 फरवरी को बड़सर, भोरंज, हमीरपुर, तीनों विधानसभा क्षेत्र के 6 मंडलों की बैठक होगी और 10 फरवरी को सुजानपुर और नादौन के चार मंडलों की बैठक होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बार सभी मंडलों को निर्देश दिए गए हैं की कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त कुल 45 सदस्य होंगे जिसमें जारी गाइडलाइन में 15 महिलाएं और तीन सदस्य अनुसूचित जाति-जनजाति से रहेंगे। इस तरह मंडल के पदाधिकारियों की सूची में पांच महिलाएं और एक अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग से लिया जाना अनिवार्य है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि उन्होंने सभी मंडलों में निर्देश दे दिए हैं कि सभी जो गाइडलाइन दी गई हैं, उसके अनुरूप ही सूची बनाई जाए, साथ उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि पदाधिकारी में उन्हीं लोगों को स्थान दिया जाए जो पार्टी के लिए समय दे सकते हों और पूर्व में उन्होंने पार्टी हित के लिए कार्य किए हों।

# डांग क्वाली में बनेगा नया सब-स्टेशन, शहर को मिलेगी सहूलियत : आशीष

हमीरपुर शहर में बिजली लाइनों की व्यवस्था को अंडरग्राउंड करने का मामला हो या फिर नए ट्रांसफार्मर स्थापित करने का, कई ऐसी समस्याएं हैं जिनका स्थायी हल निकालने के लिए शहरवासी बार-बार मांग उठ चुके हैं। अब बिजली बोर्ड के अधिकारी इस दिशा में योजना भी बना चुके हैं। एक बड़ी योजना को बहुत जल्द हरी झंडी मिलने की उम्मीद है, जबकि दूसरी योजना एक महीने के अंदर शुरू हो जाएगी। हमीरपुर के अणू में स्थित बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता **आशीष कपूर** से इस बाबत लंबी बातचीत की गई। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-




बिजली बोर्ड हमीरपुर के अधीक्षण अभियंता से
**विशेष बातचीत**

*सवाल : अंडरग्राउंड केबल डालने की 20 करोड़ की योजना का क्या स्टेट्स है अभी तक?*

जवाब : प्रपोजल बनाकर उच्च स्तर के लिए भेजी गई थी उसकी अप्रूवल का इंतजार है। जैसे ही अप्रूवल मिलेगी इस शहर के आधे हिस्से में इस पर काम शुरू होगा। गांधी चौक से सब्जी मंडी तक इस अंडरग्राउंड केबल को बिछाने की योजना तैयार की गई है। गलियों में तो इसे बिछाया नहीं जा सकता, क्योंकि स्पेस की कमी है।

*सवाल : कितना फायदा होगा शहर वासियों को इस योजना से?*

जवाब : अंडरग्राउंड केबल से कितना फायदा होगा, अभी तो कुछ ज्यादा कहा नहीं जा सकता, लेकिन इस शहर का विकास योजनाबद्ध हुआ नहीं है। इसलिए शायद इतना ज्यादा फायदा नहीं हो सकता, क्योंकि केबल कहां से डालनी है, शहर में पहले ही बहुत सारी केबल लाइनें हैं और सीवरेज लाइन भी पड़ी हुई है। थोड़े हिस्से में डाली जाएगी।

*सवाल : शहर की बिजली व्यवस्था को कैसे मजबूत करेंगे यहां बहुत सारी दिक्कतें हैं ?*

जवाब : वर्ल्ड बैंक की योजना के तहत हमीरपुर शहर में अलग तरह से काम शुरू होने वाला है। इस योजना को तकरीबन एक महीने के भीतर चालू कर दिया जाएगा। यह योजना आरएसएसएस के तहत है, जिसमें स्मार्ट मीटर भी लगेंगे। नई एलटी लाइन भी निकलेगी। ट्रांसफार्मर भी स्थापित होंगे व अपग्रेड भी होंगे, सिंगल फेस को डबल और थ्री फेस में तब्दील किया जाएगा। शहरवासियों की काफी दिक्कतें इससे दूर होंगी। समस्या यही है कि इसमें लोगों के सहयोग की जरूरत है, वे ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली के पोल स्थापित करने के लिए जगह दें।

*सवाल : किस-किस विभाग से बिजली के बिलों की बड़ी रिकवरी नहीं हो पा रही या फिर पेंडिंग है?*

जवाब : सबसे ज्यादा 12 करोड़ की रिकवरी जल शक्ति विभाग से की जानी है। पिछले दो-तीन महीनों से यह बिल जमा नहीं करवा रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के नए कैंपस से भी तकरीबन 3 करोड़ की रिकवरी की जानी है। उनके बिल भी पेंडिंग हैं क्योंकि नए परिसर में सब-स्टेशन भी बनाया गया है, कंजंप्शन शुरू हो चुकी है।

*सवाल : क्या कोई नए सब-स्टेशन की जरूरत हमीरपुर शहर के लिए है?*

जवाब : बिलकुल है, इस योजना पर काम शुरू हो चुका है। 'डांग कवाली' में 33/11 केवी का गीआईएस सब-स्टेशन स्थापित होगा। इसमें 20 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे। यह योजना भी वर्ल्ड बैंक की ही है। इसी के तहत शहर में और ट्रांसफार्मर भी रखे जाएंगे। इससे काफी राहत मिलेगी।

*सवाल : कितने उपभोक्ता हैं और फील्ड स्टाफ की कमी बोर्ड के अधिकारियों के लिए कितनी समस्या है?*

जवाब : 2.10 लाख उपभोक्ता हैं। 1000 फील्ड स्टाफ के पद हैं। इनमें तकरीबन 600 खाली हैं। इसलिए कुछ दिक्कत तो है। मगर फिर भी मौजूदा स्टाफ से जैसे तैसे व्यवस्था बनाई हुई है। किसी को ऐसी शिकायत का मौका नहीं दिया जाता कि लाइट दूसरे दिन तक बंद रहे। थोड़ी बहुत देरी हो सकती है, लेकिन व्यवस्था को बनाया गया है।

# डिडवीं टिक्कर में फिर खराब हुई बस धक्का मारने को मजबूर हुईं सवारियां

## एचआरटीसी बसों की मेंटेनेंस की लापरवाही से यात्रियों को हो रही बार-बार परेशानी

रवि ठाकुर, हमीरपुर



हमीरपुर से रैली जजरी जा रही एचआरटीसी की बस डिडवीं टिक्कर बाजार में अचानक खराब हो गई। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मजबूरन यात्रियों ने खुद बस को धक्का मारकर सड़क से हटाया।

यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि इस रूट पर चलने वाली बस आए दिन खराब हो जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। यात्रियों ने एचआरटीसी प्रशासन से मांग की है कि बसों का मेंटेनेंस सही तरीके से किया जाए ताकि ऐसी समस्याओं से राहत मिल सके। स्थानीय लोग और यात्री इस समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानियों से बचा जा सके। एचआरटीसी प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाने की जरूरत है।

इस समस्या के बारे में एचटीसी डिपो हमीरपुर के डीएम राजकुमार ने बताया कि वर्कशॉप से सभी बसों को चेकिंग करके ही रूट पर भेजा जाता है, ताकि यात्रियों को किसी भी सुविधा का सामना न करना पड़े। हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि यात्रियों को निगम की तरफ से बेहतर सुविधाएं दी जाएं। (अनंत ज्ञान)

### शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समस्या का समाधान

**हमीरपुर** से रैली जजरी के बीच चलने वाली यह बस इलाके के लोगों के लिए सफर का एकमात्र साधन है। गुरुवार शाम करीब 6:15 बजे जब बस डिडवीं टिक्कर बाजार पहुंची तो अचानक बंद हो गई। इससे सड़क के एक ओर जाम की स्थिति पैदा हो गई। यात्रियों ने काफी इंतजार किया, लेकिन जब बस दोबारा स्टार्ट नहीं हुई, तो वे खुद ही इसे धक्का मारकर किनारे करने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। यह बस आए दिन खराब हो जाती है, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### एचआरटीसी प्रशासन से उचित रखरखाव की उठी मांग

**क्षेत्र** के यात्रियों ने एचआरटीसी प्रबंधन से मांग की है कि इस रूट की बसों की समय-समय पर उचित जांच और मरम्मत की जाए। मेंटिनेंस में हो रही लापरवाही के कारण यात्रियों को हर बार परेशान होना पड़ता है। कई बार तो यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा।

## हिम अकादमी स्कूल में भावपूर्ण आशीर्वाद समारोह आयोजित




अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भव्य आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की शुरुआत तिलक समारोह से हुई, जिसमें छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय चेयर पर्सन प्रोफेसर आरसी लखनपाल एवं वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष कमल सिंह, समन्वयिका कंचन लखनपाल, मनीषा मारवाह, विनिता गुप्ता, बिंदु शर्मा एवं इवेंट मैनेजर सीमा देवी और 12वीं कक्षा के अध्यापक भी समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र परिषद के सदस्यों ने किया। इसके पश्चात, एनसीसी कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथियों, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का गरिमामयी स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष बना दिया। विद्यालय की अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक आशीर्वचन प्रदान किए।

## ननावां गांव में हुई चोरी को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान, जाते-जाते चोरों ने चढ़ाए रुपए

एसके ठाकुर, बड़सर

बड़सर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा वारदात में शातिरों ने 60 लाख के गहनों पर हाथ साफकर लिया है। पीड़ित ननावां गांव के संतोष सिंह ने बताया की वह 31 तारीख को महाकुंभ के लिए घर से रवाना हुए थे और जब 5 तारीख को वापस घर लौटे तो उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया। इसकी सूचना 5 तारीख को करीब 9.30 बजे उन्होंने पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर आकर छानबीन की है और ये क्यास लगाए जा रहे हैं कि 31 और 5 तारीख के बीच इस चोरी को अंजाम दिया गया है। जानकारी मिली है कि शातिर चोर चोरी करने के उपरांत मुख्य गेट पर कोई दूसरा ताला लगा गए थे। जिस पिछले रास्ते से वह घर में घुसे थे, वह खुला था। हैरानी की बात है कि चोरी करने के उपरांत चोर जाते जाते घर में बने मंदिर में 500 रुपए चढ़ाकर गए हैं। पीड़ित व्यक्ति के अनुसार उन्होंने गोदरेज की अलमारी में दामाद, बेटी और अपने लगभग 7 तोले गहने रखे थे जिसे चोर चुरा कर ले गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### नाबालिग प्रवासी लड़की लापता

अनंत ज्ञान, बड़सर। बड़सर क्षेत्र में बाहरी राज्य निवासी जो कि 12 सालों से बिझाड़ी (धंगोटा) में रहते हैं, उसने बड़सर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी आयु करीब 16 वर्ष है वीरवार को दिन के समय बिना बताए कहीं चली गई है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपनी बेटी की तलाश व पूछताछ अपने नजदीक सभी जगहों पर की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि प्रवासी नाबालिक लड़की की लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद छानबीन शुरू कर दी है।

### शिमला ने पहली पारी में बनाए 554 रन

अनंत ज्ञान, नादौन। अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन की तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शिमला व सिरमौर की टीम के बीच खेली जा रही है। शिमला की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दूसरे दिन 461 रन से आगे खेलते हुए 102.4 ओवर में 554 रन बनाकर विरोधी टीम के लिए विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि सिरमौर की टीम ने पहली पारी खेलते हुए दूसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 67 ओवर में 7 विकेट खोकर 224 रन बनाए हैं। बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 76, प्रशांत तोमर ने 43 रन बनाए। शिमला की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक डागर ने 3, जबकि योगदीप सिंह व नमन वर्मा ने 2 2 विकेट लिए।

## एचआरटीसी पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त संघर्ष समिति का किया गठन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक चालक प्रशिक्षण केंद्र, बस स्टैंड हमीरपुर में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए एचआरटीसी पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के गठन की घोषणा की गई। इसमें 22 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें राजेंद्र ठाकुर को सचिव और ब्रज लाल ठाकुर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त संघर्ष समिति के गठन का स्वागत किया और शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बलदेव, रघुनाथ, रामलाल, कुलवंत, सुखदेव, पवन, आज्ञा राम, नंदलाल सहित लगभग 90 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं को हल करने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।



हमीरपुर में बैठक में 22 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी बनाई गई।

### समस्याओं के समाधान के लिए होगा एकजुट संघर्ष

अजमेर ठाकुर ने बैठक में बताया कि अब पेंशनरों को अपनी समस्याओं को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कल्याण मंच और कल्याण संगठन ने मिलकर संघर्ष का रास्ता चुना है। यह समिति सरकार और प्रबंधन को जल्द ही मांग पत्र सौंपेगी और बजट से पहले वार्ता के लिए आग्रह करेगी। उन्होंने बताया कि 65-70-75 वर्ष के 5-10-15 प्रतिशत पेंशन भत्ते से जुड़े मामलों में से करीब 1500 पेंशनरों को इसका लाभ मिल चुका है और बाकी पेंशनरों को जनवरी पेड फरवरी में भुगतान किया जाएगा।

# मकानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर मिलेगी 85 हजार तक की सब्सिडी

## डीसी ने की पीएनबी की ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



हमीरपुर में डीसी ने किया पीएनबी के हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का शुभारंभ।

बस स्टैंड के पास पंजाब नेशनल बैंक के दो दिवसीय हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का शुक्रवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शुभारंभ किया। एक्सपो के आयोजन के लिए पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इससे आम लोग अपने मकानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु सूर्या घर ऋण योजना के तहत 7 प्रतिशत दर पर ऋण और 85 हजार रुपए तक सब्सिडी की सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित होंगे। इसी प्रकार, हाउसिंग लोन के मामले भी तुरंत स्वीकृत होंगे।

उपायुक्त ने बताया कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले हमीरपुर जिले के 6 राजस्व गांवों को सूर्या घर योजना के तहत एक एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा जिले में घरों की छतों पर सूर्या घर योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लगभग 600 मामलों को मंजूरी प्रदान की गई है। उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि इसके तहत हिमाचल में अधिकतम 85 हजार रुपए तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इतनी सब्सिडी किसी अन्य राज्य में नहीं है। इस अवसर पर उपायुक्त ने मौके पर ही मंजूर किए गए हाउसिंग लोन और सूर्या घर ऋण योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इनमें विजय कुमार को एक करोड़ और सोनिया गुप्ता को 50 लाख रुपए का हाउसिंग लोन मंजूर किया। इनके अलावा हेमराज शर्मा, विजय वर्मा और अन्य लाभार्थियों को भी ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इससे पहले पीएनबी मुख्यालय के एजीएम एम नंदा कुमार और बैंक के सर्कल कार्यालय के उपप्रमुख किशोर बाबू ने उपायुक्त का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल और बैंक के अन्य अधिकारियों ने लोगों को ऋण योजनाओं से अवगत करवाया तथा इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाली कंपनियों के अधिकारियों ने भी लोगों का मार्गदर्शन किया। आज शनिवार को भी आम लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा मौके पर ही ऋण के मामले मंजूर किए जाएंगे।

**रोष** बिजली बोर्ड संयुक्त संघर्ष समिति की 11 को होगी महापंचायत

# बिजली बोर्ड में पद समाप्त करने पर धरना-प्रदर्शन

अनिल कुमार, हमीरपुर



हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स, पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स, पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर दो से चार बजे तक पूरे प्रदेशभर में काम का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में शुक्रवार को हमीरपुर में अणू व मट्टनसिद्ध, सुजानपुर, बड़सर, भोरंज और नादौन में भी इंप्लाइज, इंजीनियर्स व पेंशनर्स ने प्रदर्शन किया। इसमें मुख्यतः जिला संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा, डिप्लोमा इंजीनियर्स से मनोहर लाल बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम से कुलदीप सिंह खरवाड़ा व विजय शर्मा, पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन से ई. अशोक शर्मा, अश्वनी कतना मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

सभी प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार से युक्तिकरण व केंद्रीयकरण के नाम पर शुरू की गई पद समाप्ति की मुहिम को एकतरफा करार देते हुए बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा प्रदेश सरकार को गलत जानकारियां देकर बिजली बोर्ड लिमिटेड को तहस नहस करने का काम किया जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश भर में सभी कर्मचारियों व पेंशनर्स में भारी आक्रोश व्याप्त है। संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों व पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हम प्रदेश सरकार के समक्ष अपना पक्ष रखकर बिजली बोर्ड लिमिटिड की सही तस्वीर पेश करना चाहते हैं।

सरकार हमारी बात सुनने के लिए बैठक बुलाए ताकि बिगड़ती हुई स्थिति पर विराम लग सके। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड की आर्थिक स्थिति के पीछे जो भी कारण हैं, उनको समझना पड़ेगा और उसी दिशा में काम करने पर करने से बिजली बोर्ड में सुधार होगा। युक्तिकरण के नाम पर पदों को समाप्त करने से किसी किस्म का सुधार नहीं हो सकता, उल्टा बिजली बोर्ड लिमिटेड की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को हमीरपुर में महापंचायत आयोजित की जा रही है, उसमें सभी कर्मचारी व अधिकारी प्रदेश सरकार के विरुद्ध रोष प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड लिमिटिड में नई भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र शुरू करने, स्मार्ट मीटरिंग जैसी योजनाओं को बंद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार अतिशीघ्र बातचीत के दरवाजे खोले ताकि गंभीर मसलों का समाधान आपसी बातचीत के माध्यम से हो सके। उन्होंने बिजली बोर्ड लिमिटिड में पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि इससे बिजली बोर्ड लिमिटिड की आर्थिक स्थिति पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा, हम पहले भी तथ्यों सहित प्रदेश सरकार व बिजली बोर्ड लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग को अवगत करवा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड में पिछले कई वर्षों से रिक्त पदों को भरने में प्रदेश सरकार नाकाम रही है। इससे बिजली बोर्ड के कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ आए दिन बढ़ रहा है, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं। इसलिए प्रदेश सरकार बिजली बोर्ड की दशा को सुधारने के लिए शीघ्र कदम उठाए। (अनंत ज्ञान)

### जंगल में योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बीड़ बगेहड़ा एवं नाबार्ड के सौजन्य से प्रायोजित वितीय साक्षरता शिविर एवं सक्रिय बचत आयोजन और बजट निर्माण पर एक कार्यशाला जंगल गांव में हुई। शिविर में लगभग एक सौ लोगों ने भाग लिया। शिविर में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हितेंद्र ठाकुर ने लोगों को कहा कि सही वित्तय बर्ताव करें, उसी से आपका बचाव है। उन्होंने कैशलैस लेन देन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह ऋण योजना एवम बैंक की डिजिटल वित्तय सेवाओं का उपयोग व बैंक जमा व ऋण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपना एटीएम पिन कभी भी किसी के साथ साझा न करें। शाखा प्रबंधक ने बैंक की अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर अमर सिंह राणा प्रधान सहकारी समिति जंगल, सत्य प्रकाश उपप्रधान, प्रदीप कुमार बैंक डेलिगेट व सचिव, राजकुमार, सुरेश, विरेंद्र, जरनैल, राजेंद्र, अनिल, सुलोचना, संध्या, रंजना व बैंक कर्मचारी सोमदत्त, राजेश, चैकन्या, कल्पना व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 50 होनहार करेंगे सिंगापुर-कंबोडिया की सैर

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने एक्सपोजर विजिट पर भेजे सरकारी स्कूलों के टॉपर

रविंद्र जस्टा, शिमला

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेजा गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज अपने आधिकारिक आवास से 50 मेधावी विद्यार्थियों के दल को 11 दिवसीय शैक्षणिक अध्ययन के लिए कंबोडिया और सिंगापुर के लिए रवाना किया। ये बच्चे 17 फरवरी को वापस देश लौटेंगे।

प्रदेश के ये होनहार विद्यार्थी इन दोनों देशों में न केवल ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण करेंगे, बल्कि वहां की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों, वास्तुकला, विज्ञान और तकनीकी विकास को भी जान पाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को टेबलेट और किट भी वितरित की।

उन्होंने बच्चों से पूछा दिल्ली पहली बार कौन जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं मैं कॉलेज में था, तो पहली बार दिल्ली गया था। सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा 'बच्चे देश का भविष्य हैं। आपके सपने आपकी शिक्षा और आपका ज्ञान ही भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाएगा।' उन्होंने कहा कि यह



केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सीखने के साथ साथ दुनिया को एक नए नजरिए से देखने का सुनहरा अवसर है। यह यात्रा न केवल बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाला नागरिक भी बनाएगी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 100 मेधावी बच्चों के साथ साथ अनाथ बच्चों को विदेश भ्रमण पर भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है और 27 वर्ष तक उनकी पढ़ाई और देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार का कानूनी दायित्व है। दिसंबर में 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को गोवा भ्रमण के लिए भेजा गया था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के संसाधनों पर सभी वर्गों का एक समान अधिकार है और राज्य सरकार सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में सुधार लाने के लिए पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम शुरू किया है। इसके अतिरिक्त 'राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल' का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कर रही है। आने वाले बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं आएंगी।

उन्होंने कहा कि मैं आपकी ही तरह सरकारी स्कूल से पढ़कर निकला हूं। आप अपनी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार से वर्तमान राज्य सरकार को चरमराई हुई अर्थव्यवस्था के साथ साथ बदहाल शिक्षा व्यवस्था भी विरासत में मिली है। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार सुधार के लिए कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार अपने कार्यकाल में शिक्षा का 60 प्रतिशत बजट भी खर्च नहीं कर पा रही थी, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने दो वर्षों में 95 प्रतिशत से अधिक बजट खर्च कर रही है। शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार खाली पदों को भर रही है। अब तक 3000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती बैचवाइज की जा चुकी है और अन्य पद हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक कोई भी स्कूल बिना अध्यापक के नहीं रहेगा। इस अवसर पर महापौर शिमला सुरेंद्र चौहान, पूर्व सीपीएस सोहन सिंह ठाकुर, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा, निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत सिंह, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा आशीष कोहली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### 200 अध्यापक भी भेजे थे सिंगापुर के लिए

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए, राज्य सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं। यह फैसले आने वाले समय में प्रदेश में स्कूली और उच्च शिक्षा को नई दिशा देंगे। वर्तमान राज्य सरकार पिछली भाजपा सरकार की तरह नए संस्थान खोलने की बजाय उनमें सुविधाएं जुटाने के प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने 200 शिक्षकों को सिंगापुर की एक्सपोजर विजिट पर भी भेजा था, ताकि दुनिया की बेस्ट टीचिंग प्रेक्टिस को हिमाचल में लागू किया जा सके। राज्य सरकार शिक्षकों को देश के बेस्ट शिक्षण संस्थानों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए कदम उठा रही है, ताकि शिक्षा व्यवस्था को सुधारा जा सके।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ने संभाला कार्यभार

## सुक्खू बोले-मैं भी छात्र राजनीति से निकलकर बना सीएम

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को अपना पदभार राजीव भवन में संभाल लिया, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी छात्र राजनीति से निकलकर सीएम की कुर्सी पर पहुंचा हूं। 27 वर्ष पहले मैं युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बना था, उस समय में नगर निगम शिमला का पार्षद भी था। उन्होंने कहा कि बहुत से युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विधायक बने और आज चार मंत्री और 10 12 विधायक युवा कांग्रेस की राजनीति से निकले हैं, जिन्होंने मेरे साथ छात्र राजनीति से काम किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव की जिस प्रक्रिया को अपनाया, उसी से विक्रमादित्य सिंह और छतर सिंह से युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश की राजनीति को समझने का मौका देता है। राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगे बढ़ रही है, जिसमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा कांग्रेस में आपकी नई पारी की शुरुआत हुई है और वह अपनी मांगें राज्य सरकार के सामने उठाएं। कांग्रेस की सरकार ही युवाओं की भावनाओं को समझती है। राज्य सरकार सरकारी क्षेत्र में 25 हजार नौकरियां देने जा रही है। 2061 वन मित्रों की भर्ती पूरी हो चुकी है और पुलिस की भर्ती मंडी से शुरू हो चुकी है।



कहा- सरकार सरकारी क्षेत्र में देगी 25 हजार नौकरियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ना है, इसलिए राज्य सरकार स्टार्टअप के लिए कई योजनाएं ला रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सरकार की नीतियों और उपलब्धियों का अध्ययन करें, क्योंकि यह आम लोगों से जुड़ी हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भारतीयों को हथकड़ी लगाकर डिपोर्ट करने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए जुटें।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु छिब ने कहा कि युवा कांग्रेस का चुनाव एक मंच प्रदान करता है, लेकिन अब संगठन का काम और सरकार की नीतियों तक पहुंचाना अब आपकी जिम्मेदारी है। जो पार्टी का काम करेगा, उसे पार्टी में उतना मान-सम्मान मिलेगा।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस बार पारदर्शिता के माध्यम से युवा कांग्रेस के चुनाव हुए हैं, जिसके लिए सभी को बधाई है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी चुनकर आए हैं, इसलिए उनके कंधों पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी है। छतर सिंह ने कहा कि संगठन ने उन्हें अध्यक्ष पद पर काम करने का मौका मिला, जिसके लिए उन्होंने सभी वोटरों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस आने वाले समय में नशे के खिलाफ, पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मुहिम छेड़ेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 8.46 ग्राम चिट्टे संग युवक गिरफ्तार

अभिषेक, जोगिंद्रनगर। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत पुलिस चौकी घट्टा की टीम ने वीरवार देर शाम नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.46 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अजय पाल सिंह पुत्र रोशन लाल, निवासी सगनेहड़ हार (उपमंडल जोगिंद्रनगर) के रूप में हुई है। पुलिस चौकी घट्टा चौंतड़ा की टीम चौकी प्रभारी एएसआई संजीव जंवाल के नेतृत्व में नियमित गश्त पर थी। पुलिस टीम ने मंडी-कांगड़ा सीमा पर घट्टा के समीप रूटीन नाका लगाय था। इसी दौरान बैजनाथ की ओर से पैदल आ रहे एक युवक की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 8.46 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियन के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताय कि अरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे नशा तस्करों के नेटवर्क से जुड़ी और जानकारी मिलने की उम्मीद है।



### बड़सर में व्यक्ति से 317 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, बड़सर। पुलिस थाना बड़सर के तहत पुलिस टीम यातयात चेकिंग गलोड़ क्षेत्र में कर रही थी तो गुप्त सूचना के आधार पर विरेंद्र सिंह उर्फ अंकु पुत्र स्व विक्रम सिंह गांव गलोड़ खास के कब्जे से 317 ग्राम चरस बरामद की गई। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### युवक से 2.44 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सदर थाना हमीरपुर के तहत पुलिस टीम ने एक युवक से 2.44 ग्राम चिट्टा बरामद किय है। वीरवार को पुलिस टीम गश्त पर थी तो गांव बाड़ी किंगरी नमक स्थान सड़क पर अखिल सांगल पुत्र चमन लाल गांव झगड़ियाणी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 2.44 ग्राम हेरोइन-चिट्टा बरामद किया गया। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताय कि युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रदेश में भुगतान बंद, काम बंद, सिर्फ सरकार का चल रहा झूठ: जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार में विकास के सारे काम बंद हैं, जनहित के सारे काम बंद हैं, प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की पेमेंट बंद है, इस समय प्रदेश में सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों का झूठ चल रहा है। प्रदेश में जो भी समस्याएं हैं, लोगों को जो भी असुविधा हो रही है। प्रभावितों और विपक्ष द्वारा उसके विरुद्ध आवाज उठाई जा रही है, लेकिन सरकार में बैठे लोग उसे खारिज कर दे रहे हैं।

प्रदेश की सभी समस्याओं का सरकार के पास एकमात्र इलाज है सरकार का झूठ कि प्रदेश में सब कुछ सही चल रहा है, 'ऑल इज वेल' है। विपक्ष और प्रदेश के लोग झूठ बोल रहे हैं। जयराम ने कहा कि सुख की सरकार में व्यवस्था परिवर्तन के नमूनों की भरमार है। पेमेंट नहीं होने की वजह से हिमाचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले मेडिकल डिवाइसेज पार्क का काम एक महीने से रुका हुआ है। यह खबर अखबारों में प्रमुखता से छपी है। सरकार इसमें भी किसी और को भी दोष दे सकती है।



झूठे प्रवचन से नहीं सच्चे प्रबंधन से चलती है सरकार

उन्होंने कहा कि मेडिकल डिवाइस पार्क हमारी सरकार का एक सपना था। जिसे हासिल करने में हमने जी जान लगाई थी। सभी राज्य इसे हासिल करना चाहते थे, लेकिन हमारी तैयारी की वजह से हमारी जीत हुई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाला मेडिकल डिवाइसेज पार्क अपनी तकदीर को रो रहा है और सुक्खू सरकार के 2 साल से इसकी तस्वीर बदलने के लिए कुछ भी नहीं कर रही है।

इसी तरह के तीन अन्य प्रोजेक्ट अन्य राज्यों को भी मिले थे। मध्य प्रदेश में बन रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क में 36 से ज्यादा कंपनियों को भूमि का आवंटन भी हो गया है, लेकिन हिमाचल में अभी निर्माण का आधा काम भी नहीं हो पाया है, जबकि मार्च 2025 परियोजना पूरी होने का लक्ष्य रखा गया था।

जयराम ने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की बात करते हुए बड़े बड़े भाषण देती है, लेकिन प्रश्न यह है कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाले प्रोजेक्ट को लटका कर हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर कैसे बनेगा? सरकार झूठे प्रवचन से नहीं सच्चे प्रबंधन से चलती है, इसलिए मुख्यमंत्री महोदय से मेरा आग्रह है वह झूठे प्रवचन के बजाय सच्चे प्रबंधन पर ध्यान दें और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करें।

# बजट में सीतारमण ने रखा हिमाचल के रेलवे स्टेशनों का ध्यान : इंदु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और उन्हें केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए उदार धनराशि आबंटित करने के लिए आभार प्रकट किया।

उन्होंने केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं के बजट में बढ़ोतरी, बैजनाथ पपरोला पपरोला सहित चार रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन विकसित करने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान, हिमाचल के पर्यटक स्थलों को चैलेंज मोड से विकसित करने और हिमाचल के बौद्ध स्थलों में विश्व स्तरीय ढांचागत सुविधाएं विकसित करने, जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया।



हिमाचल प्रदेश के लिए उदार धनराशि देने पर सांसद ने जताया आभार

उन्होंने कहा की मछली पालन योजना को प्रोत्साहन से राज्य के जलाशयों में विद्यमान मछली के दोहन के अतिरिक्त इन जलशयों को पर्यटक स्थलों के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिल में हिमाचल प्रदेश के लिए अटूट प्यार है और हिमाचल की विकास परियोजनाओं को पर्याप्त धनराशि प्रदान की गई है और राज्य के विकास के लिए धन की कमी कभी बाधा नहीं बनेगी।

# छात्र संसद कांक्लेव कार्यक्रम में भाग लेने पुणे पहुंचे कुलदीप पठानिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया महाराष्ट्र के पुणे शहर में एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 14वें अखिल भारतीय छात्र संसद सम्मेलन तथा प्रथम बार नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पुणे शहर पहुच गए हैं।



गौरतलब है कि पठानिया 8 फरवरी को महाराष्ट्र प्रौद्योगिकी संस्थान विश्व शांति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14वें अखिल भारतीय छात्र संसद सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा सत्र का संचालन करेंगे। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों छात्र भाग ले रहे हैं। कुलदीप पठानिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर छात्रों को संबोधित भी करेंगे। 8 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष वाम, दक्षिण या अदृश्य भारतीय राजनीति में विचारधाराएं' विषय पर अपना संबोधन देंगे।

9 फरवरी को देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले 250 प्रथम बार निर्वाचित विधायकों को भी संबोधित करेंगे, जिनके लिए महाराष्ट्र प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम का मार्गदर्शन करने के लिए एमआईटी युनिवर्सिटी के संस्थापक प्रो डॉ. विश्वनाथ डी करड़ भी उपस्थित रहेंगे।

# अनुपालना न करने पर टीसीपी ने 3 लोगों को दोबारा जारी किए नोटिस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल छत्तर में अवैध निर्माण पर नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग द्वारा पूर्व में जारी नोटिस की अनुपालना न करने पर विभाग ने तीन लोगों को दोबारा नोटिस जारी किए हैं। टीसीपी विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के प्लानिंग ऑफिसर ने इन तीनों लोगों को हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियमावली 2014 के नियम 28 के तहत नोटिस जारी करते हुए अवैध निर्माण को तुरंत रोकने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए थे।

इन लोगों द्वारा उक्त नोटिस की अनुपालना न करने पर प्लानिंग ऑफिसर ने अब हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा 39 की उपधारा 2 के तहत नोटिस जारी करते हुए अवैध निर्माण को तुरंत रोकने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस की अनुपालना न होने पर तीनों लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# एचआरटीसी ने कैशलेस ट्रांजेक्शन करने वाले परिचालक किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, शिमला

एचआरटीसी बसों में कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने वाले परिचालकों को निगम प्रबंधन ने सम्मानित किया है। वहीं, अब निगम प्रबंधन ने निगम डिपुओं के लिए भी इन्सेंटिव प्लान शुरू किया है। अब जो डिपो कैशलेस टिकटिंग में बेहतर प्रयास करेंगे, उन्हें प्रथम पुरस्कार के तौर पर 50000, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वालों को 30000 और 20000 रुपए ईनाम दिया जाएगा। बीते जनवरी से ही इनका आकलन होगा। इससे पहले परिचालकों को भी अधिक कैशलेस ट्रांजेक्शन करने पर सम्मानित किया जा चुका है।




कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। प्रदेश में 31 बस डिपो हैं। इनमें से अधिकतर डिपुओं में ई टिकटिंग मशीनें हैं, जिनमें कैशलेस ट्रांजेक्शन की सुविधा है। वहीं, कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए निगम प्रबंधन ने अभी हाल में ही एनसीएमसी कार्ड सुविधा भी शुरू की है, जिसमें मात्र एक कार्ड से ही ऑनलाइन किराए का भुगतान हो जाएगा।

### क्या कहते हैं एचआरटीसी के एमडी

एचआरटीसी के एमडी रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि जो प्रथम 3 यूनिट कैशलैस टिकट अधिक काटेंगे, उनको एक लाख रुपए तक के ईनाम देने की योजना है। इसी महीने से इनका आकलन किया जाएगा। परिचालकों को पहले ही कैशलेस ट्रांजेक्शन करने के आदेश हैं, लेकिन ऐसे मामले सामने आए हैं कि परिचालक इस पर कम ध्यान दे रहे हैं। अब डिपो स्तर पर अधिकारियों की यह ड्युटी रहेगी कि वे अपने-अपने डिपो में कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए परिचालकों को प्रोत्साहित करें, साथ ही औचक निरीक्षण कर भी जांचेंगे कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो रही है। निगम की बसों में अब गूगल-पे व फोन-पे से अधिक भूमिका निगम का एनसीएमसी कार्ड निभा रहा है। मौजूदा समय में प्रदेशभर करीब 2600 लोग रोजाना ऑनलाइन किराए का भुगतान कर रहे हैं। वहीं इनमें एनएसएमसी कार्ड से भी ऑनलाइन किराया अदा कर रहे हैं। करीब 800 लोग रोजाना एनएससीएमसी कार्ड का प्रयोग कर रहे हैं।

# हथकड़ी लगाकर नागरिकों की वापसी दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतिभा सिंह

अनंत ज्ञान, शिमला। कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अमेरिका से 104 निर्वासित भारतीयों की हथकड़ी लगाकर स्वदेश वापसी पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे अमानवीय व्यवहार और देश का अपमान बताया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस इसे किसी भी स्तर पर सहन नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इसका कड़ा सज्ञान लेते हुए अमेरिका से कड़ा विरोध दर्ज करना चाहिए। भारत को अपने नागरिकों को लाने के लिए अपना विमान भेजना चाहिए था। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को देश व इसके नागरिकों की प्रतिष्ठा से कोई लेनादेना नहीं है जो बहुत ही दुखदाई है। वहीं, युवा कांग्रेस वर्करों ने दोपहर बाद शिमला में भारतीय नागरिकों के डिपोर्टेशन को लेकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर से राजभवन तक रोष रैली निकाली और राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा।



# हिमाचल में बढ़ी ठंड, ऊंचे क्षेत्रों में 5 दिन बर्फबारी की संभावना

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ों में बर्फबारी के बाद एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों का पारा सामान्य से नीचे पहुंच गया है। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.7 डिग्री नीचे लुढ़क गया है। लाहौल स्पीति के कुकुमसैरी का न्यूनतम तापमान माइनस 12.2 डिग्री, ताबो का माइनस 11 डिग्री, केलांग का 11.4 डिग्री और कल्पा का माइनस 3.4 डिग्री तक न्यूनतम तापमान गिर चुका है। बीते 24 घंटे के दौरान शिमला की तुलना में मैदानी इलाकों में ज्यादा ठंड बड़ी है। इस बीच ऊना, बिलासपुर और मंडी जिले में आज घना कोहरा छाने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इससे अगले 5 दिनों तक हल्की बारिश बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मध्यम ऊंचाई वाले और निचले इलाकों में इस दौरान मौसम साफ रहेगा।

# एसटीएफ की बिना सबूतों के छापेमारी गलत : रायजादा

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने एसटीएफ की टीम द्वारा संतोषगढ़ में की गई छापेमारी को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने जो सवाल उठाए हैं, उनकी चिंता वाजिब है। शुक्रवार को ऊना से जारी बयान में पूर्व विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से झूठी शिकायत व शक के आधार पर बिना पुख्ता सबूत के इस प्रकार की छापेमारी करना सही नहीं है।



रायजादा ने कहा कि जो व्यक्ति एसआईयू की टीम में बेहतर काम कर रहा है, उस पर कार्रवाई करना समझ से परे है। हमारा स्टैंड पूरी तरह से क्लीयर है कि माफिया पर जीरो टॉलरेंस हैं। प्रदेश की सरकार किसी भी प्रकार के माफिया को सहन नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में यह बात सबके लिए कही है कि किसी भी प्रकार से माफिया को सहन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई कर्मचारी व अधिकारी आरोपी हो सकता है, इसलिए उस पर भी कार्रवाई करना कानून का काम है। इसमें किसी प्रकार की बंदिश नहीं है, लेकिन जिस प्रकार से केवल शक के आधार पर केवल झूठी बातों में आकर छापेमारी कर देना सही नहीं है, इसकी मैं निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करता हूं और शिमला से वापस आकर बात भी करूंगा।

# पुलिस सहायता कक्ष के पास हनुमान मंदिरों में चोरी का प्रयास

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर शहर के दो और हनुमान मंदिरों में सेंधमारी करने का प्रयास किया गया है। दोनों मंदिर सुजानपुर बस स्टैंड के पास स्थित हैं। बीते कल गुरुवार रात को सुजानपुर बस स्टैंड पर बने हनुमान मंदिर में चोरी की बात वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता कक्षा से मात्र 50 मीटर की दूरी पर बने दो मंदिरों में गुरुवार देर रात को इस वारदात को अंजाम दिया गया।

एक मंदिर के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरे से छेड़छाड़ की गई, लेकिन मंदिर में उसे कोई नकदी नहीं मिली। शुक्रवार प्रातः मंदिरों में चोरी की सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मौके पर पहुंचे व राकेश धीमान ने बताया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी है और पुलिस ने सीसीटीवी खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज में पाया कि एक युवक मंदिर में प्रवेश कर रहा है और उसके बाद उसने मंदिर के भीतर सीसीटीवी, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स को चुराने का कार्य किया और तारे तोड़ दीं।

तमाम बातें सीसीटीवी में दर्ज हुई हैं। एक युवक एक मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में जाता हुआ तथा सीसीटीवी कैमरे से छेड़छाड़ करता हुआ पाया गया है। बस स्टैंड पर ही पुलिस सहायता कक्ष है। यहां से मात्र पांच 50 मीटर की दूरी पर दोनों मंदिर हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें पुलिस का भी कोई डर नहीं है।

# विक्रमादित्य बोले-पीएम मोदी जब ट्रंप को निजी दोस्त बोलते हैं तो दोस्ती क्यों नहीं निभाई

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय नागरिकों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। विक्रमादित्य ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया गया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को अपने स्तर पर नागरिकों को वापस लाना चाहिए था। छोटा सा देश कंबोडिया जब अपने नागरिकों को खुद वापस ला सकता है, तो भारत सरकार ने ऐसा क्यों नहीं किया। केंद्र सरकार को पहले ही इसके प्रबंध करने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनके निजी दोस्त हैं, जब दोस्त है तो निजी दोस्ती निभानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों के हाथ बांधे हुए थे, पांव में बेड़ियां लगी हुई थी। उन्हें यूएस मिलिट्री एयरक्रॉफ्ट में जबरन भरकर लाया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह इलीगल इमिग्रेशन के खिलाफ हैं।



**सराहना** यह बजट देश के 140 करोड़ देशवासियों के विकास का बजट है

# आम बजट से सभी वर्गों को मिलेगा बड़ा लाभ: बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सन 2025 26 का बजट जो पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह बजट देश के 140 करोड़ देशवासियों के विकास का बजट है, किसान, बागवान का बजट है।



किसानों के उत्पादों का उचित मूल्य मिले इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम इस बजट के अंदर उठाए गए है। विभिन्न प्रकार से किसान बागवान की आमदनी एवं उत्पाद बढ़े और उत्पाद के प्रोसेसिंग के अंदर आए एवं दाम और अधिक बढ़े। इस दिशा में बजट के अंदर माकूल प्रावधान है, इसी प्रकार यह बजट युवाओं का बजट है, जहां पर स्वरोजगार के लिए लघु मध्यम उद्योगों को स्थापित करने के लिए और विभिन्न कामगारों के रोजगार को बढ़ाते हुए और स्वरोजगार के साथ साथ लाखों रोजगार पैदा करने वाला यह बजट है। यह बजट महिलाओं की भागीदारी एवं विकास को बढ़ाने वाला बजट है जिसमें लक्ष्य रखा है कि 70 प्रतिशत महिलाओं को और स्वरोजगार के माध्यम से, उत्पादकता के माध्यम से आगे बढ़ाते हुए देश के विकास में शामिल करने वाला यह बजट है।

बिंदल ने कहा कि इस बजट हिमाचल सर्वाधिक लाभान्वित होने वाला राज्य है। प्रत्येक कर्मचारी को 2 लाख 75 हजार तक जीरो टैक्स और व्यापारी, कर्मचारी और शेष लोगों को 12 लाख रुपए तक का जीरो टैक्स, यह एक बहुत बड़ी राहत है। यह बजट किसान, बागवान व गरीब का बजट है।

### 2047 में विकसित भारत की नींव है यह बजट

स्वच्छ जल, स्वास्थ्य की चिंता, गरीब को सस्ता राशन, करोड़ों युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार देने वाला और अर्थात देश को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जाने के लिए इस बजट की अहम भूमिका रहने वाली है। हम पीएम मोदी एवं मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बजट के लिए बधाई देते।

## न्यूज ब्रीफ

### फतेहपुर और आसपास कल बिजली बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि 9 फरवरी को विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते सेंट मेरी, सेक्रेड हार्ट, त्रिलोकीनाथ, फतेहपुर, बागणी, सिद्धबाड़ी, सुक्कड़ तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### केसीसी बैंक ने रजियाणा में लगाया शिविर

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। केसीसी बैंक की रजियाणा शाखा द्वारा 7 फरवरी सोमवर को नाबार्ड के सौजन्य से रजियाणा में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किय गया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी। ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, निष्क्रिय खातों के संचालन, खातों एवं लाकर में नमांकन की आवश्यकता की जानकारी दी गयी। वित्तीय फ्राड के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को इससे बचने हेतु जागरूक भी किया गय । जनसमूह द्वारा बैंक की कार्य प्रणाली तथा अन्य लाभ योजनाओं पर पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी शिविर में ही प्रस्तुत किय गया। शिविर में केसीसी बैंक की ओर से वरिष्ठ प्रबन्धक विभूति व्यास, सहायक प्रबंधक प्रवेश कुमार, नरेन्द्र कुमार तथा ग्राम पंचायत रजियाणा की ओर से संतोष कुमारी, उपप्रधान रणजीत सिंह पंचायत सचिव कुसुम लता सहित लगभग 70 ग्रामीण उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।

### 'पृथ्वी प्रतिभा' ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। उपमंडल फतेहपुर की पंचायत सुनहारा निवासी नितिन राणा व आकृति राणा द्वारा शुरू किए गए पृथ्वी प्रतिभा नामक एनजीओ ने रावमापा फतेहपुर के बच्चों के सहयोग से फतेहपुर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूल परिसर के साथ-साथ स्कूल के साथ लगते बाहरी क्षेत्र की भी साफ सफाई की गई। वहीं, स्कूली बच्चों को स्वच्छता का महत्व भी समझाया। साथ ही बच्चों को स्वच्छता के प्रति लोगों को भी जागरूक करने को प्रेरित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रशासन भी उपस्थित रहा।

### रेशम कीट पालकों ने किया एयरपोर्ट का भ्रमण




अनंत ज्ञान, गगल। मानव विकास संस्थान कलोल की 16 महिलाओं ने समन्वयक सुमन शर्मा और विनोद कुमार के साथ शुक्रवार को एयरपोर्ट में भ्रमण किया। विनोद कुमार ने बताया कि नाबार्ड के आर्थिक सहयोग से संस्थान हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर में रेशम उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण गरीबों की आजीविका बढ़ाने के लिए परियोजना के अंतर्गत रेशम कीट पालकों के लिए पालमपुर और धागाकरण इकाई रेशम विभाग नूरपुर कांगड़ा में करवाया गया।

### मांगें पूरी न होने से बिजली बोर्ड के पेंशनर्स नाराज

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई फतेहपुर की बैठक फतेहपुर के एक निजी रिजॉर्ट में इकाई अध्यक्ष धर्मवीर कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई इसमें पेंशनर्स की चिरलंबित मांगों को पूरा न करने पर सरकार के प्रति रोष प्रकट किय गया। इकाई अध्यक्ष ने कहा पेंशनर्स लंबे समय से अपनी मांग सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने फिर सरकार से अपील की है कि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कर राहत दी जाए।

# बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेला : किशोरी लाल

## प्रशासन को मेले में कानून व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ



पांच दिवसीय, राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बैजनाथ के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने की। शिवरात्रि महोत्सव 27 फरवरी से 2 मार्च तक मनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि लोगों की सहमति और शिव मंदिर बैजनाथ के पास स्थान की कमी के कारण इस बार मेले का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि शिव मंदिर से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक लोग आसानी से पहुंचे इसके लिए शटल बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने प्रशासन को मेले के दौरान कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि इस बात को सुनिश्चित किया जाए कि पूर्ण मेला इंदिरा गांधी स्टेडियम में ही लगे और शिव मंदिर बैजनाथ के पास मनमाने तरीके से कोई दुकान न लगे।

उन्होंने कहा कि पांच दिनों तक शिव मंदिर बैजनाथ में हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को मंदिर परिसर में पूर्व की तरह, घास, फुलवारी इत्यादि लगाने के लिए पुरातत्व विभाग से पत्राचार करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि पूरे समाज का उत्सव है और इसमें सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि मेला अच्छा हो, आकर्षक हो और भव्य रूप में आयोजित हो।

बैठक में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे इत्यादि लगाने पर चर्चा की गयी। बैजनाथ पपरोला बाजार में लाइट व्यवस्था से सुसज्जित करने के साथ सभी विभागों को अपने अपने कार्यालय में लाइट व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

मेले के दौरान इंदिरा गांधी स्टेडियम में विभिन्न विभागों को विकासात्मक प्रदर्शनी लगाने के लिये दिशा निर्देश जारी किये गए। बैठक में बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, नगर पंचायत के अध्यक्ष आशा भाटिया, डीएसपी अनिल शर्मा के अतिरिक्त मेला समिति के गैर सरकारी तथा सरकारी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सांस्कृतिक संध्याओं में रिपीट नहीं होंगे कलाकार

विधायक ने कहा कि मेले के दौरान आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में अच्छे लोक कलाकारों को आमंत्रित किया जाए, ताकि लोगों का भरपूर मनोरंजन हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय एवं लोक कलाकारों को अधिक अवसर प्रदान किया जाए। इस बात को भी सुनिश्चित करने पर निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष बुलाए गए कलाकारों को रिपीट न किया जाये। मेले को आकर्षक एवं मनोरंजक बनाने के साथ-साथ सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिये खेलों में कब्बडी, वॉलीबॉल के अलावा बेबी शो, महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़ इत्यादि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## नई जोड़ी



जवाली के करडियाल की अंजली और बदेह तलाड़ा के मनीष शर्मा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



नगाल खुर्द (ऊना) के नव दीप और ज्योति को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



टक्का (ऊना) के नसीराम और ममता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# युवक से 43 ग्राम चरस और 3 ग्राम चिट्टा किया बरामद

अनंत ज्ञान, डरोह

नशे के व्यापारियों को पकड़ने के लिए भवारना पुलिस का अभियान जोरों पर है। पुलिस थाना भवारना के अधीन आते डरोह के खबली नामक स्थान पर वीरवार को थाना प्रभारी गुरदेव सिंह व उनकी टीम ने नाकाबंदी कर रखी थी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस दौरान एक युवक करण कुमार निवासी अपर लंबागांव (लाहड़) तहसील जयसिंहपुर कांगड़ा को पुलिस पार्टी को देख भागते देखा, उसे भागते देख पुलिस टीम को उसपर शक हुआ। जब उसकी तालाशी ली गई तो उसके पास से 43 ग्राम चरस और 3 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट के तहत उस पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## 22500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पुलिस थाना पालमपुर के तहत नजद माऊंट ब्यु होटल के पास विरेंद्र कुमार निवासी गढ जमुला तहसील पालमपुर जिला कॉंगड़ा के पास से 18000 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत थाना में मामला पंजीकृत किया गया है। पालमपुर थाना के तहत दूसरे मामले में मैंझा में रोहित राणा निवासी मैंझा करियाना की दुकान से 4500 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

# बिजली बोर्ड से 700 पदों को समाप्त करने का सरकार का फैसला निंदनीय : अश्विनी

अनंत ज्ञान, नूरपुर




ज्वाइंट एक्शन कमेटी बिजली बोर्ड कर्मचारी, अभियंता व पेंशनर्स के आह्वान पर बोर्ड से सैकड़ों पदों को समाप्त करने के खिलाफ शुक्रवार दोपहर बाद 2 बजे से 4 बजे तक 220केवी सब स्टेशन जसूर के प्रांगन में मंडल नूरपुर और ईएस मंडल जसूर, उपमंडल गनोह, सुलियाली,नूरपुर और गंगथ में कार्यरत कर्मचारियों ने एकत्रित होकर सभी कर्मचारियों और पेंशनरों ने इसका बहिष्कार किया और यह फैसला लिया गया कि आज से बिजली कर्मचारी व अभियंता वर्क टू रूल्स के तहत काम करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश सरकार व बोर्ड प्रबंधन द्वारा बिजली कर्मचारी, अभियंता व पेंशनर्स के भारी विरोध के बाद जनरेशन व संचार विंग के विभिन्न श्रेणी के 700 से के करीब पदों को सरप्लस कर दिया गया है। दूसरे चरण में इसी तर्ज पर बोर्ड मुख्यालय व परिचालन विंग में युक्तिकरण/ वेतन केंद्रीयकरण के नाम पर हजारों पदों को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू है। इस विरोध प्रदर्शन में राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर, प्रदीप शर्मा, गनोह यूनिट के प्रधान रोहित शर्मा, नूरपुर यूनिट के प्रधान अरविंद महेश, सुल्याली यूनिट से प्रधान सुरजीत पठानिया, गंगठ यूनिट के प्रधान अजय, गनोह यूनिट से वरिष्ठ उपप्रधान दीपक पठानिया,गनोह से सहायक अभियंता आशीष धीमान जी जेई प्रदीप, अजय पेंशनर फोरम से यूनिट सचिव अरुण सहोत्रा, राजकुमार, राजेंद्र कुमार सहित अन्य ने भाग लिया।

# सुक्खू सरकार का राजस्व जुटाने पर फोकस: पुनीत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



कांग्रेस नेता पुनीत मल्ली ने कहा कि प्रदेश सरकार का राजस्व जुटाने पर फोकस है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच से ढगवार में बन रहे मिल्क प्लांट की खुदाई से निकले पत्थरों की नीलामी करके एक करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है। शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में कांग्रेस नेता पुनीत मल्ली ने कहा कि यदि इन पत्थरों की नीलामी नहीं की जाती तो यह पत्थर यूं ही निर्माण में दब जाने थे।

**कहा, बेचते नहीं तो निर्माण में ही दब जाते एक करोड़ से अधिक के पत्थर**

सीएम की पारखी नजरों ने मिल्क प्लांट के शिलान्यास के दौरान पत्थरों का अवलोकन किया था तथा प्रशासन को इन पत्थरों की नीलामी के आदेश जारी किए थे। पुनीत मल्ली ने कहा कि केंद्र की ओर से प्रदेश को किसी तरह की आर्थिक सहायता नहीं दी जा रही है। सरकार अपने स्तर पर प्रदेश के संसाधनों से राजस्व एकत्रित करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि ढगवार मिल्क प्लांट की खुदाई में निकले करीब 70 हजार टन पत्थरों से भी सरकार ने कमाई करके सरकारी खजाने में डाला है।

सही मायने में यही व्यवस्था परिवर्तन है, जिसकी बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू संभालने के बाद से करते आ रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रदेश व जनहित में कई अहम निर्णय लिए हैं, जो कि इससे पहले कभी नहीं लिए गए। मल्ली ने कहा कि बिना केंद्रीय सहायता के मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास की गति को रफ्तार देने में जुटे हुए हैं, जो अपने आप में व्यवस्था परिवर्तन का साक्षात प्रमाण है।

## जदरांगल के जंगल में बेसहारा गउओं को बांधने पर क्रांति एनजीओ ने जताया रोष

# बेसहारा पशुओं को लेकर किसान और पशु अधिकार कार्यकर्ता आमने-सामने

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला कांगड़ा में बेसहारा पशुओं के आतंक ने किसानों और पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के बीच टकराव पैदा कर दिया है। कांगड़ा जिले के जदरांगल इलाके के किसानों ने हाल ही में अपने गांव से सटे जंगल में बेसहारा गउओं को पकड़कर बांध दिया। उनका आरोप है कि ये गउएं उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रही हैं। कांगड़ा में पशु अधिकारों के लिए क्रांति एनजीओ चलाने वाले धीरज महाजन ने आरोप लगाया है कि किसानों ने 12 गउओं को जंगल में बांध दिया और दो दिनों तक उन्हें कुछ नहीं खिलाया। यह उनके साथ क्रूरता है। जब मैंने इस मुद्दे को जदरांगल की पंचायत के समक्ष उठाया तो उसने गऊओं को छोड़ दिया। हालांकि, जब से मैंने इस मुद्दे को उठाया है, मुझे धमकी भरे फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले के विभिन्न गांवों में किसानों द्वारा वन भूमि पर बेसहारा गउओं को बांधने की घटनाएं बढ़ रही हैं। धीरज के अनुसार किसानों का कहना है कि मवेशी हमारे खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं और धार्मिक मान्यताओं के कारण हम उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकते। किसान अपनी फसलों की रक्षा के लिए ऐसा कर रहे हैं। बेसहारा गउओं ने जिले के कई इलाकों में किसानों को अपने खेत छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। पिछले कुछ सालों में इलाके में बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि पशुओं को बाहरी लोगों ने उनके गांवों में छोड़ दिया है।

धीरज महाजन का कहना है कि आम तौर पर, मालिकों द्वारा छोड़े गए मवेशियों ने दूध देना बंद कर दिया है। किसी भी समाज के लिए सरकारी सहायता के बिना बड़ी संख्या में अनुत्पादक मवेशियों का प्रबंधन करना मुश्किल होगा, जबकि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए कछुए की चाल से आगे बढ़ रही है, जिससे किसानों की समस्याएं बढ़ रही हैं।

### पशु फसल को नुकसान पहंचाएं तो पंचायत में करें शिकायत

पशुपालन अधिकारियों का कहना है कि विभाग द्वारा किसानों के पशुओं का पंजीकरण शुरू किया गया है। गाय-भैंसों समेत सभी पशुओं पर अब मालिकों के नाम और पते के साथ टैटू गुदवाए जा रहे हैं। टैटू से विभाग को पशुओं के मालिकों पर नजर रखने में मदद मिलती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अधिनियम के तहत अब पंचायत को यह अधिकार दिया गया है कि अगर किसी मालिक के मवेशी किसानों के खेतों या अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाते पाए गए तो वह 500 रुपए तक का जुर्माना लगा सकती है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गैर-सरकारी संगठनों से गोसदन खोलने का आग्रह किया जा रहा है। सरकार उन्हें एकमुश्त अनुदान देगी या एनजीओ के लिए सामुदायिक गोशालाएं स्थापित करेगी।

# बौद्ध और सनातनियों में हमेशा रही एकजुटता : डोलमा ग्यारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के धर्म और संस्कृति विभाग की मंत्री डोलमा ग्यारी, सचिव त्सेरिंग तोपग्याल और सुरक्षा विभाग से चिमे ताशी ने प्रयागराज में बुद्ध विशेष संगम महाकुंभ और बोध महाकुंभ यात्रा में भाग लिया। आयोजन के पहले दिन डोलमा ग्यारी ने बोध महाकुंभ यात्रा कार्यक्रम को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह एक आध्यात्मिक समागम था, जिसमें सैकड़ों तीर्थयात्री और भक्त साझा बौद्ध मूल्यों का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए थे। उन्होंने केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान के प्रतिभागियों और सिक्किम के भिक्षुओं के साथ बातचीत की। उन्होंने हिमालयन बौद्ध सांस्कृतिक संघ द्वारा आयोजित एक अनूठे कार्यक्रम बुद्ध विशेष संगम महाकुंभ में भाग लिया। कार्यक्रम में तिब्बती सांस्कृतिक प्रथा लखर का उत्सव मनाया गया, जिसके साथ संगसोल प्रार्थना और सांस्कृतिक प्रदर्शन हुए, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की समृद्ध परंपराओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा यह आध्यात्मिक समागम तिब्बती बौद्ध धर्म और भारतीय धार्मिक प्रथाओं के बीच बढ़ते सांस्कृतिक आदान प्रदान को रेखांकित करता है, जो विभिन्न समुदायों के बीच संवाद और संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। डोलमा ने भारत तिब्बत समन्वय कार्यालय बुकस्टॉल का भी निरीक्षण किया और स्वयंसेवकों और आगंतुकों से बातचीत की। डोलमा ग्यारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सनातन धर्म और बौद्ध धर्म के बीच निकटता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बौद्ध और सनातनियों में हमेशा एकजुटता रही है और आगे भी वे एक साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

### रोड़ी-कोडी में किसान गोष्ठी का आयोजन

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी में शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला परिषद पुष्पा मन्हास को इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शॉल व पुष्पगच्छ देकर सम्मानित किया गया। किसान गोष्ठी में 100 के लगभग लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी कम कैंप में कृषि विशेषज्ञों ने लोगों को कृषि के बारे में जागरूक किया।

### केसीसी बैंक ने चौकी के कलूना में लगाया जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, डरोह। उपमंडल धीरा के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक धीरा के सौजन्य से ग्राम पंचायत चौकी के गांव कलूना में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के कर्मचारियों संजय अंगारिया, अंजू व एम बी ए के ट्रेनी छात्र अभिषेक ने स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना के साथ साथ एटीएम, एसएमएस, फ्रॉड फोन कॉल आदि साइबर अपराध की विस्तृत जानकारियां उपस्थित जनता को दीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचायत सदस्यों सहित लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।

### डीएवी स्कूल तियारा में जांचा छात्रों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, गगल। डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में दो दिवसीय स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन स्कूल परिसर में करवाया गया। प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया कि स्वस्थ जांच शिविर जीवन छाया ट्रस्ट के संयोजक राजीव कुमार की टीम डॉ. भारती सनोरिया, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. रूपेश केशव, दयालु राम, कंवलजीत सिंह, सुनैना चौधरी, वंदना देवी की निगरानी में हुआ। डॉ विशेषज्ञों ने सभी विद्यार्थियों के दांत, आंख और सामान्य स्वस्थ जांच की। स्कूल के सभी स्टाफ का खून, और ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई।

# धर्मशाला में 10 फरवरी से शुरू 'मेरा कूड़ा मेरा दायित्व-सुरक्षित भविष्य' अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला स्मार्ट सिटी में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर के तहत 'मेरा कूड़ा, मेरा दायित्व सुरक्षित भविष्य' अभियान आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ दस फरवरी को प्रातः 11 बजे सामुदायिक सभागार धर्मशाला से की जाएगी। यह अभियान धर्मशाला नगर निगम में दो माह तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों तथा स्वच्छता मित्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शहर की साफ सफाई तथा डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही लोगों को गीले तथा सूखे कचरे को अलग अलग स्वच्छता मित्रों को सौंपने बारे भी जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता मित्रों को बेहतर व्यवहार के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के साथ शहर के सभी वार्डों में समाधान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान पार्षद तथा निगम के अधिकारी मौके पर ही स्वच्छता को लेकर मौके पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे, ताकि धर्मशाला स्मार्ट सिटी को स्वच्छ तथा सुंदर बनाया जा सके। नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि ठोस कूड़ा कचरा के बेहतर प्रबंधन भी फोक्स किया जा रहा है इसके साथ ही डोर टू डोर कूड़ा क्लेक्शन की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जा रही है इसके साथ ही लोगों को समय समय पर स्वच्छता को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है ताकि आने वाले समय में स्वच्छता अभियान को और सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने कहा कि दस फरवरी को आयोजित होने वाली कार्यशाला में उपायुक्त हेमराज बैरवा तथा मेयर नीनू शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि उप महापौर तेजेंद्र कौर, पूर्व मेयर देविंद्र जग्गी बतौर विशिष्ट अतिथि तथा सभी वार्डों के पार्षद भी आमंत्रित किए गए हैं ताकि सबकी सहभागिता से अभियान को सफल बनाया जा सके।

**शहर में दो महीने तक आयोजित होंगे कार्यक्रम**

**सियासत** | मुख्यमंत्री कर रहे किसी अपने की पैरवी, प्रतिभा सिंह के अध्यक्ष बने रहने पर संशय बरकार

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर सुक्खू और प्रतिभा सिंह में तकरार

संजय अग्रवाल, धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश की सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा में इकाइयों व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष के पुनर्गठन को लेकर संघर्ष ओर गुटबाजी तेज हो गई है। दोनों दलों में आगामी पार्टी अध्यक्ष पद को लेकर खिंचातान का माहौल बना हुआ है।

बता करें कांग्रेस पार्टी की तो नवंबर 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। लेकिन पार्टी में फेरबदल का खेल चला हुआ है। हिमाचल की सत्ता में कांग्रेस के दिग्गज नेता व छह बार मुख्यमंत्री रह चुके स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह अप्रैल 2022 से प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष हैं। चुनाव जीतने के बाद ही मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर प्रतिभा सिंह व सुक्खू में गतिरोध बना रहा, हालांकि बाद में सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद की शपथ ली। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सभी चार सीटें भाजपा से हार गईं। भाजपा ने सुक्खू 6 कांग्रेस व तीन आजाद विधायकों के दम पर सुक्खू सरकार को गिराने का प्रयास किया, लेकिन बाद में नौ विधानसभा सीटों के उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी 6 सीटों को जीतने में कामयाब रही तथा सुक्खू सरकार की स्थिरता बनी रही। हालांकि इस खेल से कांग्रेस हाईकमान काफी हद तक नाराज दिखा। बीच में के बेटे व पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा मंत्रिमंडल से अपने इस्तीफे की घोषणा से राजनीति में उथल पुथल मचा दी। बाद में अपना इस्तीफा वापिस ले लिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 2024 को प्रदेश कांग्रेस के सभी जिलों और ब्लॉक समितियों को भंग कर दिया, लेकिन प्रतिभा को अगले आदेश तक राज्य इकाई प्रमुख के रूप में बनाए रखा। कांग्रेस नेतृत्व ने हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य का आकलन करने के लिए 16 पर्यवेक्षकों, जिनमें 12 जिला स्तर पर और चार संसदीय क्षेत्र स्तर पर को तैनात किया। पर्यवेक्षकों में हिमाचल से कोई भी न होने से प्रतिभा सिंह और सुक्खू तथा कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में रोष देखा गया। पिछले दो सालों के घटना क्रम के बाद कांग्रेस पार्टी में अगले अध्यक्ष पर को लेकर प्रतिभा सिंह व सुक्खू में टकराव बढ़ता देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पर पर सुक्खू किसी अपने की पैरवी करते दिख रहे हैं, जबकि प्रतिभा सिंह अपनी सोच से अध्यक्ष पद का चयन चाहती हैं। प्रदेश कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे अर्की विधायक संजय अवस्थी, डिप्टी स्पीकर विनय कुमार और भोरंज विधायक सुरेश कुमार शामिल हैं इन्हें मुख्यमंत्री सुक्खू का करीबी माना जाता है। अन्य उम्मीदवारों में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, चंबा से आशा कुमारी, पूर्व अध्यक्ष ठाकुर कौल सिंह भी दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों की माने तो प्रतिभा सिंह के अध्यक्ष बने रहने की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। 15 फरवरी के बाद प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सीएचसी लंज को मिलेगी एंबुलेंस सुविधा, एक्स-रे व्यूबॉक्स भी लगेगा

## विधायक पठानिया ने सीएचसी की आरकेएस की मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

सीएचसी लंज में आरकेएस की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शीघ्र ही सीएचसी लंज में सीबीसी एनालाइजर, माइक्रोस्कोप, इनवर्टर, वाटर डिस्पेंसर, पीटोस्कोप तथा एक्सरे व्यूबॉक्स लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर एंबुलेंस की सुविधा एवं डेंटल चेयर भी स्थापित की जाएगी, ताकि आमजन को सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि जल्दी ही सीएचसी में सोलर लाइट एवं बैंच लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगे से निर्धारित समयावधि में आरकेएस की बैठक करवाई जाएं, ताकि समय रहते विभिन्न विकास कार्यों को सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने उपमुख्य सचेतक को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की



### वाटर डिस्पेंसर स्थापित करवा एक मांग को किया पूरा

जाएगी। कार्यकारी बीएमओ त्यारा डॉ नीतेश मन्हास ने बताया कि गत वर्ष आरकेएस के अंतर्गत 1,90, 731रुपए व्यय किए गए जबकि इस वर्ष रोगी कल्याण समिति के तहत 6,22,125 रुपए विभिन्न मदों में व्यय किए जाने प्रस्तावित हैं। पठानिया ने दूसरे दिन ही सीएचसी लंज में वाटर डिस्पेंसर स्थापित करवा कर दर्शा दिया कि सही में विधायक जनता की सेवा करने पर तत्पर्य है। बाकी पठानिया ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से बाकी की मांगों को भी पूरा करके जनता को सीएचसी लंज में हर सुविधा प्रदान कर दी जाएगी।

### सिंचाई योजना लंज के सुधारीकरण पर व्यय होंगे 2.95 करोड़

केवल सिंह पठानिया ने बताया कि ब्वाऊ सिंचाई योजना लंज के सुधारीकरण का कार्य नाबार्ड योजना के अंतर्गत प्रगति पर है और इस पर 2.95 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय होगी और इसके पूरा हो जाने से लंज खास एवं अप्पर लंज की सैकड़ों किसानों की 125 हेक्टेयर भूमि को सुचारू सिंचाई सुविधा मिलेगी। उन्होंने राजस्व विभाग की सराहना करते हुए कहा कि सब तहसील हारचक्कियां के अंतर्गत लगभग 75 कनाल सरकारी भूमि को विभिन्न विकास कार्यों हेतु संबंधित विभागों को ट्रांसफर किया गया है।

## सीएम सुक्खू और आरएस बाली का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** एचआरटीसी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अजय वर्मा को प्रदेश भर से बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। आज इसी क्रम में उनको शाहपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री स्व शिव कुमार उपमन्यु के सपुत्र रंजन उपमन्यु और राजीव उपमन्यु सहित उनके परिवार से राहुल उपमन्यु, लॉरेंस पब्लिक स्कूल शाहपुर के डायरेक्टर यतिन महाजन, ओम गर्ग, पूर्व प्रधान बिंदु राणा और एस के शर्मा ने अपनी बधाई प्रेषित की। इस कार्यभार का दायित्व उनको सौंपे जाने पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा आरएस बाली का भी आभार व्यक्त किया। अजय वर्मा के नाम अपने बधाई संदेश में उन्होंने निगम का कार्य भार मिलने पर आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में निगम विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर उपमन्यु परिवार सहित शाहपुर के अन्य कई गणमान्य भी मौजूद रहे।

## आधार अपडेट करवाने में लोगों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पंचायत समिति कार्यलय फतेहपुर के समीप खुले आधार अपडेट कार्यालय में आधार अपडेट करवाने आऐ लोगों को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। शुक्रवार को आधार अपडेट करवाने आए दियाल के संजय, मनोह के विजय, दियाल की अंजना सहित अन्य ने बताया कि वे सब आधार अपडेट करवाने फतेहपुर पहुंचे हैं। लेकिन उन्हें जहां पर परेशानी से गुजरना पड़ था है। उन्होंने बताया कि वे काफी देर से लाइन में खडे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से अपील की है कि उक्त कार्यालय के समक्ष बैठने की व्यवस्था की जाए।

## पुलिस ने परिजनों के हवाले की यूपी से लापता नाबालिग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उत्तर प्रदेश से बिला बताए मैक्लोडगंज पहुंच गए एक बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को पुलिस थाना मैक्लोडगंज द्वारा एक उत्तर प्रदेश की बालिका को मैक्लोडगंज से रेस्क्यू कर जिला बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उत्थान संस्था द्वारा संचालित खुला आश्रय जटेहड़, सकोह में छोड़ा गया था। बालिका अपने घर से बिना बताए हिमाचल पहुंच गई थी। बालिका के घर का पता बताने के पश्चात मैक्लोडगंज पुलिस द्वारा उनसे संपर्क करके उन्हें तथा वहां की पुलिस को धर्मशाला बुलाया गया।

उत्थान संस्था के निदेशक व खुला आश्रय के समन्वयक स्वास्तिक मस्ताना ने बताया कि धर्मशाला पहुंचने के बाद बालिका को जिला बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालिका को उसके घर वालों तथा पुलिस के सुपुर्द किया गया। बालिका अपने पिता को देख काफी खुश थी।

# स्प्रिंगडेल स्कूल पलौड़ा में बताए कैंसर के कारण व बचाव के उपाय

**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंगडेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलौड़ा जवाली में प्रधानाचार्य राजीव सिंह नरियाल की अध्यक्षता में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने कहा कि कैंसर वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। साल दर साल इस रोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक दो दशकों की तुलना में अब कैंसर को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है, मेडिकल क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी विकास ने कैंसर के इलाज को अपेक्षाकृत आसान और सस्ता बना दिया है। फिर भी ज्यादातर लोगों के लिए यह बीमारी अभी भी बड़ी चिंता का कारण बनी हुई है। बड़ी संख्या में भारतीय आबादी भी कैंसर से प्रभावित देखी जा रही है। दुनियाभर में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल 4 फरवरी विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। कैंसर




एक गंभीर बीमारी है, जो तब होती है जब शरीर में कोशिकाएं अनियंत्रित बढ़ती है और असामान्य वृद्धि करती है। हमें इन लक्षणों के प्रति भी सचेत रहना चाहिए अगर अचानक वजन घटता है लगातार थकान बिना किसी काम के, त्वचा में बदलाव, गांठ या सूजन, लगातार दर्द बिना किसी कारण के मलमूत्र की आदतों में बदलाव, लंबे समय तक खांसी या आवाज में बदलाव आदि होने पर चिकित्सक से परामर्श लें। और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर, तंबाकू व शराब से बचाव करके, टीकाकरण करवाकर व नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाकर हम इस बीमारी से अपना बचाव कर सकते हैं। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रविंद्र कुमार, नई दिशा केंद्र काउंसलर कृष्ण कुमार सहित 150 से ज्यादा छात्र छात्राओं व स्टाफ ने भाग लिया।

## एयरपोर्ट संघर्ष समिति की बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट पर की जद में आने बालों लोगों की बैठक रविवार को इच्छी के किसान भवन में होगी। बैठक की जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया के यह बैठक सुबह दस बजे शुरू होगी। उन्होंने कहा के जो भी लोग एयरपोर्ट की जद में आ रहे हैं वह सभी लोग इस बैठक में भाग ले रहे हैं। मोना ने कहा कि इस बैठक में एयरपोर्ट के प्रति लोगों के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे, जिसमें लगवग सभी पंचायतों के लोग शामिल होंगे।

## एग्रीकल्चर टूअर पर 60 महिलाएं रवाना

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एग्जॉटिक एग्रीकल्चर टूअर के तहत बैजनाथ की 60 महिलाओं ने कृषि विकास अधिकारी सुगंधा और अतिरिक्त कृषि विकास अधिकारी सतीश जामवाल के नेतृत्व में बैजनाथ से सुंदरनगर के लिए रवाना हुआ। अपने इस दौरे के दौरान महिलाएं विदेशी सब्जियों के उत्पादन संबंधी जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र सुंदर नगर से प्राप्त करेंगी। बैजनाथ के विधायक किशोरीलाल ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।

# पुलिस ने कुल्लू से दबोचा चरस तस्कर

## मामले में पहले पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जिला पुलिस नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस ने 25 अक्तूबर, 2024 को 32 मील में नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों के कब्जे से 6.058 किलोग्राम चरस बरामद की थी तथा अर्जुन सिंह उर्फ शिवा पुत्र रविंद्र सिंह निवासी समकेहड़ जवाली व विपिन कुमार पुत्र रविदास निवासी समकेहड़ जवाली को गिरफ्तार किया था।

पकड़े गए आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर एक अन्य आरोपी का नाम सामने आया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस ने सुनियोजित ढंग से कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपी महेश्वर सिंह पुत्र देवी चंद निवासी निवासी मांद्रा कहौला को इलाका



झिड़ी मौहल ( जिला कुल्लू ) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस इस आरोपी से भी सख्ती से पूछताछ करेगी।

इस मामले में जानकारी देते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि चरस मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी महेश्वर सिंह पुत्र देवी चंद निवासी निवासी मांद्रा कहौला को इलाका झिड़ी मौहल, भूंतर (जिला कुल्लू) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस इस आरोपी से भी सख्ती से पूछताछ करेगी।

## छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में शुक्रवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर एसआई हाकम सिंह पुलिस चौकी लंज को आमंत्रित किया । कॉलेज के प्रिंसिपल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इसके बाद हाकम सिंह ने अपने वक्तव्य में साइबर क्राइम, रोड सेफ्टी और ड्रग नशे जैसे गंभीर मुद्दों पर विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई यह कार्यक्रम एनएसएस अधिकारी डॉक्टर नेहा दीवान और रोड सेफ्टी क्लब प्रमुख प्रोफेसर मुकेश कुमार द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर विजेंद्रभूषण प्रोफेसर सरताज प्रोफेसर पंकज, प्रोफेसर विजय प्रोफेसर दीप सिंह और अन्य भी मौजूद रहे।

# सीयू में ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम को लेकर शिक्षक किए प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुरू किए जा रहे ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम को शुरू करने को लेकर संकाय सदस्यों और तकनीकी स्टाफ को दिए जा रहे प्रशिक्षण संबंधी कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया।

इसमें उन्हें ऑनलाइन प्रोग्राम संबंधी बारीकियों की जानकारी दी गई। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार मौजूद रहे। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय इसी सत्र से पांच ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है, उसी कड़ी के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों को ऑनलाइन शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की बारीकियों



प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई । इसमें इग्नू नई दिल्ली से प्रो. अनीता प्रियदर्शिनी एवं डॉ. ज्योत्सना वशिष्ठ ने विषय विशेषज्ञ के रूप में सभी शिक्षकों को ऑनलाइन प्रोग्राम के क्रियान्वयन के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने की।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. विशाल सूद, सह निदेशक डॉ. चमन लाल और सहायक निदेशक डॉ. हरीश गौतम ने सभी का कार्यशाला में भाग लेने पर आभार जताया।

# एसएसबीएमटी में पहले दिन खेले गए लीग मैच

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

सीएसआईआर हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में शुरू हुए 52वें शांति स्वरूप भटनागर मेमोरियल टूर्नामेंट (एसएसबीएमटी) आउटडोर फाइनल्स के प्रथम दिन 8 क्रिकेट एवं 8 वॉलीबाल के लीग मैचों का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया गया।



प्रतिभागियों ने पूरे दम खम से अपना योगदान दिया। आज के क्रिकेट मैचों की विजेता टीमें सीएसआईआर आईआईसीटी, हैदराबाद सीएसआईआर एनएएल, बेंगलूरु, सीएसआईआर एनआईओ गोवा और सीएसआईआर एनजीआरआई, हैदराबाद, सीएसआईआर निस्पर नई दिल्ली; सीएसआईआर सीडीआरआई लखनऊ, सीएसआईआर एनपीएल नई दिल्ली रहीं। इन मैचों के टॉस डॉ. एस. खोसला, निदेशक, सीएसआईआर आईएमटेक द्वारा आईएचबीटी ग्राउंड में डॉ. सुदेश कुमार यादव, निदेशक सीएसआईआर आईएचबीटी द्वारा कृषि विश्विद्यालय ग्राउंड में और प्रधानाचार्य जीएसएसएस द्वारा चौंतरा में किए गए। वहीं, वॉलीबॉल के मैचों में सीएसआईआर आईआईसीटी हैदराबाद की टीम, सीएसआईआर आईएमटेक चंडीगढ़ और सीएसआईआर आईआईपी देहरादून, सीएसआईआर सीईईआरआई पिलानी की टीम, सीएसआईआर सीईसीआरआई कारईकड़ी, सीएसआईआर एनएएल बेंगलूरु ने जीत हासिल की। संस्थान के निदेशक, कार्मिक एवं छात्रों ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन यानी शनिवार को भी 8 क्रिकेट एवं 8 वॉलीबाल के लीग मैच खेले जाएंगे।

# यौन उत्पीड़न रोकने के लिए बनाए कानून पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय महाविद्यालय मटौर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा पॉस्को एक्ट 2012 यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम व पोश एक्ट 2013 यानी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने हेतु बनाए गए कानून पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें अजय सिंह कंवर (अधिवक्ता) बतौर मुख्यातिथि और मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने इन अधिनियमों की नीतियों नियमों की परिभाषा, शिकायत तंत्र, प्रक्रिया, इसमें दोषी पाए जाने वाले पर होने वाली कार्यवाही, सजा की समय सीमा सभी की विस्तृत जानकारी सांझा की। उन्होंने ये भी बताया कि व्यक्ति का किस तरह का व्यवहार सेक्सुअल हैराशमेंट के अंतर्गत आता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की साथ ही विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण जानकारी से लाभ उठाने और अपने अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला की कार्यप्रणाली से उपाध्यक्ष ही नाखुश

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

अपने गठन के समय से ही विवादों में रहने वाली बैजनाथ नगर पंचायत अब मौजूदा उपाध्यक्ष राजन चौधरी की वजह से एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई है। उपाध्यक्ष का ही कहना है कि उनकी बात ही नहीं सुनी जाती तो ऐसे में आम जनता इस नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से कितनी खुश होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इलाके के बाशिंदों का मानना है कि या तो सरकार और स्थानीय विधायक इस नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को सुधारने में उचित प्रबंध करें या फिर यहां पर पहले की तरह पंचायत का ही पुनर्गठन कर दिया जाए।



नगर पंचायत के उपाध्यक्ष और वार्ड आठ के पार्षद राजन चौधरी नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से खासे नाराज चल रहे हैं। उनका कहना है कि नगर पंचायत में पारदर्शिता न होने और विधायक किशोरी लाल द्वारा इस क्षेत्र में किए गए लाखों के कार्यों के शिलान्यास कार्यों को नगर पंचायत द्वारा अभी तक काम शुरू करने से उन्हें काफी दुख है। (अनंत ज्ञान)

# नूरपुर के लिए विधायक अपना विजन बताएं: सुदर्शन

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने कहा कि नूरपुर का इतिहास बहुत प्राचीन है, लेकिन नूरपुर का राजनीतिक अस्तित्व अब अपने कालखंड के सबसे दयनीय स्थिति से गुजर रहा है। नूरपुर किले की स्थापना राजा वसु द्वारा ई 1580 में की गई थी, जब राजा वसु ने पैठन नाम स्थान जो कि वर्तमान में पठानकोट है से अपनी राजधानी स्थानांतरित कर नूरपुर में स्थापित में की थी। नूरपुर का महत्व सुरक्षा के लिहाज से तत्कालीन राजा भी गहनता से समझते थे लेकिन अफसोस मौजूदा स्थिति में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के नुमाइंदे अपने विजन को ही नहीं विस्तारपूर्वक वर्णित कर पा रहे हैं। एक वर्ष के उपरांत भी नूरपुर विधानसभा की क्या रूपरेखा तय हो सकती है, जो कि पहेली बना हुआ हैं। नूरपुर का युवा वर्ग अक्सर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए बद्दी, नालागढ़, चंडीगढ़, लुधियाना, दिल्ली की तरफ रुख करता हैं लेकिन नूरपुर में ऐसा कुछ करने के लिए स्थानीय विधायक आखिर खामोश क्यों है? नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में आज तक चिकित्सा संबंधी, शिक्षा संबंधी, रोजगार संबंधी सुविधाओं के लिए निजी संस्थानों पर आश्रित रहना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक बताएं कि नूरपुर के उज्ज्वल भविष्य के लिए आपका क्या विजन है? (अनंत ज्ञान)



व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा ( हि. प्र. )

मिसल तकसीम केस नं. 69/तह./2022
प्रेम सिंह आदि महाल थौड़ा तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

...वादी

वनाम

योगराज आदि महाल थोड़ा तह. नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

..... प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र तकसीम भूमि खाता नं. 204 खतौनी नंबर 323 किता 2 रकबा तादादी 0 13 31 हे.मी. महाल भलूण मौजा लोहड़ा भलूण तह. नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

इश्तहार अखबार बनाम प्रतिवादी नं. 4. (b) रेखा देवी 4(c) मौसमी देवी 4.(d) निर्मला देवी 4(e) त्रिशा देवी पुत्रीयां ध्यान सिहं पुत्र डूमणू, प्रतिवादी नं. 5 श्रीमति शीला देवी पुत्री डूमणू निवासी महाल लोहड़ा तहसील नूरपुर उपरोक्त मुकदमा तकसीम में प्रतिवादी नं. 4.(b) रेखा देवी 4(c) लज्जा मौसमी देवी 4. (d) निर्मला देवी 4(e) त्रिशा देवी पुत्रीयां ध्यान सिहं पुत्र डूमणू, प्रतिवादी नं. 5 श्रीमति शीला देवी पुत्री डूमणू निवासी महाल लोहड़ा तहसील नूरपुर को उक्त मुकदमा तकसीम में इस अदालत से कई बार सम्मन जारी हुए। परंतु तामील सम्मनात नियमानुसार न हो सकी। इस अदालत को अब विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है। अतः उक्त प्रतिवादी नं. 4. (b) रेखा देवी 4(c) मौसमी देवी 4.(d) निर्मला देवी 4 (e) त्रिशा देवी पुत्रीयां ध्यान सिहं पुत्र डूमणू, प्रतिवादी नं. 5 श्रीमति शीला देवी पुत्री डूमणू निवासी महाल लोहड़ा तहसील नूरपुर को इश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.02.2025 को सुबह 12:00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करें। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। आज दिनांक 06.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

हस्ता./-
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी
नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.

**आश्वासन** संजय चौहान ने 'सरकार आपके घर-द्वार' कार्यक्रम के तहत स्लोह में सुनीं लोगों की समस्याएं

# ठाकुरद्वारा-रायपुर-स्लोह सड़क की मंजूरी का किया वादा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने 'सरकार आपके घर द्वार' कार्यक्रम के तहत स्लोह तथा अरला पंचायतों में जनसंपर्क अभियान किया। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने ठाकुरद्वारा रायपुर स्लोह सड़क की मंजूरी का वादा भी किया।

स्लोह पंचायत के वार्ड नंबर एक में पेश आ रही पेयजल समस्या तथा विद्युतीय लोडशेडिंग की उठाई गई समस्याओं का हल अध्यक्ष द्वारा किए जाने व क्षेत्र को तीन ट्रांसफार्मर और एक नई पाइपलाइन



बिछवाए जाने पर इन पंचायतों के निवासियों ने विशेष धन्यवाद किया। सभी महानुभावों ने संजय चौहान की कार्यशैली को निहारते हुए क्षेत्र में हो रही प्रगति कार्यों की भी सराहना की। संजय चौहान ने कहा कि उनसे पहले नुमाइंदों ने सुलह को एक पिछड़ा क्षेत्र बना दिया है, लेकिन अब जब से प्रदेश में सुख की सरकार आसीन है तो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि कोई भी क्षेत्र पिछड़ा न रह सके और प्रगति प्रदेश के कोने कोने तक पहुंचे।

भाजपा और सुलह में मौजूदा विधायक पर आरोप लगाते हुए चौहान ने यह कहा कि उन्हें तो मुख्यमंत्री ने केवल देख रेख और व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जा सके, की जिम्मेवारी सौंपी ह, लेकिन विधायक यह तो बताएं कि सुलह के लिए दी गई विधायक निधि का कितना अंश उनके द्वारा जनता और विकास कार्यों पर लगाया गया है। विधायक क्यों नहीं इस ब्यौरा को सार्वजनिक कर रहे हैं। संजय सिंह चौहान ने आगे कहा कि पंचायतों की परिसीमन के ऊपर चिंतित जनता की मांग मुख्यमंत्री सुक्खू तक अवश्य पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा पूरी विधानसभा की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें यथासंभव हल किया जा रहा है।

उन्होंने साथ ही किसानों को भी संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कृषकों के लिए कोल्ड स्टोर व सब्जी मंडी स्वीकृत कर दी गई है और जल्द ही इनका निर्माण कार्य पूर्ण करवा कर किसानों के हवाले कर दिए जाएंगे जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्यांकन में भरपूर मदद मिलेगी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ रिसर्च विभाग के जिलाध्यक्ष सिरिल चंद्र, 20 सूत्रीय प्रदेश कमेटी के धर्म सिंह, अमन ठाकुर अशोक कपूर, चाय व्यापारी बब्बू ठाकुर, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष बलदेव सिंह, अनुसूचित विभाग के प्रदेश सचिव रवींद्र रेलू, पूर्व प्रधान बाबू राम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी बलारू, व्यापारी प्रकाश चंद पवन कुमार, चमन लाल व गणमान्य उपस्थित थे।

## संजय चौहान से मिला परौर के लोगों का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान से परौर का एक प्रतिनिधिमंडल मिलने आया। उन्होंने विस्तार पूर्वक अपनी व आसपास के क्षेत्र में हो रहे प्रगतिकार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने अध्यक्ष की कार्यशैली व कार्यप्रायणता पर संतोष जताया और कहा कि आज से पहले किसी ने उनके क्षेत्र की सुधबुद्ध नहीं ली। इसके अलावा उन्हें अपनी ग्राम पंचायत में आ रही समस्याओं का विस्तृत वर्णन किया, जिसमें मुख्यतः पेयजल और सिंचाई जल की समस्या थी, जिसे अध्यक्ष ने तुरंत उच्च अधिकारियों से समीक्षा करके सुलझाने के निर्देश दिए। साथ ही चौहान ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से भी वार्ता की और पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने को कहा। संजय सिंह चौहान ने बताया कि क्योंकि क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में भरपूर कृषि होती है इसलिए सब्जी मंडी के लिए चयनित की गयी प्रस्तावित भूमि की औपचारिकता के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दे दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सिराज के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की भेंट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी के नेतृत्व में आज यहां सिराज विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने सिराज क्षेत्र के बालीचौकी में हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्ननिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का उप-कार्यालय खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने जंजैहली में सरकार द्वारा सब्जी मंडी की स्वीकृति प्रदान करने के लिए भी आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि सब्जी मंडी के लिए शीघ्र ही भूमि उपलब्ध करवा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही जिला मंडी और सिराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों का समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार सिराज क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल भी उपस्थित रहे।

### खल्टूनाला में भू-स्खलन का मुआयना करने पहुंचे बरागटा



कोटखाई, भरत ठाकुर। खल्टूनला में भू-स्खलन की वजह से गुम्मा बाघी मुख्य मार्ग वीरवार से अवरुद्ध है। जिस कारण ऊबादेश की 6 पंचायतों की जनता का संपर्क कोटखाई उपमंडल मुख्यलय से कट गया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने शुक्रवार को खलटूनाला जाकर यथास्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वीरवार से गुम्मा बाघी मार्ग अवरुद्ध है, लेकिन एक दिन बीत जाने पर भी मौके पर कोई बड़ा प्रशानिक अधिकारी नहीं पहुंचा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बरागटा ने कहा कि 2023 में भारी वर्षा के कारण खलटूनाला का पुरे बाजार की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसको वैकल्पिक रूप से यातायात के लिए बहाल करने के लिए स्थानीय जनता ने सहयोग किया था। उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री गहरी निंद्रा में है शायद तभी लोक निर्माण विभाग ने दो वर्ष से खलटूनला की सुध लेन तक उचित न समझा। आज भू-स्खलन के कारण उबादेश की जनत को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ शिक्षा मंत्री जिम्मेदार है। बरागटा ने उबादेश क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हस्तक्षेप की मांग की है।

### गर्मी-बरसात में अब नहीं सताएगी पेयजल किल्लत

अनंत ज्ञान, शिमला। राजधानी शिमला के लोगों को गर्मियों और बरसात के मौसम में पानी की किल्लत खत्म होने वाली है। इसके लिए शिमला शहर में जहां शिमला जल प्रबंधन निगम के पास 26 एमएलडी पानी स्टोर रहने वाला है। वहीं, जून महीने तक सतलुज से आने वाला पानी भी शहरवासियों को मिल जाएगा। मेयर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि शकरोड़ी पेयजल प्रोजेक्ट का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। 10 प्रतिशत काम फनिशिंग का ही रहता है। यह काम भी जून तक पूरा हो जाएगा और यहां से पानी उठान शुरू हो जाएगा। ऐसे में इस परियोजना के कार्यों को देखने के लिए नगर निगम मेयर सुरेंद्र चौहान 10 फरवरी को कंपनी के अधिकारियों के साथ शकरोड़ी और दवाड़ा परियोजना का निरीक्षण करने जाने वाले हैं। इस दौरान अधिकारियों से काम पूरा करने का अंतिम समय भी लिया जाएगा। हालांकि शिमला जल प्रबंधन निगम का दावा है कि जून तक काम पूरा हो जाएगा और पानी लिफ्ट करने का कार्य भी जून से शुरू कर लिया जाएगा। हालांकि पिछले साल शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी एक बैठक में कंपनी को आदेश दिए थे कि जून तक इस प्रोजेक्ट का काम पूरा किया जाए। वहीं, मेयर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि कंपनी 66 केवी सब-स्टेशन चाहती है, यह कब तक बनेगा। बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि अभी यहां 22 केवी सब स्टेशन लगाया जा सकता है। महापौर ने जल्द इसका काम शुरू करने के निर्देश दिए।

### 22.80 ग्राम चिट्टे के साथ चार युवक काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिले की पुलिस ने दो मामलों में 22.80 ग्राम चिट्टा के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से तीन युवक पंजाब के है। वह मनाली घूमने के बाद वापस जा रहे थे, लेकिन बिलासपुर में पकड़े गए। चौथा युवक घुमारवीं क्षेत्र का है। सदर और घुमारवीं पुलिस मामलों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस की विशेष टीम ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पट्टा में टनल नंबर-3 में नाका लगाया था। इसी बीच मनाली की ओर से आ रही एक कार को रोका गया। कार में सवार तीन युवकों को घबराए हुए हावभाव देख कर कार और उनकी तलाशी ली गई। कार के डैशबोर्ड में रखा 20 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान रमन दीप सिंह निवासी गांव गुमटाला जिला अमृतसर, अमृतपाल सिंह निवासी किरण कॉलोनी गांव गुमटाला जिला अमृतसर और राहुल निवासी किरण कलोनी गांव गुमटाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। दूसरे मामले में घुमारवीं पुलिस ने गलियना गांव में एक युवक से 2.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की पहचान अमरजीत निवासी गांव गलियना तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मामलों की पुष्टि डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने की है।

### व्यक्ति से शराब की 12 बोतलें बरामद

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता पुलिस ने गश्त के दौरान जांगला नामक जगह में प्रदीप कुमार पुत्र निक्कू राम गांव मेखर्वी डाकघर गेहड़वीं तहसील झंडूता जिला बिलासपुर उम्र 55 वर्ष से 12 अदद बोतलें कांच मार्का संतरा नंबर 1 देसी शराब बरामद की गई। पुलिस आगामी कार्रवाई जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि कल शाम के समय झंडूता पुलिस गेहड़वी क्षेत्र में गश्त पर रवाना थी। जांगला नामक जगह पर एक व्यक्ति से 12 बोतलें बरामद की गई। जिस पर झंडूत थाने में मामला दर्ज किया गया। आगामी कार्रवाई जारी है।

### गंगुवाल नहर में मिला युवक का शव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। उपमंडल श्री नयन देवी जी के गंगुवाल में नहर में एक युवक का शव मिला है। युवक ने 30 जनवरी को दबट पुल से नहर में छलांग लगाई थी। इसके बाद युवक की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को आठ दिन बाद युवक का शव गंगुवाल में पावर हाउस के पास नहर में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार परमजीत सिंह निवासी मजारी तहसील श्री नयनदेवी देवी जी जिला बिलासपुर ने 30 जनवरी को दबट पुल से नहर में कूद गया था। छलांग लगाते हुए उसे लोगों ने देख लिया। सूचना कोट कहलूर पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवक की खोज की, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। शुक्रवार को परमजीत का शव गंगुवाल पावर हाउस के पास नहर में मिला। मृतक की पहचान उसके चाचा ने की है। डीएसपी श्री नयनादेवी जी विक्रांत बोंसरा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम ने जीता प्रथम मैच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। उत्तराखंड के रुद्रपुर में नेशनल गेम्स का अयोजन किया जा रहा है। नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम भी भाग लेते हुए अपना विजय अभियान शुरू कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भरी हिमाचल प्रदेश टीम ने यह मुकाबला एकतरफा जीत लिया। जानकारी देते हुए हैंडबॉल कोच स्नेहलता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश महिला टीम ने मेजबान उत्तराखंड को एक तरफा मैच में हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने 45 व उत्तराखंड ने मात्र 6 गोल किए। हिमाचल प्रदेश की तरफ से मिताली शर्मा ने 8, कृतिका ने 7, जागृति ने 7,शैलजा शर्मा ने 4 व मेनिका पाल ने 4 गोल किए। हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम की चीफ कोच स्नेहलत, कोच मनोज ठाकुर, टीम मैनेजर परवीन दुबे व सुशील ने टीम की शानदार जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी है व उम्मीद जताई है कि टीम बाकी मैच भी जीत कर हिमाचल को स्वर्ण पदक दिलाएगी।

### शंकर सेवा समिति कल लगाएगी रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, दधोल। शंकर सेवा एवं लंगर समिति भराड़ी के सौजन्य से 9 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समिति के प्रधान मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 9 फरवरी को सुबह 10 बजे उप तहसील भराड़ी कार्यालय के सामने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एम्स बिलासपुर की टीम इस कैंप में अपनी सेवाएं देंगी। उन्होंने बताया कि समिति हर वर्ष कैंप का आयोजन करवाती है जिसमे सैंकड़ों रक्तदानी भाग लेकर एक महान यज्ञ में अपनी भागीदारी देते है। रक्तदान महादान है अतः उन्होंने इस बार भी रक्तदानियों से आह्वान किया है कि भराड़ी में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में भाग लें।

# नशे की रोकथाम के लिए पुलिस को समाज का सहयोग जरूरी: एसपी

## कहा, जब तक लोग इसके खिलाफ खुलकर आगे नहीं आएंगे, तब तक नशे को खत्म नहीं किया जा सकता

नशे की रोकथाम के लिए पुलिस को समाज का सहयोग मिलना अति आवश्यक है। लोगों के सहयोग से ही पुलिस को नशा करने और बेचने वालों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यह बात बिलासपुर जिले के एसपी संदीप धवल ने अनंत ज्ञान के **बिलासपुर के प्रभारी बिलासपुर शुभम राही** से विशेष बातचीत में कही। पेश हैं इसके मुख्य अंश:



पुलिस अधीक्षक संदीप धवल से
**विशेष बातचीत**

**सवाल: फोरलेन एरिया में वाहनों की आवाजाही बढ़ी है, इसके लिए पुलिस के पास क्या प्लान है?**

जवाब: जब से बिलासपुर में से किरतपुर नेरचौक फोरलेन का काम शुरू हुआ है, तब से जिला में वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। ऐसे में प्रदेश सरकार की ओर से औहर क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस थाना खोला गया है। इस थाने में तैनात पुलिस कर्मचारी व अधिकारी विशेष रूप से ट्रैफिक व्यवस्था देखते हैं। यहां पर दिन रात पुलिस के नाके लगे हुए होते हैं और समय समय पर वाहनों की चेकिंग की जाती है। वाहनों की रफ्तार कम रहें, इसके लिए यहां पर आईटीएमएस कैमरे भी लगे हुए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक 60 से अधिक वाहन की स्पीड से वाहन चलाता है, तो उसका ऑनलाइन चालान किया जा रहा है।

**सवाल: नशे की रोकथाम के लिए पुलिस किस प्लानिंग के साथ कार्य रही है?**

जवाब: नशे की रोकथाम के लिए पुलिस के साथ समाज की मुख्य भूमिका रहती है। पुलिस तो सिर्फ नशा करने वालों और बेचने वालों को पकड़कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। लेकिन नशे को खत्म करने के लिए समाज को आगे आना बहुत जरूरी है। जब तक समाज के लोग इसके खिलाफ खुलकर आगे नहीं आएंगे, तब तक नशे को खत्म नहीं किया जा सकता है। बिलासपुर जिला की जनता से आग्रह है कि वह खुलकर सामने आए और पुलिस के साथ मिलकर नशे से जुड़े लोगों को पकड़ने में मदद करे। जिला पुलिस पूरी तरह से समाज के साथ मिलकर कार्य करने को तत्पर है।

**सवाल: पूरे जिले पर एक साथ नजर रखने के लिए क्या व्यवस्था है?**

जवाब: एसपी कार्यालय बिलासपुर में लाखों रुपए की लागत से एक बड़ा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से जिला के हर स्थानों और चौक चौराहों पर पूरी नजर रखती जाती है। यहां पर मौजूद अधिकारी एक क्लिक पर प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखते हैं।

**सवाल: बिलासपुर शहर में कितने सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं?**

जवाब: बिलासपुर शहर में करोड़ों रुपए की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही कार्य शुरू होने जा रहा है। यह कैमरे बिलासपुर शहर के इन और आउट एरिया में लगाए जाएंगे, ताकि पूरे शहर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा सके और इन कैमरों की मदद से पुलिस को किसी भी घटना में संलिप्त आरोपी को पकड़ने में मदद मिल सके।

# आधी रात भड़की आग ने बेघर कर डाले तीन परिवार

सपना सूद, चौपाल/नेरवा

नेरवा तहसील की उत्तराखंड सीमा पर स्थित किरण पंचायत के क्योंथोली गांव में गुरुवार आधी रात भड़की आग ने तीन परिवार बेघर कर डाले। ग्रामीणों की भरसक कोशिश के बावजूद लाखों की संपत्ति नहीं बच पाई।

गनीमत यह रही कि घटनास्थल पर एकत्रित लोगों ने मकान के अंदर लोगों को सकुशल निकाल लिया। जानकारी के अनुसार नेरवा तहसील की उत्तराखंड की दूरदराज ग्राम पंचायत किरण के क्योंथली गांव में आग लगने से चार कमरों का एक मकान और गोशाला के दो कमरे जलकर राख हो गए।

अग्निकांड की इस घटना में तीन गरीब परिवार बेघर हो गए है। तीनों परिवारों के सदस्य तन पर पहने कपड़ों के आलावा कुछ भी नहीं बचा पाए है। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात अढ़ाई तीन बजे जाडू राम पुत्र कलिया राम के मकान से अचानक लपटें उठनी शुरू हो गई। घटना का पता लगने पर मानगढ़ के अलावा नजदीकी गांव थंगाड़, शावडा, खुडोग व थमाड़ा गांव के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश की, परंतु वह मकान को जलने से नहीं बचा पाए, परंतु गनीमत यह रही कि लोगों ने मकान के अंदर सो रहे सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाल दिया।



क्योंथोली गांव में आग से लाखों की संपत्ति राख

एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने बताया कि तहसीलदार नेरवा कुश कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर पीड़ित परिवार को दस हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की है तथा करीब बारह हजार रुपए के नकसान का प्रारंभिक आकलन किया गया है।(अनंत ज्ञान)

### घासणी में लगी आग

रोहड़ू। रोहड़ू उपमंडल की स्पैल वैली के बुवरा गांव के साथ लगती घासणी में वीरवार देर रात अग्निकांड की भीषण घटना पेश आई। गनीमत रही कि किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया और आग को सेब के बागीचों व रिहायशी मकानों तक फैलने से बचा लिया। एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने बताया कि अग्निकांड की घटना में किसी तरह का जान व माल का नुकसान नहीं हुआ है।

### अनब्लॉक हुए राशन कार्ड धारकों को मिलेगा राशन

अनंत ज्ञान, शिमला। सस्ते राशन के डिपुओं में अनब्लॉक हुए राशन कार्ड धारकों को डबल कोटा दिया जाएगा। ई केवाईसी न करवाने वाले उपभोक्ताओं के विभाग ने राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए थे। ऐसे में उपभोक्ताओं को जनवरी माह में राशन नहीं मिला पाया था। इसके देखते हुए प्रदेश सरकार ने ई केवाईसी करने पर ऐसे उपभोक्ताओं को फरवरी में दो महीने का कोटा एक साथ देने का फैसला लिया है जिसके तहत उपभोक्ताओं को अब ई केवाईसी होने पर फरवरी में राशन का डबल कोटा दिया जाएगा।

ई केवाईसी न करने पर प्रदेश में 2,91,162 राशन कार्डों को ब्लॉक किया गया था। ऐसे में इन उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिला था लेकिन विभाग की सख्ती पर ई केवाईसी होने के बाद अब 1,59,614 राशन कार्ड अनब्लॉक हो गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग अधिकारियों का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं के राशन कार्ड अनब्लॉक हो गए हैं, उन्हें इस महीने राशन का डबल कोटा दिया जाएगा।

# संज्ञान में लाएं बंधुआ मजदूरी एवं बाल मजदूरी की घटनाएं: अनुपम



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 की धारा 13 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बंधुआ मजदूरी प्रथा एवं बाल मजदूरी पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में बंधुआ मजदूरी का अभी तक कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि सभी लोग अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखें तथा यदि कहीं पर भी बंधुआ श्रमिकों एवं बाल श्रमिकों का नियोजन किया जा रहा है तो उसे तत्काल संज्ञान में लाएं ताकि उचित कार्यवाही अमल में लायी जा सके। उन्होंने कहा कि समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है बंधुआ मजदूरी प्रथा एवं बाल मजदूरी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और इस तरह के मामले नजरअंदाज नहीं किए जा सकते। उपायुक्त ने कहा कि यदि जिला में बंधुआ मजदूरी प्रथा एवं बाल मजदूरी की घटना किसी के ध्यान में है तो वह जल्द से जल्द विभाग के ध्यानार्थ लाए ताकि कार्यवाही हो सके।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल्द श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति एवं बंधुआ मजदूरी प्रथा तथा बाल मजदूरी पर कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि श्रमिकों को उनके अधिकारों की जानकारी मिल सके।

# पनोह से गोदड़िया सिद्ध तक तैयार करें पैदल ट्रैक

## मंत्री राजेश धर्माणी ने दिए निर्देश, फेटी धार स्थित गोदड़िया सिद्ध मंदिर क्षेत्र का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

प्रदेश के तकनीकी शिक्षा एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को फेटीधार स्थित गोदड़िया सिद्ध मंदिर तक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र को पर्यटन के केंद्र के रूप में उबारने के लिए एक बड़े पार्क के निर्माण की योजना पर कार्य किया जा रहा है।



- कहा, फोरलेन से जुड़कर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा यह ट्रैक
- यहां बड़े पार्क और अन्य सुविधाओं के विकास पर सरकार का फोकस

धर्माणी ने वन विभाग के अधिकारियों को पनोह से गोदड़िया सिद्ध होते हुए त्यून किले तक एक पैदल ट्रैक विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह ट्रैक फोरलेन से जुड़कर पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस लंबे ट्रैक में बीच बीच में आराम करने के लिए शैड (छायादार स्थल) बनाए जाएंगे, ताकि पर्यटक सुगमता से यात्रा कर सकें और प्रकृति का आनंद ले सकें।

इसके अतिरिक्त, राजेश धर्माणी ने भगेड़ से खरला, खुंगारे, बाग और पनोल होते हुए ओशल जंगल तक एक और पैदल ट्रैक विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इन दोनों ट्रैक्स के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इन ट्रैक्स के बीच में कुछ रमणीक स्थल और जल स्रोत मौजूद हैं, जहां पर्यटक बैठकर शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

धर्माणी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हिमाचल आने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर ग्रामीण क्षेत्रों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना है, जिससे पर्यटन के लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फोरलेन का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब हम पर्यटकों को यहां अधिक समय तक रोकने के लिए नई गतिविधियों को शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए गोविंद सागर झील और इसके आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। हमारा मुख्य लक्ष्य बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से उभारना और इसे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित करना है।

### शाहतलाई में दुकान में लगी भीषण आग

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल के शाहतलाई क्षेत्र के शाहतलाई बाजार में अनाज मंडी के पास महेंद्र सिंह निवासी गांव गुजरेहड़ा की टीननुमा चिकन कॉर्नर की दुकान में देर रात अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस थाना तलाई की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग झंडूता से स्थानीय लोगों ने सम्पर्क किया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और दुकान में लगी आग पर काबू पाया गया तथा स्थानीय लोगों ने भी आग को बुझाने में विभाग की मदद की। जानकारी अनुसार आग लगने के कारण महेंद्र सिंह की दुकान का लगभग 2 लाख रुपए के सामान का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग द्वारा आसपास की दुकानों का लगभग 40 लाख नुकसान होने से बचा लिया गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता न चला है। पुलिस द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# सन राइजिंग स्कूल जबलू में मेधावी बच्चे किए सम्मानित




अनंत ज्ञान, झंडूता

- स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

लीला देवी एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचलित सन राइजिंग पब्लिक स्कूल जबलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक सुभाष चंदेल ने की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक बलदेव शर्मा जी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। बच्चों को संबोधित करते हुए भविष्य में पढ़ाई की तरफ ध्यान देने के लिए तथा सभी अध्यापकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भी अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं। प्रबंधक सुभाष चंदेल ने मुख्याध्यापक के पद से रिटायर्ड बलदेव शर्मा जी के संदर्भ में बताया कि एक बहुत ही ईमानदार और कर्मठ छवि के अध्यापक रहे हैं, जो स्वयं बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आज उनके बीच में मौजूद हैं। समारोह में शिवन्या, सेजल, अवनि, अंशिका ,पलक, नैन्सी, वंशिका, सृष्टि, अदिति, शगुन आराध्या, निशांत, कार्तिक, मानव, दक्षु, शौर्य, आसिफ, मन्नत, अमायरा तथा अरविश ने पंजाबी, नाटी तथा देश भक्ति गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा।

### 40 छात्र अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले के लिए नई दिल्ली रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर से शैक्षणिक भ्रमण के लिए विभिन्न संकायों के लगभग 40 विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला, नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनुपालना करते हुए प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के मार्गदर्शन में पहली बार महाविद्यालय से विद्यार्थियों को विश्व पुस्तक मेला में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय उप प्राचार्य प्रो प्रेमजीत ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में ज्ञान का मुख्य साधन पुस्तकों के साथ रहेंगे और आप सभी अच्छी पुस्तकों का चयन कर उनका अध्ययन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आप सभी इस शैक्षणिक भ्रमण में ज्ञानार्जन करें और नई चीजें सीखकर अपनी रचनात्मकता और सृजनात्मकता में वृद्धि करें। शैक्षणिक भ्रमण दल के साथ महाविद्यालय की ओर से डॉ विजय, प्रो अनुप्रिया और डॉ अजीत को भेजा गया है जो 6 और 7 फरवरी को पुस्तक मेले की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे।

# पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने के लिए भटक रहा धोखाधड़ी का शिकार व्यक्ति

## बोला, कोई भी पुलिस स्टेशन दर्ज नहीं कर रहा उसकी शिकायत

नीरज शर्मा, घुमारवीं

धोखाधड़ी का शिकार हुआ एक व्यक्ति अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए दर दर भटक रहा है, लेकिन किसी भी थाने में उसकी शिकायत दर्ज नहीं की जा रही है। पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज न होने के बाद व्यक्ति पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाता है, लेकिन यहां भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है।

यह मामला पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आता है, जहां पीड़ित व्यक्ति धर्मेंद्र अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए बार बार थाने के चक्कर काट रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि घुमारवीं से उसे झंडूता थाने में प्राथमिक की दर्ज करवाने के लिए कहा जाता है, लेकिन व्यक्ति जब झंडूता पहुंचता है तो उसे वापस घुमारवीं थाने भेज दिया जाता है। बावजूद इसके उसकी शिकायत दर्ज नहीं की जाती है। धोखाधड़ी का शिकार हुए धर्मेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की अपनी शिकायत में बताया है कि उसके पास एक जेसीबी मशीन है, जिसका कुछ माह पहले भगेड़ के पास एक्सीडेंट हो गया था।

- एएसपी बोले, पुलिस थाना घुमारवीं को कार्रवाई करने के दिए हैं आदेश

गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उन्होंने इंश्योरेंस के लिए अप्लाई किया तो इंश्योरेंस कंपनी के सुपरवाइजर उनसे सारे कागजात लेकर चला गया। इसमें ड्राइवर का लाइसेंस भी शामिल था। उसे कुछ दिनों बाद इंश्योरेंस कंपनी की तरफ से बताया गया कि उनके ड्राइवर का लाइसेंस नकली है तथा उसे क्लेम नहीं दिया जाएगा। इस पर जब उसने अपने ड्राइवर से बात की तो उसने बताया कि यह लाइसेंस उसने लाइसेंस अथॉरिटी झंडूता में बनवाया है। धर्मेंद्र का कहना है कि झंडूता में जांच करने पर पता चला कि यह लाइसेंस नकली है। इसके बाद ड्राइवर ने इस बात को माना कि उसने यह लाइसेंस फर्जी तरीके से स्कैन करके बनवाया था। ड्राइवर के द्वारा की गई इस धोखाधड़ी की वजह से उसे लाखों रुपए का नुकसान हो गया है तथा अब जब उसने ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवानी चाही तो उसकी शिकायत दर्ज ही नहीं की जा रही है।

जेसीबी के मालिक धर्मेंद्र का कहना है कि एक तरफ तो उसे लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है दूसरी तरफ उसके साथ हुई धोखाधड़ी के लिए उसकी शिकायत दर्ज दर्ज नहीं की जा रही है। उधर, एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि शिकायत आई थी। इसके बाद पुलिस थाना घुमारवीं को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा-जोत-चुवाड़ी मार्ग पर दौड़ी गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बर्फबारी के कारण बंद चंबा-जोत-चुवाड़ी मार्ग छोटे वाहनों की आवजाही के लिए खोल दिया है। इसके बाद जोत मार्ग पर छोटे वाहनों ने सरपट दौड़ना आरंभ किया है। इस मार्ग पर यातायात बहाल होने से जोत व आस-पास के गांवों के लोगों ने बर्फ की कैद से निजात मिलने पर राहत की सांस ली है। जोत मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही को सामान्य बनाने हेतु बर्फ हटाने का कार्य अभी जारी है। पीडब्ल्यूडी चंबा मंडल के कनिष्ठ अभियंता भास्कर सहगल ने खबर की पुष्टि की है। मंगलवार रात को जोत में करीब डेढ़ फुट बर्फबारी होने के बाद वाहनों के पहिये थमकर रह गए थे। पीडब्ल्यूडी विभाग ने मौसम खुलते ही बुधवार को जेसीबी मशीनों के सहयोग से मार्ग पर जमी फुटों के हिसाब से बर्फ हटाने का काम आरंभ कर दिया था। मगर दोपहर बाद फिर से बर्फबारी का दौर आरंभ होने से यातायात बहाली का काम रोकना पड़ा था।

### जिला रोजगार कार्यालय चंबा में साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनी में नौकरी करने का मौका है। जिला रोजगार कार्यालय चंबा की ओर से साक्षात्कार का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 17 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय चंबा में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 18 फरवरी को चुवाड़ी स्थित रोजगार उप कार्यालय में साक्षात्कार लिए जाएंगे। बद्दी की कंपनी अप्रेंटिसशिप और ऑपरेटरों के 100 पद भरेगी। इन पदों के लिए पुरुष और महिलाएं साक्षात्कार दे सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता दसवीं से बारहवीं कक्षा है। कंपनी की ओर से 12000 रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। साक्षात्कार से पहले युवाओं को ईईएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। मूल प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने होंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने दी। बताया कि निजी कंपनी 100 पद भरेगी।

### पुलिस ने 94 ग्राम चरस की बरामद, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर थाना में 94 ग्राम चरस बरामद करने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने यातायात चैकिंग के दौरान पुल घराट के पास मंडी की ओर से आ रही एचआरटीसी बस में सवार नरेश कुमार पुत्र मेहर चंद गांव शीश डाकघर गड़सा तहसील भुंतर जिला कुल्लू से 94 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि नशे के तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### प्रशिक्षणार्थी 15 दिन में सीखेंगे जिलाधीश कार्यालय में कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं समवर्गी क्रियाकलाप के अंतर्गत दक्षता योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को छह माह प्रवीणता कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त शिमला को कार्यालय में सीखे हुए कार्य दैनिक रिपोर्ट देनी होगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने इस बारे में संबंधित विभाग को रिपोर्ट का प्रारूप तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधीश कार्यालय में 15 दिनों तक प्रशिक्षणार्थियों को कार्य सीखना होगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि विभाग की ओर से कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं समवर्गी क्रिया-कलापों के अन्तर्गत दक्षता योजना अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, विधवा, एकल नारी एवं दिव्यांगजन जिनकी उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो। जिला शिमला में 178 बच्चे विभिन्न विभागों में प्रवीणता के लिए कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है योजनाओं के तहत लाभार्थियों को असल में लाभ मिल भी रहा है या नहीं । दैनिक रिपोर्ट का असली लक्ष्य लाभार्थियों को सरकारी कार्यों में निपुण बनाना है। ताकि भविष्य के लिए बेहतर हो सके। ऐसे में प्रशिक्षणार्थी दैनिक अपनी रिपोर्ट बनाया करेंगे। इसके बाद अपने विभागाध्यक्ष से रिपोर्ट पर हस्ताक्षर होंगे। उसके उपरांत एक महीने बाद रिपोर्ट विभागाध्यक्ष के माध्यम से मेरे कार्यालय आएगी। मैं हर प्रशिक्षणार्थी की रिपोर्ट चैक करूंगा।

### ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकास खंड चंबा के तहत ग्राम पंचायत जडेरा के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मांग की है कि ग्राम पंचायत जडेरा को साहो उपतहसील के साथ न जोड़ा जाए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल ग्रामीण लेखराज, बलदेव ठाकुर, रीना कुमारी, अमर सिंह और पवन ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत जडेरा के कुछ गांव मुख्य मार्ग से काफी दूर हैं और सड़क भी नहीं है। ऐसे में लोगों को पैदल ही आवाजाही करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि उपतहसील साहो के लिए उन्हें बार-बार बसें बदलने पड़ेंगी। उन्होंने बताया कि इसके बारे में प्रस्ताव भी पारित किया गया है कि उपतहसील साहो को पटवार सिर्कल जडेरा के साथ न जोड़ा जाए और वर्तमान में चंबा तहसील के साथ ही रखा जाए।

### लोकमित्र केंद्रों के संचालकों को सौंपी व्हीलचेयर्स

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की हरेक पंचायत में माडल लोकमित्र केंद्र बनाए जा रहे हैं। माडल लोकमित्र केंद्र में न केवल विभिन्न आधुनिक सुविधाएं लोगों को मिलेंगी बल्कि विशेष रूप से सक्षम लोगों के लिए केंद्र तक पहुंचने हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था भी होगी। इसके तहत 20 व्हील चेयर उपायुक्त कार्यालय चंबा पहुंच गई हैं। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने गुरुवार को व्हीलचेयर्स को पांच लोकमित्र केंद्रों के संचालकों को सौंपी। इनमें चंबा, मेहला, साच, कियाणी और करियां लोक मित्र केंद्र शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में कई आवश्यक कार्य लोक मित्र केंद्र के माध्यम से करवाए जा रहे हैं। सभी प्रकार के प्रमाण पत्र जैसे एससी-एसटी, ओबीसी, इनकम सर्टिफिकेट आदि दस्तावेजों के लिए आनलाइन ही लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से अप्लाई किया जा रहा है। इसके अलावा लोकमित्र केंद्रों में जमीन का पर्चा, मिनी बैंक के रूप में पैसे जमा करवाने व निकालने, नौकरी व अन्य कार्यों के आवेदन करने सहित सभी ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। लिहाजा जिला चंबा की सभी 309 पंचायतों में एक-एक माडल लोकमित्र केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें 25-25 हजार रुपए खर्च करके रैंप निर्माण सहित कई आवश्यक कार्य भी करवाए जा रहे हैं।

# पार्किंग को लेकर बनीखेतवासी परेशान

## अब तक पार्किंग का कोई स्थायी हल नहीं निकाल पाया स्थानीय प्रशासन

मुकेश कुमार, डलहौजी



सड़क पर लगा हुआ जाम जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही।

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत में इन दोनों पार्किंग की समस्या ने एक बार फिर से सर उठाना शुरू कर दिया है।

बताते चलें की क्षेत्र का सबसे अधिक व्यस्त रहने वाला बनीखेत बाजार में ज्यादातर लोगों के वहां स्थाई रूप से ही सड़क किनारे खड़े रहते हैं जिसको लेकर कई बार यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, इसको समस्या को लेकर बनीखेत बसअड्डा, सुखींगला, बैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड पद्दर में यहां वहां खड़ी गाड़ियां अकसर जाम की स्थिति उत्पन्न कर ही देती हैं ।

हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तेदी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं किंतु उसके बावजूद भी इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकलता नजर आ रहा है।

गौर करने वाली बात यह है कि क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा भी नहीं है पार्किंग को लेकर बनीखेत के कई होटल ग्राम पंचायत बनीखेत की पार्किंग का सहारा लेते हैं लेकिन, बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालात किसी से छुपी नहीं है वह भी ज्यादातर भरी ही रहती हैं और गाड़ियां पार्किंग से बाहर खड़ी देखने को मिल ही जाती हैं।

पार्किंग को लेकर बनीखेत में हालात बद से बदत्तर होते जा रहे हैं, इसके लिए स्थानीय लोगों प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द पार्किंग को लेकर कोई ठोस हल निकल जाए ताकि स्थानीय लोगों के समक्ष आ रही इस समस्या से पूर्णता निजात मिल सके।

### कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का नहीं हुआ समाधान

**बताते** चलें कि कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के डलहौजी दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या को लेकर अवगत करवाया था किंतु अभी तक न तो सरकार की तरफ से ही कोई रुख साफ हो पाया है और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम ही उठाए हैं।

### प्रशासन करे समस्या का जल्द समाधान

**पुलिस** प्रशासन समय-समय पर यातायात को सुचारू एवं सही ढंग से बनाए रखने के चालान एवं जुर्माना इत्यादि लगाकर कानून की अधिनियम करने वाले को सजा तो जरूर देता रहता है किंतु ऐसा करना भी कोई स्थाई हल नहीं है। क्योंकि यकायक क्षेत्र में बढ़नी जनसंख्या के कारण खाली जगह नहीं रही हैं जो पार्किंग की समस्या का बड़ा कारण बनती दिखाई दे रही हैं तथा स्थानीय लोगों की प्रशासन से गुहार है कि इस समस्या से उन्हें जल्द से जल्द छुटकारा दिलाया जाए।

# स्वच्छता कर्मियों को सर्दियों के लिए गर्म जैकेट किए वितरित

मुकेश कुमार, डलहौजी

**स्वच्छता कर्मियों के लिए किया एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन**

हिलदारी डलहौजी और नगर परिषद डलहौजी के संयुक्त प्रयासों से आज स्वच्छता कर्मियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य कार्य संस्कृति, सॉफ्ट स्किल्स और आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देना था, जिससे स्वच्छता कर्मी अपने कार्यस्थल पर अधिक दक्षता और आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने कार्यस्थल पर सकारात्मक कार्य संस्कृति, टीम वर्क, संचार कौशल और आत्म-सम्मान को विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। यह पहल न केवल स्वच्छता कर्मियों के कार्य कौशल को बेहतर बनाने में सहायक होगी, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भी योगदान देगी।

इस अवसर पर हिलदारी डलहौजी और नगर परिषद डलहौजी की ओर से स्वच्छता कर्मियों को सर्दियों के लिए गर्म जैकेट वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उनके कार्य करने की सुविधा में सुधार हो सके।

इसके साथ ही, स्वच्छता कर्मियों के सम्मान और सराहना के रूप में उनके लिए सामूहिक भोज (लंच) का आयोजन भी किया गया।

इस सफल आयोजन के माध्यम से, हिलदारी डलहौजी और नगर परिषद डलहौजी ने एक बार फिर यह साबित किया कि स्वच्छता कर्मियों की भलाई और उनके पेशेवर विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।


कर्मियों को जैकेट वितरित करते हुए गणमान्य।

# संवाद स्थापित कर कार्य करे सभी अधिकारी : उपायुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अविकसित ब्लॉकों के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

कार्यक्रम के तहत जिला शिमला के 2 ब्लॉक छोहारा और कुपवी को शामिल किया गया है। इन ब्लॉकों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में बेहतरी लाने पर ध्यान दिया जा रहा है। निति आयोग द्वारा निर्धारित 39 संकेतकों के सूचि के आधार पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुपवी ब्लॉक में 15 पंचायतें एवं 145 गांव आते है वहीं छोहारा ब्लॉक के तहत 32 पंचायतों के 132 गांव आते है जहां पर लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं अन्य बुनियादी ढांचे में वृद्धि की जा रही है ताकि वहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

# सीरड़ी गांव में बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान, भरमौर

हिमाचल प्रदेश के गैर सरकारी संगठन 'मेरा गांव मेरा स्वाभिमान' के अध्यक्ष मेद सिंह ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के साथ जोड़ने तथा गरीब एवं पिछड़े परिवारों के बच्चों को निशुल्क कोचिंग देने समेत शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने सबसे पहले प्रदेश के आकांक्षी जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर स्थित अपनी पैतृक पंचायत पूलन के सीरड़ी गांव को गोद ले लिया है। उन्होंने वहां बाकायदा अपने इस गैर सरकारी संगठन मेरा गांव मेरा स्वाभिमान के बैनर तले पहला निशुल्क कोचिंग व परामर्श केंद्र भी स्थापित कर दिया गया है, जिसमें इस पंचायत के पढ़े-लिखे युवाओं ने जहां स्वंयसेवक के तौर पर अपनी स्किल को बढ़ाने के लिए इस बैनर तले उन बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया है।

बच्चों ने इन दिनों जनजातीय क्षेत्र के स्कूलों में चल रहे शीतकालीन अवकाश को मद्देनजर रखते हुये इस कोचिंग सेंटर में स्कूली पढ़ाई के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं और अपने सबजेक्ट से संबंधित पाठ्यक्रमों को दोहराने की कोचिंग लेनी शुरू कर दी है।



### हर तरफ हो रही चर्चा

**गैर** सरकारी संगठन मेरा गांव मेरा स्वाभिमान द्वारा लिए गए फैसले की अब न केवल जनजातीय क्षेत्र भरमौर में तारीफ हो रही है बल्कि उससे बाहर भी लोग इस फैसले की सराहना करने लगे हैं। कई क्षेत्रों में कोचिंग सेंटर खोलने की मांग है।

### क्या कहते हैं संस्था के संचालक मेद सिंह

**गैर-सरकारी** संगठन मेरा गांव मेरा स्वाभिमान के संचालक मेद सिंह ने कहा कि भरमौर के भी जनजातीय गांव सीरड़ी में हुआ। पंचायत को गोद लेकर वहां के उन बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है जो बच्चे बाहर जाकर कोचिंग नहीं ले पाते या सामान्य क्षेत्रों की माफिक अपने पाठ्य पुस्तकों से संबंधित ट्यूशन पढ़ने नहीं जा पाते हैं, उन्होंने इसको ध्यान में रखते हुए पहले चरण में अपनी पंचायत के सीरड़ी गांव में निशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना की है और भविष्य में वो इस पुनीत कार्य को बढ़ाया जाएगा।

# गुणवत्ता युक्त हॉस्पिटल होना जरूरी : डॉ. दुष्यंत

अनंत ज्ञान, भरमौर



राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन की कड़ी में आज चंबा में आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर चनेड़ में निरीक्षण किया । इस दौरान डॉ. करण हितैषी मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज ने टीम के साथ प्रेयेवेषकों का स्वागत किया। डॉ. सुरेंद डोगरा ने बताया की अस्पतालों का मूल्यांकन करने के लिए मानक तय किए गए हैं। इन मानकों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पतालों का सर्वे करती है।

अस्पतालों का मूल्यांकन करने के लिए आज राज्य स्तरीय नेशनल क्वालिटी असुरान्स स्टैंडर्ड प्रोग्राम के प्रेवर्शक डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा हमीरपुर मेडिकल संघ के अध्यक्ष, डॉ. दुष्यंत कुमार मेडिकल ऑफिसर, डॉ. सुरेश कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण किया। गुणवत्ताओं के आधार पर हर जिले में टीमें कर रही हैं। निरीक्षण और उसके बाद नेशनल टीमें आगे का निरीक्षण आकर करेंगी ताकि सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बन सकें । डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया ये नेशनल हेल्थ मिशन के तेहत प्रोग्राम है जिसमें पहले कायाकल्प प्रोग्राम है फिर उससे ऊपर ये प्रोग्राम आया जिसका नाम ही क्वालिटी यानी गुणवत्ता से संबंध रखता है। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अस्पतालों को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र देता है।

डॉ. दुष्यंत ने कहा जीवन का पहला सुख निरोगी काया है और उसके लिए गुणवत्ता युक्त हॉस्पिटल और सुविधाओं का होना बहुत जरूरी है। डॉ. सुरिंद्र सिंह और स्टेट प्रेवेषक डॉ. दुष्यंत कुमार ने आभार प्रकट किया।

# बनीखेत बाजार से खैरी पुल तक मार्ग खराब, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, डलहौजी


खस्ताहालत में मार्ग का दृश्य।

विकास खंड भटीयात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत में मुख्य बाजार से बाया पद्दर खैरी पुल तक मार्ग के हालत बद से बत्तर हो गए है। बता दें कि इस बारे में ग्राम पंचायत बनीखेत ने एनएचपीसी क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय बनीखेत से इसकी मरम्मत हेतु मांग की थी और एनएचपीसी ने इस मांग को पूरा करते हुए खैरीपुल के साथ लगते है एनएचपीसी चौक से पद्दर बाजार तक पैच वर्क को अंजाम देते हुए पत्थर एवं मिट्टी भरकर खानापुरती को अंजाम दे दिया, किंतु मुख्य बाजार से पद्दर तक का मार्ग ज्यों का त्यों ही है।

इस बारे में जब ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा से बात की गई तो उन्होंने इस सारे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा की यह रास्ता आधिकारिक रूप से किसी भी खाते में नहीं आता है और इसके काम हेतु हर कोई अपना पल्ला ही झड़ता है कई बार पंचायत ने अपने स्तर पर इसके काम को अंजाम दिया है । किंतु पंचायत के पास उचित रूप से इस काम को लेकर बजट नहीं रहता है फिर भी पंचायत समय-समय पर इसकी देखरेख को अंजाम देती रहती है।

वहीं स्थानीय गांववासी सूरज महेंद्र, अश्विनी, विशु, दीपक, प्रवीण, जोगिंद्र, कुलविंद्र एवं नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मार्ग को लेकर हर कोई अपना सौतेला व्यवहार ही दिखता है जो की गलत है।

सड़के जो है वह उस क्षेत्र की जीवन रेखा को दर्शाती है और यह सड़क कहीं न कहीं बनीखेत के हालातों को बयां करती दिखाई देती है जबकि इस सड़क पर ही दो कॉलेज, हॉस्पिटल केवीएस स्कूल, निजी स्कूल, इकलौता खेल का मैदान ऐतिहासिक नाग मंदिर, एनएचपीसी कॉलोनी एवं एनएचपीसी का सबसे क्षेत्र कार्यालय भी स्थित है ।

## सूडोकू नवताल 7335 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकू नवताल -7334 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए : नंद लाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिला कल्याण समिति की बैठक बचत भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता 7वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष नन्द लाल ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कमजोर वर्गों के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से चलाई गई योजनाएं आम जनता तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और फील्ड में कार्यरत स्टाफ ये सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

समिति के उपाध्यक्ष एंव उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में जिला कल्याण समिति की बैठक में अनुमोदित समस्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत धन राशि का वितरण 83821 लाभार्थियों को कर दिया गया है। विभाग की ओर से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर एक अरब 35 करोड़ 62 लाख 63 हजार की राशि वितरित कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों का कल्याण करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है।

# मंदिरों के मॉडल बनाने वाले शिल्पी तेज राम नहीं रहे

अनंत ज्ञान, मंडी

बांस की खपच्चियों से बेहद आकर्षक और सटीक शैली के मॉडल बनाकर प्रदेश भर में इनको लोकप्रिय करने वाले तेज राम सोनी नहीं रहे। उनके निधन से प्रदेश में बांस शिल्प का एक अध्याय बंद हो गया। 76 साल के तेज राम सोनी मंडी जिले के करसोग उपमंडल में आने वाले ऐतिहासिक कस्बे पांगणा के रहने वाले थे और शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। 1990 में तेज राम सोनी ने बांस की खपच्चियों को फेवीकोल से जोड़ जोड़ कर सबसे पहले अपने कस्बे के प्राचीनतम महामाया कोट का मॉडल बनाया और यह इस कारण से लोगों को बेहद पसंद आया क्योंकि यह मॉडल हू-ब-हू शैली को परिलक्षित करता था। इसके बाद उसने मंडी के घंटाघर, पराशर समेत कई प्राचीन मंदिरों के मॉडल बनाए और वह इतनी निपुणता के साथ तैयार किए कि इसकी पैमाइश में जरा सा भी अंतर नजर नहीं आता था।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 फरवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** एकादशी (08:18): **नक्षत्र** मृगशिरा (06:08), **पक्ष** : शुक्ल, **योग** : वैधृति (02:04) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (09:50 -11:12)।

### विशेष दिन

- 8 फरवरी : जया एकादशी व्रत आज।
- 9 फरवरी : भीष्म द्वादशी कल।

**मेष:** आज का दिन उत्कृष्ट परिणामदायक है। प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नौकरी की तलाश करने व्यवसाय शुरू कर सकते हैं ।

**वृषभ:** आप नई रणनीति चुन सकते हैं। आपकी छवि में निखार आएगा। पेट से संबंधित बीमारियों के लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

**मिथुन:** आज आप महत्वपूर्ण निर्णय, सोच-विचार के बाद ही लेवें। आपके के लिए किसी प्रियजन का स्वास्थ्य चिंता का कारण बना सकता है।

**कर्क:** आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। संपत्ति के सौदे आपको लाभ देंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए तरक्की के आसार बन सकते हैं।

**सिंह :** व्यावसायिक एवं आर्थिक परिवेश में आज लाभ के मार्ग प्रशस्त रहेंगे। वित्तीय मामलों के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है।

**कन्या :** परियोजनाओं और कार्यों में बाधाएं संभव हैं। निवेश को स्थगित करना, आपके लिए अच्छा रहेगा। संपत्ति के सौदे पर दस्तावेजों को ध्यान से देखें।

**तुला:** आप एक महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। राजनीति या सामाजिक कार्यों में शामिल लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** कार्यस्थल पर आपका सकारात्मक विकास होगा। वित्तीय लाभ संभव है। विदेश जाने के इच्छुक हैं तो प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

**धनु :** वित्तीय लाभ उम्मीद से बेहतर होगा। आप भूमि या शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर वांछित काम समय पर पूरा होगा।

**मकर :** परीक्षा के माध्यम से उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश पाने वाले व्यक्ति आज सफल होंगे। आज आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे।

**कुंभ :** आज घर की खरीद या नवीनीकरण के लिए शुभ समय है। वित्त, कानून या विज्ञान से जुड़े लोगों के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

**मीन :** आज खुशियों के साथ दिन की शुरुआत हो सकती है। आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार और आय में वृद्धि के मजबूत संकेत हैं।

## सहायता — जिला रेड क्रॉस सोसायटी मानवता की सेवा में समर्पित, मरीजों को सुविधाएं की प्रदान

# गरीब-असहाय लोगों को दी 13 लाख की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, चंबा

मानवता की सेवा एवं असहाय लोगों के दुख निवारण में ज़िला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा वरदान साबित हो रही है। जिला रेड क्रॉस सोसायटी पूरे समर्पण भाव के साथ लोगों को अपनी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवा रही है।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसायटी चंबा मुकेश रेपसवाल का कहना है कि जरूरतमंद एवं असहाय तथा आपातकालीन समय में लोगों को आर्थिक सहायता एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाने के साथ ज़िला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित क्लिनिकल लैबोरेटरी तथा मोबाइल हेल्थ वैन के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार के ब्लड, यूरीन, थायराइड, विटामिन आदि टेस्ट की सुविधा कंप्यूटरीकृत उपकरणों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। उपायुक्त बताते हैं कि वर्ष 2021 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक 562 गरीब-असहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगभग 13 लाख रुपए की राशि भी उपलब्ध करवाई गई। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित क्लीनिकल के माध्यम से वर्ष 2023-2024 के दौरान 9105 मरीज के विभिन्न टेस्ट न्यूनतम दरों पर किए गए। इसके अतिरिक्त पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भी वर्ष 2023-2024 के दौरान 438 मरीजों को ब्लड टैस्ट तथा ईसीजी की सुविधा ज़िला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रदान की गई।

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित किए गए फिजियोथैरेपी यूनिट के माध्यम वर्ष 2023- 24 में 6817 मरीज को लाभ प्रदान किया गया।

### मरीजों के लिए दो एंबुलेंस करवाई उपलब्ध

**उपायुक्त** ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों की सुविधा के लिए दो एम्बुलेंस वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। समिति द्वारा एक मोबाइल हेल्थ वैन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करवाया गया है। इसके द्वारा जिला के दूर दराज के क्षेत्र में लोगों को विभिन्न प्रकार के टेस्टों की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### लगाए जा रहे स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

**मुकेश** रेपसवाल का कहना है कि रेडक्रॉस सोसायटी के मुख्य उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा, मानवता के प्रति सम्मान को बढ़ाते हुए जिला में असहाय और जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को विभिन्न सेवाएं समर्पित की जा रही हैं। इनमें दिव्यांग लोगों को कृत्रिम अंग, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन इत्यादि उपलब्ध करवाने के साथ निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है ।

आज हमें ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए। -सरदार वल्लभ भाई पटेल

संपादकीय

# पैराग्लाइडिंग पर पेंच

बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग नहीं होना प्रदेश के पर्यटन कारोबार को बड़ा झटका है। हालांकि, यह फैसला हाल ही में कुल्लू और धर्मशाला के अलावा अन्य जगह हुई दुर्घटनाओं में वृद्धि के मद्देनजर लिया गया है। इस साइट से सभी टेंडम उड़ानों को निलंबित कर देना कई सवाल खड़े कर रहा है। दुनिया के शीर्ष दस पैराग्लाइडिंग स्थलों में से एक बीड़-बिलिंग में हर साल आजकल के दिनों में काफी रौनक रहती थी, लेकिन अब यहां आने वालों लोगों को मायूसी हाथ लग रही है। पैराग्लाइडिंग पायलटों ने सर्वसम्मति से सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए नए नियमों और विनियमों का मसौदा तैयार करने के लिए वाणिज्यिक उड़ानों को रोकने का फैसला किया है। नियमों को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है, जिसके बाद बीड़-बिलिंग और अन्य स्थानों पर पैराग्लाइडिंग दुर्घटनाओं में वृद्धि ने पर्यटकों की सुरक्षा और साहसिक खेल की विश्वसनीयता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

जोर इस बात पर दिया जा रहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए दिशा-निर्देश प्रति पायलट प्रतिदिन केवल दो टेंडम उड़ानों की अनुमति देंगे। इसके अतिरिक्त, टैरिफ को मानकीकृत किया जाएगा और उचित दस्तावेज के बिना अप्रशिक्षित पायलटों को तब तक उड़ान भरने से रोक दिया जाएगा। ऐसे में सुरक्षा तंत्र की अनुपस्थिति ने पैराग्लाइडिंग को और अधिक जोखिम भरा बना दिया है। कुल्लू, धर्मशाला और भुंतर में हुए हादसों ने पर्यटन विभाग को जांच के घेरे में ला दिया है। उपकरणों का निरीक्षण करने और संचालन को विनियमित करने में राज्य एजेंसियों की विफलता ने स्थिति को और खराब कर दिया है। पायलटों की ओर से पर्यटकों से अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। यह मसला भी अब जोर शोर से उठ रहा है। बिलिंग में 1990 में पैराग्लाइडिंग की शुरुआत हुई तो लोगों में काफी उत्साह था, लेकिन अब एकदम से पैराग्लाडिंग पर रोक लगाना सही प्रतीत नहीं होता।

पर्याप्त अनुभव के बिना धौलाधार की पहाड़ियों और कुल्लू घाटी जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उड़ान भरना खतरनाक हो सकता है। सुरक्षा नियमों को लागू करने की पहल के साथ निलंबन का उद्देश्य बीड़-बिलिंग के साहसिक पर्यटन उद्योग में विश्वास बहाल करना है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसका उद्देश्य सही हो वरना आमजन में विश्वास घट जाएगा। राज्य सुरक्षा तंत्र की अनुपस्थिति ने पैराग्लाइडिंग को लगातार जोखिमपूर्ण बना दिया है। धर्मशाला में पैराग्लाइडिंग दुर्घटना में गुजरात की एक महिला पर्यटक की दुखद मौत के बाद, कांगड़ा जिला प्रशासन ने इंदुनाग टेकऑफ साइट पर पायलटों के लिए कड़े सुरक्षा नियम लागू किए हैं। अब एक गार्ड पायलटों पर निगरानी रखेगा, ताकि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, शाम छह बजे के बाद पैराग्लाइडिंग संचालन प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस के सहयोग से किए जाने वाले औचक निरीक्षणों में किसी भी उल्लंघन पर दंड लगाया जाएगा। इंद्रुनाग साइट के बुनियादी ढांचे में सुधार पर जोर देना आवश्यक है, क्योंकि यहां कम ऊंचाई की वजह से पायलटों को दिक्कतें पेश आती हैं और बिना पक्की सड़क वाला टेकऑफ क्षेत्र काफी जोखिम भरा होता है। दरअसल, पैराग्लाइडिंग एक उच्च जोखिम वाला साहसिक खेल है और इसमें जरा सी लापरवाही घातक हो सकती है।

पैराग्लाइडिंग एक रोमांचक और खतरनाक खेल है, जिसमें हादसों की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसलिए, पैराग्लाइडिंग में हादसों की वजह से सावधानियां बरतनी चाहिए। पैराग्लाइडिंग के लिए प्रशिक्षण और अनुभव बेहद आवश्यक है। एक अनुभवी प्रशिक्षक से सीखना और नियमित अभ्यास करना जरूरी है। उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की नियमित जांच करना भी लाजिमी है। उपकरणों में कोई भी खराबी हादसे का कारण बन सकती है। इसके अलावा पैराग्लाइडिंग के लिए मौसम की जांच करना आवश्यक है। खराब मौसम में पैराग्लाइडिंग करना खतरनाक हो सकता है। सुरक्षा उपकरण जैसे कि हेलमेट, पैराशूट, और सुरक्षा हार्नेस का उपयोग करना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने से हादसे की संभावना बढ़ जाती है। यहां तक कि साथी की जांच करना भी सही होता है। अगर साथी की अनुभवहीनता या लापरवाही हो तो हादसे की संभावना बढ़ जाती है। इन सावधानियों का पालन करके पैराग्लाइडिंग में हादसों की संभावना कम की जा सकती है और यह खेल सुरक्षित और रोमांचक बनाया जा सकता है। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी

**एकता** बिष्ट भारत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। महिला विश्व कप क्रिकेट के लिए हुए क्वालीफायर टूर्नामेंट में अल्मोड़ा की महिला खिलाड़ी एकता बिष्ट को आईसीसी की ओर से गेंदबाजी में 8वां स्थान मिला हैं। एकता ने इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपने 50 विकेट पूरे किए है। वह बाएं हाथ की स्पिनर हैं। आपसी बातचीत में एकता बिष्ट प्रदेश में खेलों को लेकर सरकार की उदासीनता से खफा लगी। एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखने वाली एकता वर्तमान में अपने परिवार के साथ खजांची मोहल्ला अल्मोड़ा में रहती है। वह विगत बरसात में आपदाग्रस्त हुए ध्योली गांव की रहने वाली है। बचपन से ही नगर के गली मोहल्लों में उसने प्लास्टिक की गेंद से क्रिकेट खेली थी। परिवार से पढ़ाई और कॅरियर के दबावों के बावजूद उसने खेल के प्रति अपने समर्पण को कभी नहीं छोड़ा। कोच लियाकत अली की मेहनत से आज वह अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। एकता बिष्ट ने चार देशों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत को जीत दिलाई। वह 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीती हैं। इंग्लैंड में अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने 8 ओवर में 4 मेडेन फेंके और 15 रन देकर तीन विकेट झटके। एकता ने क्रिकेट में उत्तराखंड की लड़कियों का भविष्य कठिन बताया और कहा कि आज तक इस राज्य में लड़कियों के लिए क्रिकेट एसोसिएशन तक गठित नहीं हो पाई है। ■



एकता बिष्ट
जन्म : 8 फरवरी 1986



कविता

## धरती कभी किसी की नहीं हुई

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन ऊना (हि. प्र.)

*बातें बीते समय की थीं, अपने परायों की यादें।*
*अपनों ने लगाए घात, हर बार अपनी बात।*
*बातें नई पुरानी थीं, सब कुछ पाने की चाहत।*
*शुकुनि मामा बनकर, दुर्योधन को साथ लिया।*
*फिर चली एक कुचाल, समय को मुट्ठी में भरने हेतु।*
*आसमान पर नजर गढ़ाए, अपने को अपनी नजर से।*
*गिराकर अपने को मिटा लिया, मिला कर दूसरे का अधिकार।*
*कर्तव्य भी अपना गंवा लिया, क्या मिला तब अंधकार में।*
*जो खुद कभी नहीं था, तेरा कैसा कुचक्र चला लिया।*
*अरे मूर्ख! संपूर्ण जगत में शाश्वत क्या है यहां धरा में।*
*कल यही तेरा था, आज यही मेरा है।*
*तेरे मेरे के चक्रव्यूह में, एक मुट्ठी आसमान हाथ।*
*से लालचवश गंवा लिया, गीता में समझाया समझ ले।*
*न यह तेरा था और न मेरा है, सदियों से चलती आई रीत।*
*झुठलाने की खातिर तुमने, क्या अपने को श्रीकृष्ण भगवान समझ ही आत्मघात कर लिया ....*

अनंत ज्ञान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा भारत का निर्यात

निर्यात में वृद्धि भारत जैसे देश को आवश्यक विदेशी मुद्रा उत्पन्न कर, विनिर्माण को बढ़ाकर, रोजगार के अवसर पैदा कर, मुद्रा को स्थिर कर और बेहतर वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता तथा अतिरिक्त निवेशों के आकर्षण के माध्यम से समग्र आर्थिक जीवन शक्ति को बढ़ाकर काफी हद तक सहायता करती है। तेल और सोने का आयात बहुत अधिक है, जिससे भारत की मुद्रा पर दबाव पड़ता है। मोदी सरकार आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कई पहल कर रही है, निर्यात मांग में वृद्धि से उत्पादन बढ़ता है, देश में विनिर्माण उद्योगों और बुनियादी ढांचे का विस्तार होता है। उत्पादों की श्रृंखला का निर्यात अर्थव्यवस्था में विविधता ला सकता है और एक ही उद्योग या बाजार पर निर्भरता कम कर सकता है। जिससे समग्र रूप से अर्थव्यवस्था को लाभ हो सकता है। मजबूत निर्यात प्रदर्शन किसी देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाता है



लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**निर्यात प्रदर्शन :** भारत के निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि देखी गई है, जो 2023-24 में 778.21 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है। यह 2013-14 में 466.22 बिलियन अमरीकी डॉलर से 67 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती स्थिति को रेखांकित करती है, जो माल और सेवा निर्यात दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रेरित है। 2023-24 में माल निर्यात 437.10 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जिसमें सेवा निर्यात का योगदान 341.11 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक संतुलित वृद्धि का संकेत देता है। यह गति वित्त वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगी, जिसमें अप्रैल से दिसंबर 2024 तक संचयी निर्यात 602.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहने का अनुमान है, जो 2023 की इसी अवधि के 568.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.03 प्रतिशत अधिक है। भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को जानबूझकर किए गए नीतिगत उपायों, बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा



और विस्तारित बाजार पहुंच से मजबूत किया गया है और यह अब अधिक लचीला है और वैश्विक अर्थव्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। मजबूत विनिर्माण आधार और बढ़ती वैश्विक मांग के कारण, व्यापारिक निर्यात 2013-14 में 314 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 437.10 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। आईटी, वित्तीय और व्यावसायिक सेवाओं के विकास से प्रेरित होकर सेवा निर्यात 2013-14 में 152 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 341.11 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

अनंत ज्ञान

**पिछले कुछ वर्षों में शीर्ष निर्यात क्षेत्र:** 2004-05 में भारत का निर्यात मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ, उत्तर-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया-खाड़ी सहयोग परिषद और आसियान की ओर उन्मुख था। 2013-14 तक, इन क्षेत्रों में निर्यात मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, जिसमें उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ और पश्चिम एशिया ने उल्लेखनीय विकास दिखाया था।

**भारत के निर्यात में क्षेत्रीय वृद्धि :** मोबाइल फोन शिपमेंट 2014-15 में 0.2 बिलियन से बढ़कर 2023-24 में 15.6 बिलियन हो गया। घरेलू मोबाइल फोन उत्पादन 2014-15 में 5.8 करोड़ यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 33 करोड़ यूनिट हो गया, जबकि आयात में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

**फार्मास्युटिकल निर्यात में वृद्धि:** भारत, जो वैश्विक दवा और फार्मास्युटिकल उत्पादन में मात्रा के हिसाब से तीसरे स्थान पर है, उसने अपने फार्मास्युटिकल निर्यात को 2013-14 में 15.07 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 27.85 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ते देखा।

**इंजीनियरिंग सामान निर्यात:** इंजीनियरिंग सामान निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 62.26 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 109.32 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

**कृषि निर्यात वृद्धि :** भारत का कृषि निर्यात 2013-14 में 22.70 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 तक 48.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।

**व्यापार में आसानी और डिजिटल पहल :** अनुपालन और गैर-अपराधीकरण सुधारों में 42,000 से अधिक अनुपालनों को समाप्त करना और कंपनी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए 3,800 नियमों को गैर-अपराधीकरण करना शामिल है। राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (NSWS) उद्यमों को 277 केंद्रीय अनुमोदनों के लिए आवेदन करने की अनुमति देकर मंजूरी को सुव्यवस्थित करती है।

**ई-कॉमर्स और डिजिटल व्यापार:** ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब (ECEH) का लक्ष्य 2030 तक ई-कॉमर्स निर्यात को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है, जिससे एसएमई और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा सके। ICEGATE डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-फाइलिंग, रीयल-टाइम ट्रैकिंग और निर्बाध दस्तावेजीकरण को सक्षम करके सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाता है।

**कृषि और जैविक निर्यात :** राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) से 20 लाख किसानों को सहायता मिलने की उम्मीद है तथा अनुमान है कि 2025-26 तक जैविक निर्यात 1 बिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा।

नई विदेश व्यापार नीति, पीएलआई योजनाएं और कई अन्य जैसे सरकार के दूरदर्शी उपाय भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैसे-जैसे भारत अपने निर्यात पोर्टफोलियो में विविधता ला रहा है और दुनियाभर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है, वह 2047 तक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के अपने लक्ष्य तक पहुंचने की राह पर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है, उतना ही अब यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के कारण देशभर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है, मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र लेखक

इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं।

2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रुक पा रही है। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था, मगर श्रमिक आंदोलनों के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए।



आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से ऊपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है।

अनंत ज्ञान

कोचिंग सेंटरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं।

अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान अपने काम को पैसे कमाने की मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब तक कोटा के हालात नहीं सुधर पाएंगे। कोटा के मौजूदा हालातों के कारण ही यहां कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी होने लगी हैं। जो कोटा शहर की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अपनी बात

**दिल्ली** किस राजनीतिक पार्टी के पक्ष में सरकार बनती है। बुधवार, 5 फरवरी की देर रात तक 60.4 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, यह चुनाव आयोग का अधिकृत आंकड़ा है। कुल करीब 1.56 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख से अधिक मतदाताओं ने मतदान ही नहीं किया। दिल्ली का समूचा विचार और राजनीतिक सोच स्पष्ट नहीं हो पाती। जनादेश भी अधूरा ही रहेगा। दिल्ली सबसे शिक्षित और जागरूक महानगर है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और बुनियादी नागरिक अधिकार मताधिकार ही है, जिसके जरिए नागरिक अपने जन-प्रतिनिधि और अपनी सरकार चुनते हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की सीट नई दिल्ली पर 54.7 फीसदी ही मतदान हुआ। हालांकि इस सीट पर करीब 88 फीसदी हिंदू मतदाता हैं, लेकिन 'आप' और भाजपा के समर्थक हिंदू मतदाता घरों से कम निकले।

**बालक राम, जवाली**

# विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा को मानें उत्सव... स्वयं पर हावी न होने दें तनाव!

प्यारे विद्यार्थियों, वार्षिक परीक्षाओं की दिनांक सूची जारी हो चुकी हैं। आप सभी परीक्षाओं की तैयारी में मग्न होंगे। जैसे-जैसे परीक्षा की घड़ी नजदीक आती जाती है बहुत से विद्यार्थी तनावग्रस्त हो जाते हैं, क्योंकि वे परीक्षा को जीवन से भी ज्यादा महत्व देते हैं, परंतु परीक्षा जीवन का मात्र एक छोटा सा भाग है और अगर हम प्रसन्न मन से अपनी क्षमता को साबित करने के लिए प्रयास करते हैं तो परीक्षा हमारे लिए एक उत्सव बन जाती है। वर्तमान समय में परीक्षा , शिक्षा व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए छात्र अपनी अपनी क्षमता के अनुसार अनवरत प्रयास करते हैं और अपने वांछित परिणाम हासिल करते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन और नवाचारों के समावेश से शिक्षा और परीक्षा के क्षेत्र में भी कई प्रकार के बदलाव आए हैं, जो कि समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक भी हैं और उपयोगी भी हैं।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

परीक्षा के माध्यम से ही युवा पीढ़ी अपने भविष्य के लिए किसी विशेष कार्यक्षेत्र का निर्धारण और चयन करते हैं। हमारे देश में कई शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करते हैं और विद्यार्थियों की योग्यता का मापन करते हैं। विद्यार्थी वर्षभर अपनी इच्छित सफलता प्राप्त करने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, ताकि वे अपने भविष्य की मजबूत नींव रख सकें। विद्यार्थी वैसे तो पूरे वर्ष मेहनत करते हैं परंतु बोर्ड द्वारा निर्धारित वार्षिक परीक्षाओं के द्वारा ही उनकी प्रतिभा और योग्यता का निर्धारण होता है। अत: वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं। यद्यपि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है, परंतु अगर कड़ी मेहनत के साथ सुनियोजित और व्यवस्थित तैयारी की जाए, तो सफलता में चार चांद लग जाते हैं। अगर विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को नियमित रूप से और सुनियोजित ढंग से करते हैं तो वे परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं और अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं।



सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है कि विद्यार्थी का दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक बना रहे और आशावादी भावना से निरंतर प्रयासरत रहें। परीक्षा को एक कठिन दौर न मानकर ,एक उत्सव की तरह लिया जाए और उमंग और उत्साह के साथ परीक्षाओं की तैयारी की जानी चाहिए। आमतौर पर देखा जाता है कि बहुत से विद्यार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कुछ समय पहले अपनी पढ़ाई के प्रति सजग होते हैं और अपनी क्षमता से अधिक बोझिल हो जाते हैं परिणामस्वरूप परीक्षा के समय वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते, क्योंकि अधिक पाठ्यक्रम और मानसिक तनाव के कारण उनकी कार्यशैली और कार्यक्षमता प्रभावित होती है जिसका दुष्प्रभाव उनके परीक्षा में प्रदर्शन पर पड़ता है। अत: समय प्रबंधन के साथ साथ आत्म प्रबंधन पर भी ध्यान देना आवश्यक और उपयोगी साबित होता है। वर्तमान समय में परीक्षाओं और कुछ दशक पहले की परीक्षाओं में काफी अंतर देखने को मिलता है, जिसका ज्ञान विद्यार्थियों को होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अनंत ज्ञान

पूर्व में पाठ्यक्रम का विभाजन जिस तरह से होता था, विद्यार्थी कुछ पाठ्यक्रम को ही तैयार कर के और अन्य पाठ्यक्रम को छोड़ दिया करते थे और परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते थे। परंतु वर्तमान समय में बदलते सामाजिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में गहन और व्यापक अध्ययन करना बहुत महत्वपूर्ण है, विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम और पाठ्यवस्तु की हर एक अवधारणा और संकल्पना को पढ़ना, समझना और आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक बन जाता है, क्योंकि आज हर क्षेत्र में प्रतियोगिता की भरमार है और विद्यार्थियों में शत प्रतिशत अंक लेने की भी होड़ लगी हुई है। इसके लिए आवश्यक हो जाता है कि विद्यार्थी कक्षा या सत्र के प्रारंभ से ही नियमित रूप से और सुनियोजित तरीके से निरंतर अध्ययन करने की आदत विकसित करें, ताकि थोड़ा-थोड़ा पाठ्यक्रम तैयार करने में उन पर अनावश्यक तनाव उत्पन्न नहीं होता। कक्षा में पूरी लगन और तल्लीनता से अध्यापक की बातों को समझें और आत्मसात करें, कोई बात या अवधारणा स्पष्ट न होने पर अध्यापकों से प्रश्न करें और समाधान प्राप्त करने का प्रयास करें, ताकि विषयवस्तु की पूरी समझ विकसित हो जाए। आलस्य और प्रमाद को अपने जीवन में हावी न होने दें और अपने अध्ययन को कल पर टालने से बचें, ताकि अनावश्यक तनाव और बोझ न बढ़े।

प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी एक क्षमता होती है और उसी अनुसार उसे मेहनत करनी चाहिए, दूसरों के साथ कभी भी प्रतिस्पर्धा न करके मात्र अपनी क्षमता के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करें। अत: उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखकर और नियमित रूप से निरंतर अध्ययन करने आप परीक्षा के अनावश्यक तनाव से दूर रहकर परीक्षा में मनवांछित सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिंदू धर्म की गो माता की एक ही पुकार, मैं जाऊं तो जाऊं कहां...

मैं पूछती हूं कि मेरा क्या कसूर, हजारों सालों तक मैंने किसानों का साथ दिया तथा आध्यात्मिक- धार्मिक, आर्थिकी व चिकित्सक रूप से मैंने लोगों का कल्याण किया, परंतु यह इंसान बहुत स्वार्थी तथा लालची निकला, जिसने बिना कारण ही मुझे सड़कों पर छोड़ दिया। खेतों में जाने पर लोग लाठियों से पीटते हैं, सड़क पर चलूं तो गाड़ियां टकराती है, लेकिन अब तो मेरे प्रति क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गई। मैं गो माता जाऊं तो जाऊं कहां, आखिर मेरा क्या कसूर है। हां , यही बात आज के समय में गो माता सड़कों, लोगों के घरों के मुख्य द्वार पर खड़ी होकर पूछ रही है। उसकी आंखों के आंसू यही पुकार कर रहे हैं कि मैंने संपूर्ण विश्व को इक्कसवीं सदी तक पहुंचाया तथा विकास की राह दिखाइए, लेकिन आज इसी मानव ने जो अपने आपको इंसान बोलता है मेरी यह दुर्दशा की है। मेरा क्या कसूर है मैं जाऊं तो जाऊं कहां? गाय मौजूदा परिवेश में धर्म, इतिहास, संस्कृति से जुड़ी हुई है।



लेखक : लकेश चंदेल
घुमारवीं, हिमाचल प्रदेश

हिंदू पौराणिक कथाओं में इस जानवर को दयालुता, पवित्रता, धन, प्रतिष्ठा और शक्ति का प्रतीक माना गया है। गो माता का महत्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी बड़ा महत्व है। भारतीय संस्कृति में गउओं का संरक्षण और सम्मान हमें अपने सामाजिक और नैतिक कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है।



गो सेवा एक ऐसा मार्ग है जो हमें धर्म, समाज और प्रकृति से जोड़ता है, इसलिए, हमें अपने जीवन में गो माता का सम्मान और रक्षा करनी चाहिए, जिससे हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हो सकें। गो माता ग्रामीण भारत अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। गांवों में गउओं के दूध, घी और अन्य दुग्ध उत्पादों से पोषण और आजीविका मिलती है।

अनंत ज्ञान

गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद और कीटनाशक के रूप में किया जाता है। जिससे किसानों को रासायनिक खाद पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। जैसे कि हमें पता है कि पूर्ण जैविक खेती आज के समय की मांग है और जैविक खेती के उत्पाद हमें विभिन्न बीमारियों से बचाते हैं। गाय एक ऐसा पालतू पशु है जिसका सब कुछ सभी की सेवा में काम आता है। आजकल लोग जब तक गो माता दूध देती है तभी तक उसका पालन पोषण करते हैं, जैसे ही दूध देना बंद कर दे, तो वह उन्हें सड़कों पर छोड़ आते हैं।

जगह-जगह इनकी वजह से कहीं सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है, लेकिन इन सब चीजों का दोषी मनुष्य ही है। यदि जंगल जला दिए जाएंगे, तो जंगली जानवरों का सड़कों तथा लोगों के घरों की तरफ आना स्वाभाविक ही है और यदि पालतू पशुओं को बेसहारा छोड़ दिया जाएगा, तो वे भी सड़कों तथा लोगों के खेतों की तरफ ही जाएंगे। गोशालाओं का समाज में विशेष स्थान है, जहां जख्मी, बेसहारा और बूढ़ी गाउओं को संरक्षण दिया जाता है। अत: सभी देशवासियों को गाय माता के संरक्षण तथा सुरक्षा में आगे आना चाहिए। गो वंश की इस दुर्दशा का मूल कारण जानकर इसका संपूर्ण समाधान ढूंढना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसएल स्कूल मैदान से सटे शौचालय का हाल बेहाल



**भीम बसेड़ु, महादेव।** स्वच्छता को लेकर अपने भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें करने एवं बड़े-बड़े स्लोगन लिखने वाले बीबीएमबी प्रशासन की करनी व कथनी में रात-दिन के अंतर का सीधा मालूम इस गंदगी से शौचालय की बदहाली को देखकर किया जा सकता है। गंदगी से लबालब बंद पड़ा यह शौचालय बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान से सटा ऊंचे स्थान पर है और लिखे गए स्वच्छता संबंधी स्लोगन के नजदीक दोनों आमने-सामने है जिसे देख कोई भी उक्त प्रशासन के झूठ को पकड़ सकता है क्योंकि यहां एक नहीं बल्कि इसी तर्ज पर पास ही हवा में जहर घोलता प्रदूषण मिल जाएगा जो बड़ी ही चिंता की बात है। लोगों ने उपायुक्त मंडी व सरकार से पुरजोर मांग की इससे पहले कि कोई जानलेवा बीमारी आ घेरे परियोजन के यहां साफ स्वच्छ वातावरण के लिए शीघ्र ही कारगर कदम उठाए।

### प्रतियोगिता में शिवम और शिवानी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में सत्र 2024-25 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर पुरुष वर्ग में शिवम और महिला वर्ग में शिवानी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई दी। ऐसे आयोजनों को और भव्य बनाने का संकल्प लिया।

### एबीवीपी ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी द्वारा प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर प्रधानाचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी मांगों को प्रधानाचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। विद्यार्थी परिषद की मुख्य मांग छात्र संघ चुनाव बहाल करना है। इन्हीं मांगों के निमित्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी इकाई 7 से 8 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी द्वारा प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर प्रधानाचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार को सचेत करते हुए कहा है कि यदि हमारी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलनों को तेज करेगी।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 9 को

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक 9 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री करेंगे। संघ के महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में पेंशनरों की विभिन्न मांगों और व्यक्तिगत समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेंशनरों को वित्तीय लाभ देने में हो रही देरी और टालमटोल की नीति को लेकर अगला कदम उठाने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी से आग्रह किया जाएगा।

### भूकंप रोधक मकान निर्माण पर दिया प्रशिक्षण

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में विकास खंड बालीचौकी की 21 पंचायतों का प्रशिक्षण शिविर विकास खंड के नगवाईं में शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर में राज मिस्त्री, कार पेंटर व बार बाइडिंग का कार्य करने वाले कामगार शामिल रहे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण 63 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया। सामाजिक शिक्षा एवं खंड परियोजना अधिकारी हेम राज धीमान ने बताया कि उक्त शिविर में प्रथम दिन आपदा प्रबंधन तथा भूकंप रोधक मकान निर्माण बारे प्रशिक्षण दिया गया, ताकि भविष्य में किसी भी आपदा के दौरान जान माल की हानि न हो सके। शिविर में भवन निर्माण में उचित सामग्री व कार्यकुशलता जोकि भूकंप रोधी हो, इस पर सभी मिस्त्रियों से कार्य करने का आग्रह किया गया। शिविर का समापन विकास खंड अधिकारी बालीचौकी बवनेश ने किया।

### स्यांजी-सेथल जयदेवी मार्ग पर बने वर्षाशालिकाएं

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धार्मिक एवं ऐतिहासिक ग्रामीण क्षेत्र हटगढ़ मार्ग पर बर्षा शालिका बनाने की मांग लंबित पड़ी है, क्योंकि श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ के चलते जहां लोग बस पकड़ने के लिए खुले में परेशान हालत में इंतजार करते हैं ऐसे में कई बार बरसात होने पर उनका सामान आदि भी भीगकर खराब होता रहता है। इस सुविधा को लेकर लोक निर्माण विभाग को गंभीरता से विचार करना चाहिए। लोगों का कहना है कि स्यांजी-सेथल जयदेवी मार्ग घनी आबादी को जोड़ता है जहां उचित दूरी पर वर्षा शालिकाएं निर्मित करने की सख्त जरूरत है, ताकि राहगिरों को भीषण गर्मी तथा बरखा की हालत में सुरक्षित आश्रय मिल सके। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही नाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते स्यांजी-सेथल जयदेवी मार्ग पर वर्षाशालिकाएं बनाई जाए।

### पीलिया से बचाव के लिए उबाल कर पीएं पानी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हेपेटाइटिस-ए वायरस (पीलिया) को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कर्मियों ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर, मिनी सचिवालय परिसर जोगिंद्रनगर, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन में लोगों को पीलिया बीमारी के कारणों, लक्षणों एवं बचाव को लेकर जानकारी उपलब्ध करवाई। इस बात की पुष्टि करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में आम जनमानस को पीलिया (हेपेटाइटिस-ए) बीमारी बारे जागरूकता अभियान चलाया।

---

हिमाचल सरकार और बिजली बोर्ड प्रबंधन द्वारा बोर्ड में 700 पद समाप्त करने पर भड़के कर्मचारी

# सरकाघाट में कर्मचारियों ने दिया धरना

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड प्रबंधन द्वारा जनरेशन व संचार विंग में विभिन्न श्रेणियों के लगभग 700 पदों को सरप्लस घोषित किए जाने के बाद जहां प्रदेशभर में बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनरों में भारी आक्रोश है। वहीं सरकाघाट विद्युत कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया।

यूनियन के अध्यक्ष मदन लाल भारती ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय और परिचालन विंग में भी वेतन के केंद्रीकरण और युक्तिकरण के नाम पर हजारों पदों को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पहले ही 51 पदों को खत्म किया जा चुका है और 81 आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।



हिमाचल प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कर्मचारी।

**शिफ्ट ड्यूटी को छोड़कर सभी कर्मचारी काम का करेंगे बहिष्कार**

इस स्थिति को देखते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी-बिजली बोर्ड कर्मचारी, अभियंता व पेंशनर्ज की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई और कई निर्णय लिए गए, जिसमें दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक (शिफ्ट ड्यूटी को छोड़कर) सभी कर्मचारी और अभियंता काम का बहिष्कार करेंगे।

बिजली कर्मचारी और अभियंता 'वर्क टू रूल' के तहत काम करेंगे। 10 फरवरी को पूरे प्रदेश में सभी बिजली कर्मचारी और अभियंता काले बिल्ले पहनकर सरकार के इस निर्णय का विरोध करेंगे। 11 फरवरी को हमीरपुर जिले में सात मांगों को लेकर जिला बिजली पंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य जिलों में भी इसी तरह के विरोध कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसकी घोषणा हमीरपुर से होगी। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारियों और अभियंताओं से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि समाप्त किए गए पदों को पुनः बहाल किया जाए और युक्तिकरण को तुरंत रोका जाए। (अनंत ज्ञान)

---

# नपौहता गांव में घास के कोठे जलकर हुए राख

**रूपी ठाकुर, बरोट**

छोटा भंगाल घाटी की लोआई पंचायत के अंतर्गत आने वाले नपौहता गांव में आगजनी की घटना घटित हुई है। नपौहता गांव के निवासी प्रेम सिंह, केवल राम, मलू राम, सुख राम आदि ने बताया कि शुक्र वार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे अचानक आग लगने से घास के चार कोठे राख हो गए हैं।

उन्होंने बताया कि इन चार घास के कोठों में नपौहता गांव के निवासी राम सरन के दो, विद्या देवी का एक तथा प्रवीण का एक घास का कोठा जल कर राख हो गया है।

उन्होंने कहा कि गांववासियों को घास के कोठे में लगी आग का मालूम देर से लगने के बाद भी गांव के सभी महिलाएं व पुरुष एकदम एकत्रित होकर घटना स्थल पर पहुंच गए, तो उन्होंने घास के कोठे में लगी आग की चपेट से न आने वाले शेष रहे घास को बचाने के साथ-साथ नपौहता गांव के 45 रिहायशी मकानों को भी पूरी तरह बचा लिया है। (अनंत ज्ञान)

## 1686 अवैध नशीली दवाइयां बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सदर थाना में 1686 अवैध नशीली दवाइयां बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने सूचना के आधार पर अजय कुमार पुत्र इंदर सिंह गांव दलौट डाकघर चोलथरा जिला मंडी से प्राइवेट क्वार्टर पुरानी मंडी से ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में 1686 अवैध नशीली दवाइयां बरामद की गई है। अजय कुमार पुरानी मंडी में मेडिकल स्टोर चलाता था और करीब 2 माह से बंद है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

---

## मंडी और ऑस्ट्रेलिया के बीच अटूट रिश्ता बनाने की होगी कोशिश : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आस्ट्रेलिया के ग्रेटर बेंडिगो में बतौर डिप्टी मेयर निर्वाचित हुए मंडी शहर निवासी अभिषेक अवस्थी का कहना है वे छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी शहर और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेल व सांस्कृतिक रूप से एक अटूट रिश्ता बनाने का प्रयास करेंगे।

**खेल और सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों का होगा आदान-प्रदान**

यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा रिश्ता होगा जो एक-दूसरे की भाषा, संस्कृति, कला, खेल और अन्य गतिविधियों को लेकर आदान-प्रदान करता रहेगा। अभिषेक अवस्थी इन दिनों मंडी शहर स्थित अपने घर पर आए हुए हैं। अभिषेक अवस्थी ने कहा कि अस्थायी तौर पर बहुत से प्रयास किए जा सकते हैं, लेकिन स्थायी तौर पर ऐसे प्रयास किए जाने की जरूरत है जो भविष्य में सदियों तक जारी रह सकें।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता, वाद्य यंत्र और यहां का पहनावा अपनी एक अलग पहचान को दर्शाता है। इसी तरह आस्ट्रेलिया में भी ऐसी बहुत सी खासियतें हैं जिनके बारे में यहां के लोगों को जानना चाहिए। इसलिए इन सब बातों का भविष्य में आदान-प्रदान होता रहे, उसके लिए स्थायी प्रयास करने की कोशिश करूंगा।

## आरुषि की मदद को ज्योति कलश संस्था ने बढ़ाया कदम

**रितेश, सरकाघाट**

सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए सामाजिक संस्था ज्योति-कलश, टीहरा द्वारा ग्रयोह गांव की निर्धन परिवार की 16 वर्षीय बेटी आरुषि पुत्री राजेंद्र सिंह को 50,000 रुपए की सहायता राशि जारी की है। आरुषि एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है तथा काफी समय से पीजीआई चंडीगढ़ से उपचाराधीन है।



सामाजिक संस्था ज्योति कलश उपचाराधीन आरूषि की मदद को चेक सौंपते हुए।

संस्था ने मामले की अनिवार्यता व गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के इलाज पर हो रहे भारी भरकम खर्च की आंशिक प्रतिपूर्ति करने का निर्णय लेकर उक्त आशय के लिए 50,000 रुपए की सहायता राशि का चेक बेटी के पिता के पक्ष में जारी कर उन्हे भेंट किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सूरम सिंह के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों राजेंद्र कुमार ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश चंद पालसरा कोषाध्यक्ष, कल्पना वर्मा उपाध्यक्ष, सुषमा ठाकुर महासचिव, पृथी पाल शर्मा, ओंकार ठाकुर, डाक्टर अमर चंद शर्मा, राजेंद्र, कै. रामनाथ, मुकेश, सोमा-विजय पाल आदि ने बेटी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

सामाजिक संस्था ज्योति-कलश की महासचिव सुषमा ठाकुर ने बताया कि पिछले तीन महीनों में समिति 2,40,000 रुपए की राशि गंभीर बीमारी से ग्रस्त, जरूरतमंदों व होनहार बच्चों के सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रोत्साहन स्वरूप वितरित कर चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र की यह संस्था बिना किसी सरकारी अनुदान के केवल अपने नियमित सदस्यों के मासिक योगदान पर सामाजिक कार्यों में संलग्न है। (अनंत ज्ञान)

## मरम्मत के चलते कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत मंडल-एक नरेश ठाकुर ने सूचित किया है कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत 9 फरवरी को 33/11 केवी सब स्टेशन समखेतर की आवश्यक मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोअर व अप्पर समखेतर, गौल पौढी, बालक रूपी, खत्री सभा, मोती बाजार, अस्पताल रोड़, पैलेस कॉलोनी, जेल रोड़, दो अम्ब, पंजेठी, टारना रोड, परिधि गृह, डाइट, रवि नगर, सुहड़ा मुहल्ला, महाजन बाजार, उपायुक्त कार्यालय, सेरी बाजार, चौबाटा बाजार, भूतनाथ बाजार, , भगवाहन मुहल्ला, बंगला मुहल्ला, विश्वकर्मा मंदिर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तथा इन क्षेत्रों के साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर 3 होशियार सिंह ने भी सूचित किया है कि 10 फरवरी को बिजनी सब स्टेशन की मरम्मत के कारण बाड़ी, बनाणु, लोअर बिजनी, जवाहरनगर, खलियार, छिपणु, पुरानी मंडी, उपायुक्त आवास, ढांगसीधार, मैगल, टांडू, पाखरी, मसेरन, द्रंग, तांदी, नसलोह, रोपड़ू, स्कोर तथा इनके साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

---

## रोटरी क्लब नेरचौक ने किया अमियता का सम्मान

**आदर्श, नेरचौक**

रोटरी क्लब नेरचौक द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जीवन को बचाने के लिए धन उपलब्ध करने वाली यूएनआई चैरिटी अध्यक्ष अमियता कालिया विशेष रूप से शामिल हुई जिन्हें रोटरी क्लब के प्रधान अमृत पाल सिंह काका द्वारा संस्कृति का प्रतीक स्मृति चिन्ह एवं सॉल भेंट कर सम्मान किया गया।



अमियता कालिया को अमृत पाल सिंह स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते हुए।

यूएनआई चैरिटी की अध्यक्ष अमियता कालिया ने रोटरी क्लब द्वारा दिए गए सम्मान को सहृदय स्वीकार करते हुए कहा कि जन्मजात से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जीवन को बचाने के लिए जो उनकी चैरिटी द्वारा सहयोग किया जा रहा है वह भविष्य में भी इसी तरह से जारी रहेगा अब तक रोटरी क्लब नेरचौक द्वारा 8 बच्चों का सफल इलाज करवाया है।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह काका ने बताया कि अमियता कालिया का यह सहयोग बच्चों के जीवन को बचाने और उनके परिवार को संजीवनी प्रदान करने जैसा है।

उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हार्ट इंस्टीट्यूट गुटकर तथा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक के चिकित्सकों जिसमें डॉ. डीके वर्मा, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. कुणाल महाजन, डॉ. जय भारत तथा डॉ. सुरेंद्र शामिल है के सहयोग की भी सराहना की ।

## धनोटू-बग्गी नहर मार्ग का किनारा तिनके की तरह उखड़ा

**भीम बसेड़ु, महादेव**



बीएसएल (बीबीएमबी से जुड़ा धनोटू-बग्गी का एक ओर का पक्का नहर मार्ग खस्ताहाल हालत में है। नहर के इस मार्ग को देखकर लगता है कि निर्माण करने वाले ने एक बड़े भाग में जिस प्रकार मनमाना रवैया अपनाते हुए तकनीक और गुणवत्ता की जिस तरह तिलांजलि दी है उससे घटिया हुए कार्य के तिनके उड़ने से बचाने को लेकर स्वयं संबंधित विभाग के बड़े इंजीनियर अधिकारी एवं प्रदेश सरकार ने भी बेबस पाया होगा।

लोगों का कहना है कि गांव दयारगी सहित जगह-जगह मार्ग को पट्टी सी बनाकर चौड़ा करने की कोशिश तो जरूर की गई मगर कार्य ठीक ढंग का न होने के कारण यह सब तिनके की तरह बिखर गया। लोगों ने उपायुक्त व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इसकी जांच होनी चाहिए।(अनंत ज्ञान)

## किसानों ने सीखी खेती की आधुनिक तकनीक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सौजन्य से विकास खंड बैजनाथ के 60 किसानों को विदेशी सब्जियों के बारे में बल्ह के गांव टावां में भ्रमण करवाया गया। विकास खंड बल्ह के बीटीएम आरती भारद्वाज, एटीम पूनम ने मनोरमा देवी के खेतों में प्राकृतिक विधि द्वारा तैयार ब्रोकली और फूल गोभी, पालक इत्यादि सब्जियों पर विस्तृत जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर में डॉ. कविता द्वारा किसानों को विदेशी सब्जियों और डॉ. दिनेश यादव द्वारा हाइड्रोपोनिक विधि द्वारा सब्जियों को उगाना और ड्रोन तकनीक बारे बताया गया।

---

# सड़क की हालत सुधारने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नेर घरवासड़ा पंचायत के गांव बाग, पट्टी भलैंद्रा और भूजडू के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग और हिमाचल परिवहन निगम के अधिकारियों से मिला।

उन्होंने बडोन से बस्सी बाया बाग-पट्टी सड़क की खस्ताहालत सुधारने और नियमित बस सेवा बहाल करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में जय सिंह, जोगिंद्र सिंह, गुरमीत भारद्वाज, जितेंद्र कुमार, शशि शर्मा, सचिन, अनुज, ओम प्रकाश और नवनीत सहित कई ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

बाग से बडोन तक सड़क अब भी कच्ची है, जिस पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में यह सड़क कई महीनों तक बंद रहती है, जिससे स्थानीय लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### इस साल पक्की होगी सड़क

कुशाल भारद्वाज ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बडोन से बाग तक की कच्ची सड़क इस वर्ष पक्की कर दी जाएगी। बस्सी-भलयांद्रा सड़क की अगले साल टायरिंग की जाएगी।

### बस बहाली का आश्वासन

किसान प्रतिनिधिमंडल ने जोगिंद्रनगर बस अड्डा इंचार्ज से भी बस सेवा बहाल करने पर चर्चा की। बस सेवा को तुरंत बहाल किया जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक निरीक्षण के लिए टीम भेजेगा ।

# किसानों को बेदखल करने में लगी है सरकार : किसान सभा

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

हिमाचल किसान सभा की बैठक शुक्रवार को नलौण में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 के प्रभावितों ने भाग लिया।

बैठक में किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने विशेष रूप से भाग लिया। सरकार किसानों को लगातार बेदखल करने पर लगी हुई है, चाहे वह बेदखली सड़कों के नाम पर या फिर नाजायज कब्जों के नाम पर की जा रही है, इसलिए आज किसानों को एकजुट होकर अपनी जमीन और जमीन का उचित मुआवजा लेने के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। बैठक में यह मांग की गई की प्रदेश सरकार भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के फैक्टर दो, जिसमें चार गुना मुआवजे की बात की गई है इसे लागू किया जाए। इसके साथ-साथ नेशनल हाईवे से जो लोगों की आधारभूत सुविधाएं ठीक किया जाए। जिनके घर नेशनल हाईवे के निकलने से नुकसान होगा उसकी राहत राशि दी जाए।

# आवास ऋण व पीएम सूर्य घर एक्सपो आरंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पंजाब नेशनल बैंक मंडी द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवास ऋण तथा पीएम सूर्य घर एक्सपो शुक्रवार को सेरी मंच मंडी में आरंभ हो गया, जिसका शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने किया।



दो दिवसीय आवास ऋण तथा पीएम सूर्य घर एक्सपो का शुभारंभ करते हुए एडीसी मंडी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में रोहित राठौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल लोगों को किफायती आवास ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होती है, बल्कि यह उन्हें अपने सपनों के घर को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों से हमारे जिले के लोग आसानी से अपने घर का सपना पूरा कर पाएंगे।

**लोग आसानी से घर का सपना कर पाएंगे पूरा**

कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के उपमंडल प्रमुख राजेंद्र कुमार चौधरी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, मुख्य प्रबंधक आंचलिक कार्यालय, शिमला संजय अग्रवाल तथा मुख्य प्रबंधक मंडल कार्यालय मंडी कौशल किशोर शर्मा भी मौजूद थे।

---

# नौकरियों के नाम पर कांग्रेस ने किया युवाओं को ठगने का काम

**कविता, पधर**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार व्यवस्था पतन वाली सरकार बन चुकी है, जिससे पूरे प्रदेश का हर वर्ग प्रताड़ित हो रहा है। सरकार ने पहले दिन से चहेतों का भला करने का प्रण ले लिया है।

ये शब्द भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहे। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरियां देने का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को ठगने का काम किया है। अभी हाल ही में विधानसभा सचिवालय में भर्ती के नाम पर नियमों को ताक पर रख कर अपने चहेतों को नौकरी देने का गंभीर मामला सामने आया है। भर्ती प्रक्रिया में शामिल युवाओं द्वारा इस प्रक्रिया पर आरोप लगाया जाना इस भर्ती की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। इस विषय पर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए, परंतु सरकार के मुखिया इस पूरे प्रकरण पर खामोश हैं।

चंदन पंडित ने कहा कि इस भर्ती पर धांधली और मनमर्जी के आरोप लगने के बाद विधानसभा अध्यक्ष का ये कहना कि आने वाले समय में जब और भर्तियां सरकार द्वारा की जाएंगी तो दूसरे जिलों को भी इसमें अधिमान दिया जाएगा। उनका ये बयान ये प्रश्न खड़ा करता है कि क्या सरकार और कांग्रेसी नेताओं द्वारा अब तक की गई भर्तियों में केवल कुछ जिलों को ही ध्यान में रख कर ये सारी प्रक्रिया की गई है। वहीं उनके साथ युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

**समस्या** धनोटू ब्लॉक में चार माह से बीडीओ का पद पड़ा है रिक्त

# 32 पंचायतों की जनता हो रही परेशान

**आदर्श यादव, नेरचौक**

खंड विकास अधिकारी कार्यालय धनोटू में पिछले चार माह से बीडीओ का पद रिक्त पड़ा है। बीडीओ न होने से विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। यहां तैनात खंड विकास अधिकारी की चार माह पहले पदोन्नति होने से यह पद रिक्त हो गया था।

पद रिक्त होने पर बीडीओ गोहर को चार्ज दिया गया था। चार्ज मिलने पर वे सप्ताह में एक आध बार कार्यालय में आते थे। 2 माह तक यही सिलसिला चलने के उपरांत विभाग ने बीडीओ राजेंद्र कुमार की यहां तैनाती की थी मगर उनके ज्वाइन करने से पहले ही इनके ट्रांसफर ऑर्डर को कैंसिल करने की अधिसूचना जारी कर दी गई।

कार्यालय का प्रभार यहां तैनात एसवीपीओ मनोज को सौंप दिया गया। उन्हें वित्तीय शक्तियां प्रदान करने की अधिसूचना भी पंचायतीराज विभाग की ओर से जारी की गई। मगर दो सप्ताह के भीतर एसवीपीओ की जगह सुंदर नगर में तैनात बीडीओ को खंड विकास अधिकारी कार्यालय धनोटू का अतिरिक्त कार्य भार सौंप दिया गया। चार माह से खंड विकास अधिकारी की तैनाती को लेकर इस उठा पाठक से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।( अनंत ज्ञान)

### तीन साल में आठ बार बदल गए बीडीओ

खंड विकास अधिकारी कार्यालय धनोटू पूर्व की भाजपा सरकार के समय करीब 3 वर्ष पहले स्थापित किया गया था जिसकी अधिसूचना सेगली के नाम हुई थी। इन तीन वर्षों में कार्यालय के स्थाई भवन के लिए सरकार भूमि का चयन नहीं कर पाई है। मगर इस कार्यालय के बीडीओ का बीते 3 वर्षों में करीब आठ बार स्थानांतरण हो चुका है।

### पंचायतों के कार्य प्रभावित

खंड विकास अधिकारी कार्यालय धनोटू के अंतर्गत लोअर नाचन की 32 पंचायतें आती है। स्थायी बीडीओ न होने से पंचायतों के कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। जरूरतमंद लोगों को एक कार्य के लिए बीडीओ ऑफिस के कई चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कार्यालय में अकाउंटेंट का पद भी लंबे समय से रिक्त पड़ा हुआ है।

### बीडीओ नियुक्त करने की मांग

भयारटा पंचायत प्रधान प्रिया जस्वाल, दियारगी पंचायत के प्रधान बालक राम, कोट पंचायत के प्रधान दीनूराम, महादेव पंचायत के प्रधान एवं प्रधान संघ विकास खंड धनोटू के अध्यक्ष नीलकमल, अपर बहली पंचायत के प्रधान कमल देव, लोअर बहली पंचायत के प्रधान किशोरी लाल ने धनोटू में स्थायी बीडीओ नियुक्ति करने की मांग की है।

# नगर पंचायत को जल्द हस्तांतरित हो ग्राम पंचायत की चल अचल संपत्ति

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

नगर पंचायत क्षेत्र रिवालसर में ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर के नाम की सभी चल अचल संपत्तियों को नगर पंचायत के नाम हस्तांतरित का करने का मामला प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग के पास पहुंच गया है। शहरी विकास विभाग की शिमला में आयोजित बैठक जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू, विक्रमादित्य सिंह सहित संबंधित विभाग के तमाम उच्च अधिकारी शामिल हुए थे।

**मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया है मामला**

इस बैठक में अध्यक्ष नगर पंचायत रिवालसर सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव मनोनीत पार्षद लक्ष्मी दत्त शर्मा, गोपाल ठाकुर ने भाग लेते हुए इस मामले को प्रभावी ढंग से उठाते हुए सरकार का ध्यान खींचा है, जिस पर मुख्यमंत्री व संबंधित विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित कार्यक्रम में मौजूद विभाग के उच्च अधिकारियों ने नगर पंचायत के प्रतिनिधियों को मामले के जल्द हल का आश्वासन दिया है।

मौजूदा हालत यह है कि जहां से नगर पंचायत को रेवेन्यू जेनरेट होना था उस प्रॉपर्टी पर ग्राम पंचायत वर्षों से कुंडली जमाए हुए है और अपने अस्थित्व के 37 वर्ष बाद भी नगर पंचायत के नाम नगर क्षेत्र में जमीन का टुकड़ा नहीं है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के विकास का पैसा ग्राम पंचायत शहरी क्षेत्र में खर्च रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बौल में अग्निशमन विभाग बंगाणा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को आपदा प्रबंधन, अग्निकांड एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हिमाचल गृहरक्षक कंपनी कमांडर हंसराज और गृहरक्षक टिका खान ने आपदा प्रबंधन, अग्निकांड और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों को जागरूक किया तथा मॉकड्रिल के विभिन्न चरणों के बारे में बच्चों को बताया। वहीं, विभाग के कर्मियों ने आपदा आने पर किस प्रकार खुद को वह दूसरों को बचाना है, के बारे में से बताय। कंपनी कमांडर हंसराज ने कहा कि आग लगने पर सूझबूझ के साथ काम किया जाए तो भारी नुकसान होने से स्वयं को बचाय जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपात विषय संबंधी जानकारी से हर व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने आगजनी की घटना, भूकंप,बाढ़ सहित समस्त आपदा की जानकारी दी तथा उससे बचने के गुर भी बताए। स्कूल के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने पर अग्निशमन विभाग का आभार प्रकट किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में सीखीं बातों को भविष्य में अमल करने की बात कही। अश्विनी कुमार ने कहा कि विद्यार्थी घर जाकर परिजनों को भी इस जानकारी से अवगत करवाएं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापक तथा छात्र मौजूद रहे। अंत में गृहरक्षक कंपनी कमांडर हंसराज ने बताया कि विभाग स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक कर रहा है।

### राधाकृष्ण मंदिर बड़ोआ में भंडारा लगाया



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल की पंचायत खरयालता (तलमेहड़ा) के गांव बडोआ में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में शुक्रवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गय। यह जानकारी मंदिर के प्रबंधक सुखदेव शर्मा ने दी। उन्होंने बताय कि हर साल की तरह इस बार भी श्री राधा कृष्ण मंदिर में स्थापना दिवस के मौके पर वार्षिक भंडारा किय गया। इसमें स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन का गायन कर वातावरण भक्तिमय बन दिया। उन्होंने बताय कि इस स्थान पर माथा टेकने से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और हर मनोकामना पूरी होती है। यही कारण है कि आज लोगों ने इस पावन मौके पर बढ़-चढ़कर भाग लिय और माथा टेका और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में रिटायर्ड वन विभाग बीओ तिलक राज शर्मा, रिटायर्ड सूबेदार हरदीप सिंह, जोगिंदर सिंह, सुखदेव शर्मा, सतपाल शर्मा, वीरू लंबरदार, लेखराज,राज रानी, वंदन शर्मा,अंजली देवी, इंजीनियर अमन शर्मा,जग्गी,गोपू, शिव प्रसाद,सोनू,दीपक शर्मा, अक्षय शर्मा,प्रवीण,अमन, मोहित एवं सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

### कड्ड गांव में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर चौक।** विधानसभा गगरेट में शुक्रवार को गांव कड्ड में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा मुबारिकपुर द्वारा जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक शाखा प्रबंधक दिनेश्वर सिंह कंवर व स्टाफ सदस्य हेमंत कुमार, सुरेंद्र सिंह ने लोगों को सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जिसमें डिजिटल बैंकिंग, अटल पेंशन योजन, जीवन ज्योति योजन, सुरक्षा बीमा योजन व किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी दीं। इसके साथ ही एटीएम फ्रॉड के बारे में जानकारी भी दी। बैंक अधिकारियों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में एटीएम धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ी हैं। विभिन्न प्रकार की एटीएम धोखाधड़ी के बारे में जागरूक होन ही इससे बचाव है। इस अवसर पर दी कड्ड कृषि सहकारी सभा के सचिव करण पटेल व गणमान्य उपस्थित रहे।

### छात्रों को परीक्षाओं के बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाथू और बाथड़ी मे बच्चों को परीक्षाएं नजदीक आने को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन सेवानिवृत प्रवक्त सतीश शर्मा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि अभी परीक्षाओं को एक महीन बाकी है , आप परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर पास होने के लिए घर पर अपना अलग से टाइम टेबल बनाएं। विषयों की वेटेज के अनुसार घर पर समय दें। परीक्षाओंके तनव पर बोलते हुए कहा कि तनव एक मन की कल्पन है यह असलियत में कुछ भी नहीं है। बाथू के प्रधानचार्य रविंद्र धीमान और बाथड़ी की प्रधानाचार्य मैडम नीलम रानी ने बच्चों को उनकी कही हुई बातों को आत्मसात करने और अमल में लाने का आह्वानन किया तथा मुख्य अतिथि का धन्यवाद भी किय ।

### शिविर के अंतिम दिन नशा निवारण का पाठ पढ़ाया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** आज अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा राष्ट्रीय सेव योजना (एनएसएस) के समापन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम से किय गया। इस अवसर पर प्रथम प्रथम सत्र में अतिथि एवं रिसोर्स, राकेश सिंह एसपी, जिला ऊन ने शिरकत किय। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने इस अवसर पर एक बेहतर नशा का प्रभाव एवं समाधान पर एक बेहतर कट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसपी ऊना ने एनएसएस के स्वयंसेवियों को आज नशा के प्रसार को रोकने के लिए युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा में बेहतर कार्य करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय बंगाणा के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल भारद्वाज ने शिरकत की, जिन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने स्मृति चिन्ह भेंट किय। इसके बाद एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने एनएसएस के कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी।

# माया नहीं, शाम सुंदर से पहचान ही काम आएगी : इंद्रेश महाराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



कोटला कलां में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित विश्व प्रसिद्ध संत व गणमान्य।

श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां में भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास इंद्रेश महाराज ने कहा कि भागवत का श्रवण भी किसी तीर्थ से कम नहीं है। जहां बाबा बाल जी जैसे संतों के सानिध्य में कथा हो रही हो, वह भी पुण्य की प्राप्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसार में कोई संपत्ति अथवा माया काम नहीं आएगी, केवल जिनकी शाम सुंदर से पहचान है, वह ही काम आएगी।

उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों ने प्रयागराज में स्नान किया, उससे उनमें भक्ति भाव तो है, लेकिन ज्ञान और वैराग्य प्राप्ति के लिए भागवत या सत्संग जरूरी है। संत जनों का सानिध्य ही ज्ञान और वैराग्य प्राप्ति का साधन है। हम तीर्थ और तप करते हैं, लेकिन फिर भी जीवन में शांति नहीं मिलती। हमें जब तक चित में ज्ञान और वैराग्य नहीं होगा, तब तक मानसिक शांति अथवा आत्मिक सुख की अनुभूति नहीं हो सकती। हमें महापुरुषों का सत्संग आत्मिक शांति देता है। उन्होंने कहा कि कथा में आने का तभी लाभ होता है, जब आप कथा को ध्यान से श्रवण करें। अगर चित कहीं है और शरीर यहां है तो उसका कोई लाभ नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि कुंभ का महत्व भी समझना चाहिए। कुंभ के दौरान किसी तीर्थ में शरीर की डुबकी लगाने से आपका जीवन सफल नहीं होता, बल्कि मन में वैसा भाव भी हो और कोई संकल्प लेकर स्नान करने से उसका लाभ मिलता है। अगर भाव से आप सुबह जल लेकर स्नान करते हुए त्रिवेणी का संकल्प करके ध्यान करके स्नान करें तो उसका भी उतना ही फल होता है।

इस अवसर पर बाबा बाल जी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को भागवत का महत्व बताया। कथा से पहल रासलीला में भी भगवान कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे हुए थे।

## मानव शरीर एक मंदिर के समान, इसकी देखभाल करना अत्यंत आवश्यक : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- जखेड़ा में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का उपायुक्त जतिन लाल ने किया शुभारंभ

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना के जखेड़ा में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर रोटरी क्लब ऊना, रोटरी क्लब शिमला और हिमाचल प्रदेश राजकीय डेंटल कॉलेज शिमला के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखेड़ा में आयोजित किया गया।

शिविर में विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच, रोग पहचान, माइनर सर्जरी, रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) और फिलिंग जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मोबाइल डेंटल चेकअप वैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर उपायुक्त ने रोटरी क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मानव शरीर एक मंदिर के समान है और इसकी देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, डॉक्टरों की सलाह को गंभीरता से लेने और लापरवाही न बरतने की अपील की, साथ ही, उन्होंने संतुलित आहार अपनाने और चीनी, मैदा व तले भुने खाद्य पदार्थों से परहेज करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए नियमित रूप से व्यायाम करने, खेलकूद में सक्रिय भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

शिविर में रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य, सचिव ओंकार नाथ, रोटरी क्लब शिमला के अध्यक्ष सौरभ आर. सूद, सचिव अर्जुन गोयल, जखेड़ा पंचायत की प्रधान नरेंद्र कुमारी, प्रिंसिपल सुरेंद्र धीमान सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं, 9 फरवरी को पालकवाह में ईएनटी जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित होगा।

## स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी रूप से लागू करने और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन सहित घरेलू एवं सामुदायिक शौचालयों की मंजूरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी ने की। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया।

उन्होंने एसबीएम जी के तहत संचालित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर देते हुए जिले में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में सीपीओ संजय सांख्यान, डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, बीडीओ गगरेट सुरेंद्र जेतली, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहतपुर में चिट्टा और नकदी की बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मैहतपुर के वार्ड नंबर 2 में एक व्यक्ति से 19.14 ग्राम चिट्टा और 10700 की नकदी बरामद की है। पुलिस ने विशाल चंदेल निवासी वार्ड नंबर 2 मैहतपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## पंप ऑपरेटर से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हरोली।** पुलिस थाना हरोली के तहत धर्मपुर में पानी की सप्लाई देखने गए पैरा पंप ऑपरेटर के साथ मारपीट की शिकायत सामने आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिता व पुत्र सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जलशक्ति विभाग में बतौर पैरा पंप ऑपरेटर संजीव कुमार निवासी धर्मपुर ने बताया कि मंगलवार शाम को ड्यूटी के बाद घर पहुंचा, तो गांव के ही जोगिंदर सिंह का फोन आया और पानी न देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की बात कहने लगा। संजीव कुमार का कहना है कि कॉल आने के बाद जब वह पानी देखने के लिए जोगिंदर सिंह के घर के समीप मेन टैंक पर पहुंचे, तो वहां पर जोगिंद्र सिंह, उसका बेटा भूपेंद्र सिंह व जीवन सिंह गाली गलौज करने लगा। जब गालियां निकालने से मना किया, तो भूपेंद्र सिंह व जीवन सिंह ने मारपीट करनी शुरू कर दी। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने पैरा पंप ऑपरेटर की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हवन यज्ञ और कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**हीना पठानिया, बड़ूही**

उपतहसील जोल के तहत कठोह पंचायत में हवन यज्ञ और कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांवों के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां आचार्य पुष्पेंद्र शास्त्री ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई।

कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं, अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है।

कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कथा आयोजन रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा, डॉ ओम प्रकाश, किशन चंद शर्मा,राजीव बालकृष्ण, अजय जसवाल, कृष्ण दत्त सहित अनेक लोग मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



भागवत कथा दौरान पूजा-अर्चना करते गणमान्य।

# एसटीएफ की रेड से नाराज कांग्रेस नेताओं का सामूहिक इस्तीफा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**



नगर परिषद संतोषगढ़ की कांग्रेस इकाई के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुकेश पुरी और एससी मोर्चा के नेता रवि बस्सी ने इसकी घोषणा की है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस समर्थित पूर्व अध्यक्ष के घर पर शुक्रवार को एसटीएफ रेड से स्थानीय शहरी कांग्रेस इकाई कार्यकर्ताओं में रोष है, इसलिए सभी ने पार्टी सदस्यता से सामूहिक त्याग पत्र दे दिया है।

मुकेश पुरी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की कर्मठ और निष्ठावान नप की पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद के यहां शुक्रवार को बिना कोई पूर्व सूचना एसटीएफ टीम ने रेड कर दी। उनका बेटा महेंद्र सैनी हिमाचल पुलिस की एसआईयू टीम का हिस्सा है और नशा माफिया पर करारी चोट कर रहा है। नशे पर चोट के लिए इनके बड़े बेटे भूपिंदर को भी राज्यपाल से सम्मान मिला है। ऐसे परिवार पर कांग्रेस सरकार के होते हुए पुलिस रेड की कार्रवाई निंदनीय है।

रवि बस्सी ने कहा कि संतोषगढ़ के चरण सिंह के परिवार से स्थानीय शहर कांग्रेस पार्टी की नींव रखी गई। पूरा परिवार पार्टी का निष्ठावान रहा है। इनका बेटा पुलिस की एसआईयू विंग में सदस्य है बीते छह माह के भीतर चिट्टा पकड़वाने, शराब, चूरा पोस्त, अफीम व एक लाख 21 हजार का जुआ जुर्माना तथा कुल पचास केस दर्ज कराने में भूमिका निभाई। हैरत है ऐसी एसआईयू टीम पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही झूठ की शिकायतों पर बिना तथ्य जाने रेड कर दी जाती है, जिससे समाज मे परिवार की मानहानि हुई है।

क्या सरकार होनहार पुलिस कर्मियों को रेड कर इनाम दे रही है। इसे लेकर अगर परिवार के पक्ष में कोर्ट जाना पड़ा तो वहां तक लड़ाई लड़ी जाएगी, किसी से डरकर कार्य नहीं किया जाएगा। इस दौरान पार्षद मंजू सैनी, पूर्व पार्षद गुरदेव सिंह, बलराम महे, राममूर्ती, गौरव कपिला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों को बाजार के रुझानों की दी जानकारी

**हीना पठानिया, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका चरण 2 के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा मंधोली के किसानों का बाजार सर्वेक्षण सब मार्केट यार्ड टकराला में करवाया गया, जिसमें उपपरियोजना मंधोली के 8 किसानों ने भाग लिया। कमीशन एजेंटों द्वारा किसानों को बाजार के रुझान के बारे में समझाया गया और किसानों को कब किस फसल को उगाने से बाजार में अच्छा मूल्य मिल सकता है, इस बात पर भी किसानों के साथ विस्तार में चर्चा हुई।

इसके साथ ही किसानों का स्थानीय बाजार कलरुही में भी सर्वेक्षण करवाया। बाजार के रुझान की जानकारी देने के लिए किसानों ने जायका विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया और उन्हें आश्वासन दिया गया कि वे बाजार उन्मुख खेती करके अपनी आय को दोगुना करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश हैंडबाल की महिला टीम ने नेशनल गेम्स में जीता पहला मुकाबला



**अनंत ज्ञान, ऊना 10**

उत्तराखंड के रुद्रपुर में नेशनल गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबाल टीम भी भाग लेते हुए अपना विजय अभियान शुरू कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भरी हिमाचल प्रदेश टीम ने यह मुकाबला एकतरफा जीत लिया।

हैंडबॉल कोच स्नेह लता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश महिला टीम ने मेजबान उत्तराखंड को एकतरफा मैच में हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने 45 व उत्तराखंड ने मात्र 6 गोल किए। हिमाचल प्रदेश की तरफ से मिताली शर्मा ने 8, कृतिका और जागृति ने 7, शैलजा शर्मा और मेनिका पाल ने 4 गोल किए। हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबाल टीम की चीफ कोच स्नेहलता, कोच मनोज ठाकुर, टीम मैनेजर परवीन दूबे व सुशील ने टीम की शानदार जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी है।

हिमाचल महिला हैंडबॉल टीम की जीत पर ऊना हैंडबॉल संघ के सचिव मुनीश राणा, दीपक ठाकुर, रणदीव ठाकुर, बिलासपुर से जगदीश ठाकुर, राकेश पटियाल कर्ण चंदेल व हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया द्वारा बनाई गई हैढोक कमेटी के चेयरमैन जसबीर बिस्ला ने बधाई दी है।

## जलशक्ति विभाग का टैंक बना सफेद हाथी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जलशक्ति डिविजन अंब के तहत गांव अम्बेहड़ा राम किशन में विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर लोगों को पीने के पानी के लिए स्टोर टैंक का निर्माण करवाया गया था, जिसकरी सप्लाई दो को की जानी थी, पर उस टैंक को बने पिछले तीन साल हो गए ,पर इस में आज दिन तक पानी की बूंद नहीं डाली गई और न ही जिस टैंक पानी डालना था, अभी तक पाइप लाइन भी नहीं डाली गई मात्र एक लाइन उस टैंक से आगे सप्लाई के लिए डाली गई है। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग को इस बारे बोला परंतु विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगी।

1100 के माध्यम से भी शिकायत की गई, पर उस पर भी कोई कारवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस सफेद हाथी में भी सप्लाई डाली जाए। इस मामले में सहायक अभियंता अंब नीरज धीमान ने बताया कि इस टैंक का भूमि विवाद चला हुआ था। काफी हद तक मामला सुलझा लिया गया है। मौके का दौरा कर जल्द ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

## रोगी कल्याण समिति ने 32 .10 लाख का बजट पारित किया : उपायुक्त जतिन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वित्त वर्ष 2025 26 के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति ने 32 लाख 10 हजार रुपए का बजट पारित किया है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को समिति की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में रोगी कल्याण समिति द्वारा वर्ष 2024 25 के दौरान रोगियों को विभिन्न सुविधाएं देने पर व्यय व अर्जित आय के ब्यौरे पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हमारे पारंपरिक उपचार प्रणाली का अहम हिस्सा है। उन्होंने आयुष विभाग ऊना को मरीजों के लिए बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कारगर कदम उठाने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धति का लाभ मिल सके। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधाओं के विस्तार और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने को भी कहा। बैठक में जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा रोगियों को ओपीडी, आईपीडी लैब, आयुष्मान भारत, हिमकेयर की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ द्वारा अस्पताल में रोगियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

बैठक में सीएमओ ऊना संजीव वर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, सीपीओ संजय संख्यान, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोम लाल धीमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही कानूनी सहायता : रवि कुमार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

टेली लॉ वंचितों तक पहुंच एक ई इंटरफेस तंत्र है, जो मुकदमेबाजी से पहले के चरण में विधिक सलाह और परामर्श लेने का तंत्र है। यह पंचायत स्तर पर स्थित सभी सीएससी सेंटर पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीफोनिक सुविधाओं के माध्यम से जरूरतमंद और हाशिये पर पड़े लोगों को विधिक सहायता के लिए पैनल वकीलों से जोड़ता है।



2017 में लॉन्च की गई टेली लॉ सेवा पर अब टेली लॉ मोबाइल ऐप के माध्यम से पहुंच बनाई जा सकती है। यह सभी नागरिकों के लिए निशुल्क है।

सीएससी लोक मित्र चलाने वाले ग्राम स्तर के उद्यमी, पैनल वकीलों के साथ लाभार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं। सीएससी के माध्यम से लोगों को विधिक सलाह और परामर्श देने के लिए पैनल वकीलों को तैनात किया गया है। शुरू में स्कीम की प्रगति धीमी थी। सीएससी के जिला प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि अब ऊना जिले से लोग अपनी कानूनी दिक्कतों के लिए अपने नजदीकी सीएससी सेंटर तक पहुंच रहे हैं।

उन्होंने सीएससी संचालकों से भी आग्रह किया है कि अपने आसपास के लोगों को इस सुविधा का लाभ दें, ताकि लोग घर द्वार पर मुफ्त में इस स्कीम का फायदा ले सकें। सीएससी जिला प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि अगर आपको कानूनी मदद चाहिए तो उसके लिए आपको अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पहुंचना होगा। वहां सीएससी संचालक मामले को सुनते हुए आपका केस पंजीकृत कर देंगे, जिस पर नामित वकील आपसे संपर्क करेंगे और मुफ्त में कानूनी सलाह देंगे।

**फायदा** उपायुक्त ने पंजाब नेशनल बैंक के दो दिवसीय लोन शिविर का किया शुभारंभ

# सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहरतीन विकल्प : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



सूर्य घर ऋण एक्सपो शिविर के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे उपायुक्त जतिन लाल।

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एमसी पार्क ऊना के समीप आयोजित दो दिवसीय होम लोन एवं सूर्य घर ऋण एक्सपो शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त जतिन लाल ने किया। इस अवसर पर पीएनबी के मंडल प्रमुख अरविंद सरोच, जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक लहरी मल, पीएनबी ऊना के प्रबंधन प्रमुख पियूष कुमार और आंचल कार्यालय शिमला के मुख्य प्रबंधक साहिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

यह लोन शिविर 8 फरवरी तक चलेगा, जिसमें नागरिकों को विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने पंजाब नेशनल बैंक के गृह निर्माण और सोलर रूफटॉप लगाने के लिए सरल प्रक्रिया के तहत सस्ती ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि पीएनबी देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है और देश के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होंने कहा कि सोलर रूफटॉप योजना न केवल आर्थिक रूप से लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मिलेगी, जिससे बिजली बिलों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उपायुक्त ने पीएनबी अधिकारियों से अपील की कि वे किसानों और आमजन तक बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका फायदा उठा सकें।

### सस्ती ब्याज दरों पर गृह और सौर ऊर्जा लोन

जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक लहरी मल ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक का उद्देश्य लोगों को घर बनाने और सौर ऊर्जा अपनाने में सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी जिंदगी को अधिक किफायती और हरित बना सकें। उन्होंने जानकारी दी कि गृह ऋण 8.40 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध है। सोलर रूफटॉप लोन 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया जा सकता है। 10 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम को 10 वर्षों के लिए 7 प्रतिशत ब्याज दर पर स्थापित किया जा सकता है। लोन प्रक्रिया को न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और किफायती ऋण योजनाओं के माध्यम से अपने सपनों का घर बनाने और सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### गोंदपुर बनेहड़ा में मनाई जाएगी रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** क्षेत्र के गांव गोंदपुर बनेहड़ा अपर में 12 फरवरी को गुरु रविदास महाराज की 648वीं जयंती मनाई जाएगी। 10 फरवरी को अमृत बाणी पाठ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी शुरू किया जाएगा। 11 फरवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी, तत्पश्चात 12 फरवरी को पूजा-अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी तथा संत महापुरुषों द्वारा गुरु रविदास जी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर गुरु रविदास सभा गोंदपुर बनेहड़ा अपर के प्रधान केवल कृष्ण, उपप्रधान बलबीर सिंह, सचिव दिलवाग सिंह, कोषाध्यक्ष जीवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, नीतू बग्गा, पत्नी स्व. बलबीर वर्मा निवासी वार्ड नंबर 02, वीपीओ लोअर पंजावर, उप तहसील ईसपुर, तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राधिका से बदलकर नीतू बग्गा कर लिया है। कृपया सभी संबंधित नोट करें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, सुरिंदर कौर, पत्नी श्री बलविंदर सिंह निवासी गांव व डाकघर गोंदपुर जयचंद, तहसील हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि आधार रिकॉर्ड में मेरा नाम रानो गलत दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सुरिंदर कौर है। अत: सुरिंदर कौर और रानो एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। सभी संबंधित नोट करें।

# घर बनाने व सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए पीएनबी देगा लोन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आज प्रदर्शनी ग्राउंड ढालपुर कुल्लू में हाउसिंग लोन एवं एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार को डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने रिबन काटकर किया।

दो दिवसीय शिविर के शुभारंभ मौके पर डीसी ने यहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने तथा सतत ऊर्जा संसाधनों को विकसित करने पर काफी अधिक प्रोत्साहन दे रही है। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय मंडी के प्रमुख अजीत कुमार पटनायक ने कहा कि मकान बनाने के लिए ऋण और सूर्य घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए ऋण लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। मंडल प्रमुख अजीत पटनायक ने कहा कि हमारा उद्देश्य कुल्लू के लोगों को किफायती दरों पर होम लोन उपलब्ध करवाना है। पंजाब नेशनल बैंक का हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर और सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋण को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी और विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जाएगी।

# कुकुमसेरी कॉलेज को न तो बंद करें और न ही स्थानांतरित

## प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल व सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल घाटी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नायब तहसीलदार से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व जनजातीय विकास मंत्री सहित विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा को समस्याओं संबंधी ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर घाटी की पांच पंचायतों के जनप्रतिनिधि, जिसमें प्रधान पंचायत त्रिलोकनाथ दिनेश, उपप्रधान नारायण, प्रधान पंचायत उदयपुर, लक्ष्मण ठाकुर, प्रधान पंचायत मडग्राम हीर चंद, उपप्रधान मडग्राम सुरेंद्र, उपप्रधान पंचायत किशोरी प्रदीप, बीडीसी



सदस्य राकेश, बीडीसी सदस्य शीला, जिला परिषद सदस्य महेंद्र ठाकुर, महिला मंडल छातिग के सदस्य महिला मंडल त्रिलोकनाथ के सदस्य, वार्ड पंच किशोरी, वार्ड पंच त्रिलोकनाथ, वार्ड पंच छातिग तथा अन्य युवा मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय कुकुमसरी के 13-08-00 बीघा जमीन एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के लिए स्थानांतरित करने का विरोध किया है। सभी जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अगर ईएमआईएस को जमीन चाहिए, तो उसे एफरसी के तहत जमीन दिलाई जाए।

उन्होंने जमीन स्थानांतरण के निदेशक उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश के आदेश की कॉपी भी ज्ञापन में सलंग्न की है। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से आग्रह किया कि लाहौल-स्पीति की भौगोलिक परिस्थिति को मध्यनजर रखते हुए राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी को न तो बंद करें और न ही कहीं और स्थानांतरित करें। ईएमआरस कुकुमसेरी को एफरसी के तहत जरीमन मुहैया करवाई जाए क्योंकि कुकुमसेरी में ही काफी मात्रा में सरकारी जमीन उपलब्ध है।

# अटल टनल होकर हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

बर्फबारी के बाद लाहौल-स्पीति में अभी भी 148 संपर्क सड़कें बंद हैं। शुक्रवार को अटल टनल होकर कई पर्यटक वाहन नॉर्थ पोर्टल पहुंचे, जबकि लाहौल से कुछ हल्के वाहन भी मनाली की तरफ निकले।

शुक्रवार को दिनभर मौसम साफ रहा। ऐसे में लोनिवि ने सड़कों से बर्फ हटाने का अभियान जारी रखा। दिनभर धूप खिलने से मनाली-केलांग सड़क मार्ग के किनारे पर तेजी से बर्फ पिघल रही है, जिस कारण सड़क पर पानी बहना शुरू हो गया है। धूप ढलते ही कड़ाके की ठंड के कारण यह पानी सड़क पर ब्लैक आइस में तब्दील हो रहा है, जिस कारण सफर जोखिम भरा हो गया है। लिहाजा शाम के समय केलांग-मनाली रूट पर सफर जोखिम भरा हो गया है। बर्फबारी के कारण क्षतिग्रस्त बिजली की तारों को दुरस्त करने के लिए विभाग के फील्ड कर्मी डटे हुए हैं। कर्मचारियों ने 95 फीसदी खराब ट्रांसफार्मर को दुरस्त कर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है। फिलहाल उदयपुर उपमंडल में केवल 6 ट्रांसफर बंद हैं। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि अटल टनल नॉर्थ पोर्टल में पुलिस के जवान तैनात हैं।

# बंजार की जैव विविधता पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, बंजार



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा जैव विविधता क्लब, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में जैव विविधता संरक्षण जागरूकता विषय पर अंतर-महाविद्यालय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें स्थानीय सिराज वनमंडल के वनमंडलाधिकारी मनोज मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज की राजनीति शास्त्र विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अभय प्रसाद सिंह ने की, जबकि बंजार कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के 25 विभिन्न विषयों के शिक्षकों तथा 20 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जबकि बंजार कॉलेज की ओर से सभी शिक्षकों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों व जैव विविधता क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।

इसके बाद जैव विविधता क्लब की छात्राओं द्वारा बंजार क्षेत्र की जैव विविधता पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बंजार के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जैव विविधता संरक्षण के लिए इकाई के व्यवहारिक प्रयासों से सभी को अवगत करवाया गया। इसके बाद वनमंडलाधिकारी मनोज द्वारा पीपीटी के माध्यम से सिराज वनमंडल के अंतर्गत जैव विविधता तथा पर्यटन स्थलों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बंजार कॉलेज तथा राजनीतिक विज्ञान विभाग, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली के मध्य जैव विविधता संरक्षण के लिए सामूहिक शोध, शिक्षण, कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा व्यावहारिक प्रयासों से संबद्ध विषयों पर तीन वर्षों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर भी किया गए।

# यशराज के बैनर तले बन रही फिल्म की शूटिंग करने यूनिट पहुंची मनाली

अनंत ज्ञान, मनाली

**अभिनेता अहान पांडे व अभिनेत्री अनीत के साथ फिल्माए जाएंगे दृश्य**

यशराज फिल्म्स के बैनर तले बन रही हिंदी फिल्म की शूटिंग को लेकर यूनिट शुक्रवार को मनाली पहुंच गई है।

लंबे बरसे के बाद फिल्म यूनिट ने मनाली में दस्तक दी है। यशराज के बैनर तले बन रही फिल्म की शूटिंग मनाली के गुलाबा, सोलंग नाला व लाहौल की वादियों में होगी। इस दौरान अभिनेता अहान पांडे व अभिनेत्री अनीत पर दृश्य फिल्माए जाएंगे। फिल्म शूटिंग पांच दिन तक चलेगी। सूत्रों की माने तो इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे अपना एक्टिंग करियर शुरू कर रहे हैं और उनकी पहली फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह एक लव स्टोरी होगी, जिसमें अनीत और अहान के बीच रोमांस देखने को मिलेगा। स्थानीय को-ऑर्डिनेटर अनिल कायस्ता ने बताया कि यशराज के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म यूनिट मनाली पहुंच गई है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को कोठी में शूटिंग की जाएगी और बर्फ से ढकी वादियों को कैमरे में कैद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच दिन तक गुलाबा सहित सोलंग नाला व मनाली के अन्य पर्यटन स्थलों में शूटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि लंबे अरसे बाद शूटिंग यूनिट के मनाली आने से शूटिंग से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है।

# चनौन पंचायत को मिला अटल ज्ञान केंद्र

## विधायक सुरेंद्र शौरी ने किया जनता को पुस्तकालय भवन समर्पित

शीला कौल, बंजार



ग्राम पंचायत चनौन के अंतर्गत घर्टगाड़ में शुक्रवार को बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन कर अटल ज्ञान केंद्र जनता को समर्पित किया। इस पुस्तकालय के खुलने से घर्तगाड़ में तीन पंचायत के युवाओं को एक उपयोगी संसाधन की सुविधा प्राप्त होगी। इससे पूर्व गत वर्ष इसी स्थान पर पंचायत चनौन के लिए कॉमन सर्विस सेंटर की भी विधायक सुरेंद्र शौरी ने सौगात दी थी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान चेत राम ठाकुर ने कहा कि विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा पंचायत कार्यों में समय-समय पर वित्तपोषण किया जाता रहा है व उनकी देन से ही आज पुस्तकालय की भी पंचायत में शुरुआत की गई है। पुस्तकालय के उद्घाटन के अवसर पर विधायक शौरी ने कहा कि यह देखकर गर्व हो रहा है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। हमें विश्वास है कि यह पुस्तकालय हमारे ग्रामीणों के लिए एक उपयोगी संसाधन साबित होगा। विधायक ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी व आगामी समय में भी पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए वे वित्तपोषण करते रहेंगे। इसके साथ ही स्थानीय पंचायत के सभी महिला मंडलों व युवक मंडलों को छोटी रोजमर्रा की जरूरत की सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए विधायक ने वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर स्थानीय बीडीसी सदस्य डूर सिंह, स्थानीय पंचायत प्रधान चेत राम व उपप्रधान ज्ञान सिंह व साथ लगती पंचायतों से प्रधान विजय ठाकुर, मनीष ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, शेतू देवी, नीलम कुमारी, पुष्पा ठाकुर, लाल चंद ठाकुर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# 10 फरवरी को पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतलीकूहल में 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे विभिन्न सरकारी विभागों, हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, होटल संस्थाओं, मैकेनिक वर्कशॉप एवं अन्य व्यवसाय से जुड़े हुए उद्यमी भाग लेंगे। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को अप्रेंटिस प्रशिक्षण में सिखने के साथ कमाने और बेहतर भविष्य की और कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. सोनम ठाकुर ने कहा कि इस मेले में कोई भी युवा जो 5वीं से 12वीं पास, स्किल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट होल्डर्स और आईटीआई डिप्लोमा धारक ग्रेजुएट हो वह भाग ले सकता है। युवाओं का रजिस्ट्रेशन अप्रेंटस्कीशिप पोर्टल पर उसी दिन संस्थान में किया जाएगा इसलिए जो भी इच्छुक युवा हैं, वे अपने मूल दस्तावेजों के साथ 10 फरवरी को संस्थान में 10 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं।

# छात्रों की मांगों को लेकर एबीवीपी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू की विभिन्न इकाइयों द्वारा कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया। एबीवीपी अपने स्थापना काल से ही छात्र हित और राष्ट्रीय हित में कार्य करता आ रही है।

एबीवीपी के जिला संयोजक ने बताया कि इसी कड़ी में पिछले लंबे समय से जो एबीवीपी की प्रांत स्तरीय मांगे रही हैं और जो भी शिक्षण संस्थानों की स्थानीय मांगें हैं, उनको लेकर एबीवीपी ने पिछले गत दिन जहां ज्ञापन सौंपा था। वहीं, शुक्रवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसके तहत कुल्लू की सभी इकाइयों में यह अभियान चलाया गया। एबीवीपी के सभी कार्यकर्ताओं ने प्रांत में सभी शिक्षण संस्थानों में जिला स्तरीय और शिक्षण संस्थान की समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं, एबीवीपी की ओर से छात्रों की मांगों को लेकर आने वाले कुछ दिनों में धरना-प्रदर्शन होगा। भूख-हड़ताल भी होनी है यह सभी आंदोलन पूरे प्रांत स्तर में किए जाएंगे।

# आज जाओं में होगा लड़कियों का कबड्डी मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला युवा एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने जानकारी दी कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू द्वारा खेल सप्ताह का आयोजन करवाया गया। नाग युवक मंडल सुचैहण द्वारा गांव रोपा विकास खंड बंजार में लड़कियों का वॉलीबाल, रस्साकशी, घड़ा फोड़, कुर्सी रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ शपथ अभियान का आयोजन करवाया गया। शुक्रवार को लड़कियों के लिए वॉलीबाल, बास्केटबॉल, रेस व वुशू खेलों का आयोजन ढालपुर के खेल मैदान कुल्लू में करवाया गया और आज विकास खंड निरमंड के गांव जाओं में लड़कियों का कबड्डी मैच आयोजित करवाया जाएगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व रिफ्रेशमेंट भी युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा की गई।

# 20 वर्षों के बाद पूरी हो रही चचोगी के लोगों की मांग

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

**सड़क की टारिंग का काम शुरू करने के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन**

ग्राम पंचायत नग्गर के अंतर्गत नग्गर चचोगी सड़क की टारिंग का काम शुरू करने के लिए विधायक भुवनेश्नर गौड़ द्वारा भूमि पूजन किया गया। 7 करोड़ की लागत से यह कार्य पूरा किया जाएगा। लगभग 20 वर्षों के बाद चचोगी गांव के लोगों की मांग पूरी हो रही है।

इस सड़क को खोलने और टारिंग के लिए गांव के लोगों द्वारा अपनी निजी भूमि विभाग के नाम तक कर दी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि आज बड़ी खुशी की बात है कि चचोगी गांव के लोगों को अब पक्की सड़क बन कर मिल जाएगी, जिससे लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा और गांव में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले उनके पिता स्वर्गीय राज कृष्णा गौड़ जी के समय में इस गांव के लिए सड़क निकाली गई थी और अब इस सड़क की टारिंग का काम भी जल्द पूरा होगा। वहीं पंचायत प्रधान प्रदीप ठाकुर ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सड़क को पक्का करने की मांग काफी सालों से हो रही थी। वहीं, इस भूमि पूजन के अवसर पर एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अनूप शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## खुद की काबिलियत को निखारने का करना होगा कार्य



प्रिया, पतलीकूहल।

महिलाओं को बदलते वक्त के साथ खुद की काबिलियत को निखारने का कार्य करना होगा और साथ ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं पर और मेहनत करते हुए लगातार कार्य करते रहना होगा। सभी महिलाओं को अपने काम के साथ अपने सामाजिक और गृहस्थ जीवन के बीच भी तालमेल बैठा कर चलना होगा। महिलाओं के कार्य करने में अक्सर परिवार के सहयोग की अपेक्षा रहती है, मगर देश में आज भी बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें परिवार से सहयोग नहीं मिल पाता है, जिस कारण महिलाएं खुल कर सामने नहीं आ पाती। महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ने की जरूरत है। महिलाओं को अपनी मदद के लिए आज किसी के सहारे की जरूरत नहीं है, जरूरत है तो बस सही शिक्षा की औरसही मौके की साथ ही सही दीक्षा में प्रयास करने की।

## महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ने की जरूरत



**नारियों के दम से ही आज दुनिया में कई सकारात्मक बदलाव हुए**

कमलेश वर्मा, कुल्लू। बदलते समय के साथ हर किसी को बदलना पड़ता है और बदलाव ही संसार का नियम है, लेकिन पुराने जमाने में नारी शक्ति को ज्यादातर कभी उस तरह से बदलने दिया ही नहीं गया, जिस तरह से आज के समय में महिलाओं ने अपनी काबिलियत के दम पर पूरी दुनिया में बदलाव की मिसाल पेश की है वह अपने आप में काबिले तारीफ है। आज की महिलाओं ने बदलते वक्त के साथ तालमेल बैठाते हुए खुद को पहले से ज्यादा मजबूत और काबिल बना दिया है, ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि नारी ही शक्ति का अवतार है और नारियों के दम से ही आज दुनिया में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं। आज की नारी को किसी ओर चीज की जरूरत नहीं है बस जरूरत है तो सिर्फ बस मौके की। आज की महिलाएं हर कार्य को पूरी निष्ठा और लगन के साथ करती हैं और कार्यक्षेत्र हो या घर परिवार की जिम्मेदारी हर काम को पूरी ईमानदारी के साथ करने में सक्षम हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हर तरफ केवल लड़कियों का ही बोलबाला है और देश के हर बड़े ओहदे पर आज महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो कि बदलते वक्त के साथ बदल रहे समाज का एक सकारात्मक संकेत हैं।

## महिलाओं का काबिल और शिक्षित होना बेहद जरूरी



अर्चना वर्मा, पतलीकूहल।

महिलाओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं है, बस जरूरत है तो खुद को पहचाने की और अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को तराशने की। महिलाओं को अपने वैवाहिक जीवन और अपने कार्यक्षेत्र को अलग रखना आना चाहिए, ताकि दोनों का असर एक-दूसरे पर न पड़े। आज भी समाज में बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें सिर्फ अपने परिवार से उम्मीदें होती हैं कि वो सहयोग करें मगर कुछ ही परिवार अपनी बेटियों और बहुओं को सहयोग दे पाते हैं। मेरा मानना है कि महिलाओं को दूसरों से अपेक्षा रखनी ही नहीं चाहिए, बल्कि सिर्फ और सिर्फ खुद से अपेक्षा रखें और अपनी क्षमताओं से अपेक्षा रखें। महिलाएं जिस तरह से अपने घर को मैनेज करती हैं ठीक वैसे ही घर परिवार, समाज और सामाजिक ताने-बाने के बीच तालमेल बैठाकर चल सकती हैं। महिलाओं का काबिल और शिक्षित होना सबसे ज्यादा जरूरी है, ताकि वह शिक्षा और अपनी काबिलियत के दम पर सफलता के मुकाम को हासिल कर सके।

## जी तोड़ मेहनत करने के जन्मजात गुण



अनिता शर्मा, सुल्तानपुर।

महिलाएं आज के समय में हर वो काम कर के दिखा सकती हैं, जिसकी अक्सर लोग उनसे अपेक्षा नहीं करते। समय के साथ सही शिक्षा और सही दिशा में किए गए प्रयासों से ही महिलाओं को सफलता मिलेगी और सफलता के शिखर को छू पाएंगी। महिलाओं को हर विपरीत परिस्थितियों में खुद को ढालने की काबिलियत और पूरी क्षमता से काम करने की क्षमता को विकसित करना होगा तभी सही दिशा में आगे बढ़ पाएंगी। महिलाओं के अंदर जी तोड़ मेहनत करने की जन्मजात गुण होते हैं। माता, पिता, भाई, बहन, बेटी और बेटे से हर महिला को सहयोग, प्यार और सम्मान की जरूरत होती है, तभी महिला हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर पाती है। महिलाओं को कार्यक्षेत्र में और घर परिवार में तालमेल बैठाना बहुत जरूरी होता है, मगर अक्सर ऐसा नहीं हो पाता है, जिस कारण अनचाही परेशानी से जूझना पड़ जाता है इसलिए महिलाओं को संयम से काम लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए और अपनी काबिलियत का लोहा मनवाना चाहिए।

## हुनर और काबिलियत पर ध्यान देने की जरूरत



ईशानी, पतलीकूहल।

आज के समय में महिलाओं व युवतियों को आगे बढ़ने के लिए खुद पर विश्वास करना बहुत ज्यादा जरूरी है। आज की महिलाओं को आग बढ़ने के लिए अपने हुनर और काबिलियत पर ध्यान देने की जरूरत है। महिलाओं का आगे बढ़ने के लिए समय के साथ कदम से कदम मिला कर चलना जरूरी है, जो महिला आज के समय में घर बार और काम सभी में बराबर अपनी भागीदारी देती हैं, उसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, मगर जो काम के सिलसिले में अपने घर बार को देख नहीं पातीं, उन्हें सिर्फ कामकाजी महिला मान लिया जाता है। महिलाओं को आज के समय में अपने-अपने परिवार के सदस्यों के विश्वास और सहयोग की जरूरत हमेशा रहती है। महिलाओं में एक साथ कई कार्यों को अंजाम देने की अनोखी काबिलियत होती है इसलिए एक ही समय में महिलाएं घर, परिवार और कार्यक्षेत्र को बराबर समय देकर उस कार्य को पूरा करने का सामर्थ्य रखती हैं।

# भाजपा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## पानी की दरों में चार गुना वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन, समर्थन में जुटाए साढ़े 5 हजार लोगों के हस्ताक्षर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पानी की दरों में चार गुणा बढ़ोतरी के खिलाफ सोलन भाजपा ने रोष प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही बढ़ोतरी की नोटिफिकेशन को तुरंत वापस लेने की मांग की। रोष प्रदर्शन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अगुवाई में रेस्ट हाउस से शुरू होकर ओल्ड बस स्टैंड, मालरोड होते हुए पुराना डीसी ऑफिस पहुंचा।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर सोलन की जनता को ठगने का आरोप लगाया। साथ ही निगम चुनाव में सस्ते पानी और मुफ्त कूड़ा उठाने के वादों की याद भी दिलाई। रोष प्रदर्शन के बाद डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। पुराना डीसी ऑफिस के प्रांगण में एकत्र हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोलन से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार एक के बाद एक जन विरोधी निर्णय लेकर जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। निगम चुनाव में सस्ता पानी देने और मुफ्त में कूड़ा उठाने के वादे कर निगम में काबिज होते ही लोगों से भारी भरकम बिल थमा दिए। इसके चलते लोगों को तीन से चार हजार का बिल चुकाना पड़ा, अब पानी की दरों में चार गुना बढ़ोतरी हुई तो यह बिल 8 से 10 हजार हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### भ्रष्टाचार का अड्डा बना एमसी: गुप्ता

भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष व पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि शुरू में नगर निगम ने पानी की दरों में की गई बढ़ोतरी की अधिसूचना को तीन महीनों तक छुपाकर शहर की जनता को गुमराह किया। अब कुछ कांग्रेसी पार्षद मुख्यमंत्री के पास पहुंच कर बढ़ोतरी को वापस लेने का ड्रामा कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन कर रह गया है। कुछ कांग्रेसी पार्षद शहर के विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक बढ़ोतरी की अधिसूचना वापस नहीं होगी। भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पानी की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ करीब साढ़े पांच हजार लोगों के हस्ताक्षर जुटाए हैं। गुप्ता ने कहा कि पानी की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है।

### लोगों के हितों से भी खिलवाड़

जल शक्ति विभाग द्वारा नगर निगम सोलन को आपूर्ति किए जाने वाले पीने का पानी का रेट 27.71 रुपए प्रति 1000 लीटर से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति 1000 लीटर कर दिया गया है। सरकार द्वारा पीने के पानी का रेट एकाएक चार गुणा बढ़ा देने का फैसला अति निंदनीय है और लोगों के हितों से खिलवाड़ भी। पहले से ही 27.71 का रेट बहुत ज्यादा था उसे घटाकर 25 रुपए करने की बजाय इसे चार गुणा बढ़ा देना न्यायसंगत नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जनहित में सरकार को तुरंत पीने के पानी की बढ़ाई गई दरों को वापस लेना चाहिए। रोष प्रदर्शन में रश्मिधर सूद, मीरा आनंद, सुषमा शर्मा, रजनी, रितिका साहनी शकुंतला शर्मा, सोमा ठाकुर, संजय मलिक, राजू कुंद्रा अनिल, विशाखा, नेहा ठाकुर, कांत शर्मा, पूजा, दिनेश ठाकुर, सतीश बंसल, कृष्णा ठाकुर, किशोरी लाल शर्मा, मुन्नू शर्मा, शिव अग्रवाल, अजीत आदि मौजूद रहे।

## राजगढ़ में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के नेहरु मैदान में तीसरी विभागीय उपमंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ हो गई। तीन दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुई। एसडीएम ने अराजपत्रित कर्मचारी संघ को इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई दी और एक अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से कर्मचारियों में एक-दूसरे को जानने, परखने और टीम के रूप में काम करने की भावना पैदा होती है। सभी कर्मचारियों और विभागों में समन्वय स्थापित होता है। अरुण शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ राजगढ़ इकाई द्वारा करवाई जा रही है। इसमें 15 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली जा रही है। प्रत्येक टीम तीन मैच खेलेगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन खेले गए मुकाबलों में हार्टीकल्चर विभाग की टीम ने नगर पंचायत व पत्रकार संघ सयुंक्त टीम को, बिजली विभाग ने हायर एजुकेशन तथा रेवेन्यु ने जल शक्ति विभाग को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

## ददाहू अस्पताल में अब लोगों को घरद्वार मिलेगी एक्स-रे की सुविधा



**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिविल हॉस्पिटल ददाहू में 10 लाख रुपए की लागत से स्थापित एक्स-रे प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय लोगों को नए एक्स-रे प्लांट की बधाई देते हुए कहा कि इस प्लांट के स्थापित होने से इस क्षेत्र की 25-30 पंचायत के लोगों को एक्स-रे करवाने की सुविधा प्राप्त होगी।

पहले यहां के लोगों को एक्स-रे करवाने के लिए या तो नाहन जाना पड़ता था या फिर प्राइवेट एक्स-रे करवाने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि मेरा यही प्रयास है कि यहां के लोगों को सभी सुविधाएं इस अस्पताल में मिल सके और जो कमियां रह गई हैं उन्हें जल्द दूर कर दिया जाएगा। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय लोग स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय जन सहभागिता अभियान में बढ़कर भाग लेना सुनिश्चित करें ताकि, इस अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ददाहू अस्पताल के लिए जल्द ही अल्ट्रासाउंड मशीन का प्रावधान करवा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त खून की जांच के लिए भी जल्द ही मशीन उपलब्ध करवा दी जाएगी, ताकि यहां के लोगों को खून की जांच करवाने के लिए नाहन या निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि ददाहू, संगड़ाह, हरिपुरधार और नौहराधार अस्पतालों में सफाई कर्मचारी उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा। संगड़ाह अस्पताल के डंगे के लिए 35 लाख रुपए की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवा दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकनृत्य में आसरा संस्था बनी राज्य विजेता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** आसरा संस्था के कलाकारों ने भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में एक बार पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर सिरमौरी संस्कृति का मान बढ़ाया है। भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसके अंतर्गत गत दिवस दूसरे चरण की प्रतियोगिता में आसरा संस्था जालग सिरमौर प्रथम, सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी कुल्लू द्वितीय, वंशिका सांस्कृतिक मंच कांगड़ा तृतीय स्थान पर रहा।

### ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स कार्यक्रम कल अर्की में

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नया सवेरा जनकल्याण समिति अर्की के सौजन्य से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के अंतर्गत ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे अर्की विश्राम गृह में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा कानून विभाग से आए स्रोत व्यक्ति नशे के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### पेंशनर्स के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इकाई दाड़लाघाट की बैठक अध्यक्ष मनोज शर्मा की अध्यक्षता में शिव मंदिर दाड़लाघाट में आयोजित की। इस बैठक में जिला सोलन के अध्यक्ष बाबूराम कौंडल ने भाग लिया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधक रिमपल गुलेरिया ने पेंशनर्स के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक के दौरान तीन नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सदस्यों ने संगठन की मजबूती और पेंशनर्स के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जगदीश गर्ग, हंसराज, मदनलाल शुक्ला, देवी चंद, नंद लाल और अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

### वीरेंद्र को मिली सह मंत्री की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद बलवंत भट्टी, जिला संयोजक बजरंग दल कुणाल शर्मा उपस्थित रहे और बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें बजरंग दल में नए कार्यकर्ताओं को सम्मिलित करने का कार्य किया गया और वीरेंद्र दीवान को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कसौली के सह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई और पूर्व में रहे पोरसराज को जिला बल उपासना प्रमुख बजरंग दल सोलन की जिम्मेदारी दी गई यह तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं।

### यातायात नियमों के सख्त पालन पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस जिला बद्दी की मासिक अपराध समीक्षा बैठक और पुलिस कल्याण बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारियों और अन्य पुलिस इकाई प्रमुखों ने हिस्सा लिया। अपराध समीक्षा बैठक में विगत माह हुए गंभीर अपराधों अनसुलझे मामलों की प्रगति पर चर्चा की गई और त्वरित समाधान के निर्देश दिए व जिले में चल रहे नशा मुक्त अभियान की समीक्षा की गई। ड्रग तस्करों पर कड़ी, जनजागरूकता अभियान तेज करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के सख्त पालन पर जोर दिया और विशेष चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिन मुकदमों में जांच लंबित है, उन्हें जल्द निपटाने के आदेश दिए व मुकदमों में जब्त किए गए माल मुकदमे के निपटाने बारे आदेश दिए।

## डीसी ने ऋण मेले का किया शुभारंभ 14 लोगों को होम लोन किए स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि गृह, उद्योग, कृषि, व वाहन ऋण लेने के इच्छुक व्यक्ति पंजाब नेशनल बैंक, सोलन द्वारा आयोजित किए जा रहे लोन एक्स्पो में आकर ऋण ले सकते हैं।

मनमोहन शर्मा ने सब्जी मंडी में पंजाब नेशनल बैंक सोलन द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय होम लोन एक्स्पो का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस एक्स्पो में होम लोन लेने वाले ग्राहकों से बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की प्रोसेसिंग व अपफ्रंट फीस नहीं ली जा रही है। इस लोन एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को बैंक की गृह ऋण एवं सूर्य घर ऋण योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें त्वरित एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर मंडल प्रमुख दया नंद कर्दम ने कहा कि पीएनबी अपने ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर है और यह एक्स्पो उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ग्राहकों को होम लोन एक्स्पो तथा इसकी विशेषताओं के बारे में अवगत करवाया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इस लोन एक्स्पो में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया और बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। लोन मेले में आज 14 व्यक्तियों के होम लोन स्वीकृत किए गए।

## अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में लॉ ट्रोब विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जो अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लॉ ट्रोब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. थियो फैरेल, उपकुलपति (भविष्य विकास) डॉ. स्टेसी फरावे और क्षेत्रीय निदेशक -दक्षिण एशिया और अफ्रीका अमित मल्होत्रा ने किया। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में 217वें स्थान पर मौजूद लॉ ट्रोब यूनिवर्सिटी, वैश्विक शिक्षा के लिए भारत में शैक्षणिक भागीदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों ने शूलिनी विश्वविद्यालय के नेतृत्व और संकाय के साथ गहन चर्चा की। प्रोफेसर थियो फैरेल ने छात्रों को विश्व स्तरीय प्रदर्शन और सीखने के अवसर प्रदान करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

## बीमा कंपनी से पैसे एंठने के लिए पति ने बनाया था जिंदा पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बीमा कंपनी से लाभ हासिल करने के लिए पति ने ही जिंदा पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया था।

इस संबंध में जब बीमा कर्मचारी सलोगड़ा स्थित घर पहुंचा, तो संयोगवश उक्त महिला मौके पर ही मौजूद थी, जिस कारण पति की साजिश का भंडाफोड़ हो गया। आनन-फानन में पति-पत्नी दोनों एक साथ मृत्यु प्रमाण पत्र रद्द करवाने पहुंच गए। मामले का खुलासा होने के बाद नगर निगम के भी होश उड़ गए। इस बीच पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई और श्मशान घाट कर्मी को भी तलब किया गया। लिहाजा अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक नगर निगम से 5 जनवरी को यह प्रमाण पत्र जारी हुआ था। हैरानी की बात है कि नगर निगम के श्मशान घाट कर्मी की ओर से जमा किए फार्म-2 के आधार पर यह प्रमाण पत्र जारी किया गया था। इस फार्म में महिला के नाम पर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी भी जारी हुई और इस पर 2 गवाहों ने हस्ताक्षर भी किए थे। ऐसा लग रहा है कि इस पूरे मामले की साजिश बीमा की रकम को लेकर रची गई है।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी है। इसमें जो भी दोषी होगा, वह जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा। संबंधित कर्मचारी द्वारा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम आयुक्त के संज्ञान में यह मामला लाया गया। आयुक्त ने कहा कि इस मामले में माफी देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। निगम के श्मशान घाट कर्मी ने किस आधार पर अंतिम संस्कार का फार्म भरा है। आयुक्त का कहना है कि यह संगीन मामला है, इसलिए इसे महज गलती समझ कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पुलिस इस मामले की जांच करेगी।

### श्मशानघाट में 3 शव आए थे, 4 फार्म कैसे भरे

मामले में श्मशानघाट कर्मी की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम ने मामला सामने आने के बाद ही उसे कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था। कर्मी ने अपने जवाब में बताया कि उस दिन चंबाघाट में 3 दाह-संस्कार हुए थे, जिस दिन का यह फार्म है। इसके एक-दो दिन बाद 3 लोग उसके पास आए थे कि उन्होंने उस दिन फार्म गलत भर दिया था। उसने उनकी बातों पर विश्वास करते हुए नया फार्म दिया, अब सच्चाई क्या है, इसका खुलासा तो जांच में होगा। श्मशानघाट में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन इन कैमरों में 15 दिन का रिकॉर्ड ही रहता है।

### हिमाचल में 50 फीसदी बिजली खपत करने वाले 30 स्टील उद्योगों ने बिजली बोर्ड को लिखा पत्र

## शुल्क में नहीं हुई कटौती, तो बंद करेंगे उद्योग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल में बिजली की सबसे अधिक खपत व राजस्व देने वाली स्टील इंडस्ट्री अब बंद होने की कगार पर आ चुकी है।

यह स्थिति प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों को बिजली आपूर्ति पर दी जा रही एक रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी वापस लेने, 20 पैसे अतिरिक्त सैस लगने और दो वर्ष में बिजली शुल्क में 46 फीसदी की बढ़ोतरी से पैदा हुई है। अगर यह इंडस्ट्री बंद हो जाती हैं, तो पहले से आर्थिक तंगी से जूझ रही प्रदेश सरकार के लिए संकट पैदा हो जाएगा क्योंकि प्रदेश में कुल बिजली उत्पादन का 50 फीसदी खपत स्टील इंडस्ट्री करती है और प्रदेश सरकार को हर माह जीएसटी के तौर पर इस इंडस्ट्री से 50 करोड़ रुपए का राजस्व आ रहा है। एसोसिएशन ने साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर 25 फरवरी तक बिजली शुल्क में कटौती और सैस को वापस नहीं लिया, तो प्रदेश के सभी स्टील उद्योगों को बंद कर अपने लोड कनेक्शन सरेंडर कर देंगे और आगामी 100 करोड़ रुपए का बिजली शुल्क भी जमा नही करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### 25 फरवरी तक डिमांड पूरी करे सरकार: इंडस्ट्री

स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघराज गर्ग, उपाध्यक्ष सरेंद्र जैन, जनरल सेकेरटरी पवन सैनी, महासचिव राजीव सिंगला, मेंबर मनु निकंज, राजेश गुप्ता, हरप्रीत सैनी, मुनीष सैनी व पंकज खैतान का कहना है कि आज स्टील इंडस्ट्री भारी भरकम आर्थिक नुकसान में चल रही है क्योंकि प्रदेश में बिजली बहुत महंगी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कई बार मुख्यमंत्री के समक्ष मामला उठ चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन मिल रहा है, अब अगर एक रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी में राहत व 20 पैसे मिल्क सैस नहीं हटाया, तो 26 फरवरी को अपने उद्योग बंद कर कनेक्शन सरेंडर करा देंगे।

### सीएम के समक्ष उठा चुके मामला

स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन का कहना है कि बीते तीन माह में बार-बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से महंगी बिजली शुल्क का मामला उठा चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ झूठा आश्वासन मिल रहा है कि जल्द ही एक रुपए प्रति यूनिट बिजली दरों में बढ़ोतरी पर पुनर्विचार किया जाएगा। हालांकि अभी तक शुल्क में कटौती तो नहीं हुई, लेकिन 20 पैसे अतिरिक्त प्रति यूनिट दूध उत्पादन का सैस लगा दिया है।

### 300 मेगावाट इस्तेमाल कर रही इंडस्ट्री

हिमाचल में वर्तमान में 30 स्टील उद्योग हैं, जो कि 300 मेगावाट बिजली की खपत करते हैं, ऐसे में सरकार द्वारा लगाए जा रहे छोटे-मोटे शुल्क भी इंडस्ट्री को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिस कारण आज इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर आ पहुंची है।

## आईटीआई अर्की में खुलेगा जिले का पहला प्री-इंक्यूबेशन केंद्र

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अर्की में जिले का पहला प्री-इंक्यूबेशन केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में 12 फरवरी को संस्थान में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर एसडीएम अर्की यादविंद्र पाल मुख्यातिथि होंगे। डायरेक्टर स्किल लैब्स डॉ. हिमेश शर्मा तथा आईएससी के चेयरमैन विनोद पंवर विशेष रूप से उपस्थित होंगे। कार्यशाला का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से होगा। संस्थान के प्रधानाचार्य अजय ठाकुर ने बताया कि डॉ. हिमेश शर्मा जिन्हें परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। इस योजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के साथ स्व-रोजगार और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। हिमाचल के युवाओं में स्व-रोजगार को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में नवाचार तथा प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र, उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक तथा भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रदर्शन को बढ़ाने तथा तेज करने की योजना के अंतर्गत जिला सोलन के अर्की में पहला इंक्यूबेशन केंद्र स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस प्रकार के केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

**आयोजन** बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेले से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

## 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा मेला

**अनंत ज्ञान, नाहन**




मेले के आयोजनों से जुड़े प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेला त्रिलोकपुर इस बार 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले के आयोजनों से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर डीसी सिरमौर एवं आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधायक नाहन अजय सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। वहीं, श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय, परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेले के प्रभावी प्रबंधन को लेकर मेला क्षेत्र को चार सैक्टरों में विभाजित किया जाएगा तथा प्रत्येक सेक्टर में डिप्टी मेजीस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था तथा ट्रैफिक व्यवस्था के सफल संचालन के लिए पुलिस, होमगार्ड के जवानों के अतिरिक्त निजी सुरक्षा एजेंसियों के जवानों की भी तैनाती की जाएगी। डीसी ने कहा कि मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन इस तरह से किया जाएगा, जिससे त्रिलोकपुर के स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में कालाअंब से त्रिलोकपुर तक यातायात नियंत्रण, वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था, सूचना केंद्र की स्थापना, आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, मंदिर की साज-सज्जा, बिजली आपूर्ति, परिवहन सुविधा तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय पर सभी आवश्यक कदम उठाने और समय पर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम नाहन एवं संयुक्त आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर राजीव सांख्यान ने बैठक में मद क्रमवार प्रस्तुत किए तथा मेले के दौरान किए जाने वाले विभिन्न प्रबंधों की भी विस्तृत जानकारी दी।

## ई-ऑफिस कार्य निष्पादन में त्वरित गति और पारदर्शिता में सहायक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ई-ऑफिस परियोजना के पूर्ण रूप से क्रियान्वित होने पर कार्य निष्पादन में त्वरित गति और पारदर्शिता आएगी। डीसी ई-ऑफिस परियोजना एवं अन्य विषयों के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस बैठक का उद्देश्य जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालय का कार्य सुनिश्चित बनाना है। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो विभिन्न कार्यों को न केवल सुगमता से जल्द पूरा करने में सक्षम है, बल्कि सभी के समय की बचत भी करता है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस लेखन सामग्री बचाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। ई-फाइल के माध्यम से फाइल का निष्पादन कभी भी, कहीं भी और किसी भी समय किया जा सकता है। उन्होंने 25 फरवरी तक सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को ई-ऑफिस आरंभ कर कार्यालय की डाक इस माध्यम से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महीने के अंतिम सप्ताह में ई-ऑफिस के बारे में पुनः समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य सरल है। ई-ऑफिस का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में डिजिटल कार्यप्रणाली लागू करना है। इसका सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। ई-ऑफिस से सभी सरकारी कार्यालयों में काम करने से कार्य में सुलभता आएगी और कार्य में अधिक पारदर्शी बनने के साथ-साथ बेहतर जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। ई-ऑफिस से कार्यालय का कार्य पेपरलेस होगा, दस्तावेजों को सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी तथा दस्तावेजों को खोजने में भी आसानी होगी। डीसी ने कहा कि ई-ऑफिस के माध्यम से सरकारी अभिलेख को कहीं भी किसी भी समय देखना सुगम होगा और इसके माध्यम से आमजन के कार्य अधिक सरलता से किए जा सकेंगे। बैठक में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल तथा मुख्यमंत्री द्वारा जिला सोलन के विभिन्न प्रवासों मे की गई घोषणाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेंद्र ठाकुर, नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त विमला वर्मा, एसडीएम कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, सहायक आयुक्त नीरजा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभावित परिवारों को दिया जाए नियमित रोजगार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बाघल विकास परिषद की बैठक में अंबुजा सीमेंट प्लांट में रोजगार के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। परिषद के अध्यक्ष परसराम (पिंकू) ने कहा कि 16 जून 1992 के एमओयू के अनुसार लैंड लूजर और प्रभावित परिवारों को नियमित रूप से रोजगार दिया जाना चाहिए, न कि कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए, जैसा कि सांघी सीमेंट प्लांट में हुआ था। उन्होंने कहा कि दाड़लाघाट सीमेंट प्लांट क्षेत्रीय लोगों की पुश्तैनी जमीन देने के कारण यहां यह उद्योग स्थापित हुआ है इसलिए कंपनी प्रबंधन और प्रशासन को लैंड लूजर और प्रभावित परिवारों को पुश्त दर पुश्त रोजगार देना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने यह भी मांग की कि पिछले दो वर्षों से जिन टेक्निकल कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया है, उन्हें वापस बुलाया जाए, जिससे प्लांट की उत्पादन क्षमता में सुधार हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएनबी चंडीगढ़ मंडल का होम लोन एक्सपो शुरू



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर-17 चंडीगढ़ स्थित मंडल कार्यालय द्वारा हिमालय भवन सेक्टर-28 चंडीगढ़ में पीएनबी होम लोन एक्सपो का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चंडीगढ़ के वित्त सचिव दीप्रव लाकड़ा (आईएएस) द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. राजेश प्रसाद अंचल प्रबंधक एवं संजीव सिंह मंडल प्रमुख भी मौजूद थे। लाकड़ा ने कहा कि पीएनबी द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है जो ग्राहक एवं बिल्डर को एक मंच पर लाकर उनके सपनों के घर को लेने की प्रक्रिया को सुगम बना रहा है। इस एक्सपो में ट्राइसिटी के बिल्डर, सोलर पैनल के वेंडर एवं कार डीलरों ने अपनी स्टॉल लगाई हुई है। लाकड़ा एवं डॉ. राजेश द्वारा ग्राहकों को इन प्रिंसिपल ऋण अनुमोदन पत्र प्रदान किए गए। इस एक्सपो के दौरान ग्राहकों के डिजिटल ऋण प्रस्ताव भी स्वीकृत किए जा रहे हैं।

### करंट से मवेशियों की मौत की रिपोर्ट 15 दिन में सौंपें

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस ने शुक्रवार को जांच समिति को गोशाला मलोया में हुई दुखद घटना पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, जहां बिजली के झटके के कारण 23 मवेशियों की जान चली गई थी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने गोशाला के भीतर पशु सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के रख-रखाव के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। मामले की गहनता से जांच करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जो करंट लगने से हुई मौत की परिस्थितियों की जांच करेगी। आदेश में समिति को संभावित मानवीय त्रुटि, तकनीकी विफलता या अन्य कारकों सहित कारण की पहचान करने, क्षति और हानि की सीमा का आकलन करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए निवारक उपायों की सिफारिश करने का निर्देश दिया गया। जांच समिति में सुरिंद्र सिंह सोढ़ी, पीसीएस, संयुक्त आयुक्त-प्रथम, कुलदीप सिंह, एसई (इलेक्ट्रिकल), डॉ. इंद्रदीप कौर, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को शामिल किया गया है।

### ट्रैवल एजेंटों की अब खैर नहीं : डीजीपी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे पंजाब के 30 लोगों से पुलिस पूछताछ करेगी। वहीं, पंजाब के डीजीपी गौरव यदव ने अवैध ट्रैवल एजेंटों पर कार्रवाई के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की है। एसआईटी इन एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यूएस से डिपोर्ट किए गए पंजाबियों के मामले में अमृतसर में एक अवैध ट्रैवल एजेंट पर पहली एफआईआर शुक्रवार को दर्ज की गई है। अमेरिका से लौटे दिलेर सिंह की शिकायत पर अमृतसर पुलिस ने एक अवैध ट्रैवल एजेंट के खिलाफ केस दर्ज किय है। इस युवक से एजेंट ने 60 लाख रुपए लिए थे।

### अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

अनंत ज्ञान, लुधियाना। लुधियाना के वकील राजेश खन्ना ने मोहित शुक्ल के खिलाफ 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का ममला दर्ज कराया है, जिसमें उसे नकली रिजिका सिक्का में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था। इस शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसी शिकायत के तहत सोनू सूद को गवाही देने आन था। हालांकि, बार-बार समन भेजने के बावजूद सूद गवाही देने के लिए अदालत में पेश नहीं हुए। उनकी गैरमौजूदगी के कारण, अब अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किय है। यह वारंट ओशिवारा पुलिस स्टेशन, अंधेरी वेस्ट, मुंबई को भेजा गय है, जिसमें उन्हें अभिनेत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। ममले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

### लड़की के प्यार में लांघ दिया भारत-पाक बॉर्डर

अनंत ज्ञान, अमृतसर। बॉलीवुड की सुपर हिट फिल्म गदर में तारा सिंह (सनी दयोल) अपनी पत्नी शकीना (अमीषा पटेल) के लिए पकिस्तान चले गए थे। कुछ ऐसा ही हकीकत में भी हुआ है, लेकिन इस बार पाकिस्तान से एक युवक अपने प्यार के लिए भारत-पाक बॉर्डर को लांघकर इंडिय आ पहुंचा, लेकिन उसे पुलिस ने पकड़ लिय। युवक का प्यार परवान तो नहीं चढ़ा, लेकिन वह जेल पहुंच गय। जेल की सजा काटने के बाद पकिस्तानी युवक शुक्रवार को अपने वतन वापस लौट गय है।

### बरेली में फैक्टरी में विस्फोट, तीन की मौत



बरेली (उप्र)। बरेली जिले में किला थाना क्षेत्र के बाकरगंज खड्ड इलाके में शुक्रवार को पतंग की डोर (मांझा) बनने वाली एक फैक्टरी में हुए विस्फोट में फैक्टरी मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि किला थाना क्षेत्र के बाकरगंज खड्ड इलाके में शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे पतंग की डोर बनने वाली एक फैक्टरी में विस्फोट हो गय। इस हादसे में फैक्टरी मालिक अतीक रजा खान (45) और मजदूर फैजान (25) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सरताज की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दिल्ली-एनसीआर के 2 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के एक प्रमुख कॉलेज और दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के दो स्कूलों को शुक्रवार को बम की धमकी वाला ईमेल मिला, जिसके बाद पुलिस ने परिसर की तलाशी के लिए बम निरोधक इकाइयों और श्वान दस्तों को तैनात किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धमकी भरे ई-मेल दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज, मयूर विहार के एल्कॉन इंटरनेशनल स्कूल और नोएडा के शिव नादर स्कूल को भेजे गए। दिल्ली पुलिस ने बाद में दोनों परिसरों की गहन तलाशी ली और धमकियों को 'फर्जी' करार दिय।

### राहुल के खिलाफ निगरानी अर्जी स्वीकार

वाराणसी। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ वाराणसी जिला जज संजीव पांडेय की अदालत में दाखिल निगरानी अर्जी स्वीकार हुई है। इस मामले में न्यायलय ने अगली सुनवाई की तिथि 25 फरवरी तय की है। अमेरिका में सिखों को लेकर दिए गए भड़काऊ बयान मामले में राहुल के खिलाफ वादी तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने प्रार्थन पत्र दाखिल किया था। एसीजेएम कोर्ट में वादी ने अर्जी के जरिए बताया था कि राहुल ने अपने अमेरिकी दौरे में कहा था कि भारत में सिखों में असुरक्षा का माहौल है। सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार नहीं है। न ही गुरुद्वारों में जाने की अनुमति है। राहुल के इस बयान का समर्थन खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने किय था।

# डॉक्टरों की हैंड राइटिंग से हाईकोर्ट भी परेशान

## अदालत ने कहा- इसे सुधारो, एमएलआर नहीं पढ़ पाए जज

अतं ज्ञान ब्यूरो, चंडीगढ़

डॉक्टरों की लिखावट सामान्य लोगों के लिए हमेशा से ही अबूझ पहेली रही है। इस पर तमाम चुटकुले भी बनते रहते हैं। कई बार तो डॉक्टर मरीज की पर्ची पर ऐसी हैंडराइटिंग से दवाई लिख देते हैं, जो फार्मास्स्टिस्ट के पल्ले भी नहीं पड़ती। समझ में न आने वाली डॉक्टरों की हैंड राइटिंग की एक शिकायत पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंची। एक रिपोर्ट पर लिखी गए शब्दों को जज साहब भी नहीं समझ पाए।



डॉक्टरों की गंदी हैंड राइटिंग से परेशान होकर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए अब इसे सुधारने का फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने मामले में हरियाणा के साथ ही पंजाब व चंडीगढ़ को पक्ष बनाते हुए दोनों एडवोकेट जनरल व यूटी के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल को मामले में अदालत का सहयोग करने का आदेश दिया है।

एडवोकेट आदित्य सांघी ने बताया कि हरियाणा से जुड़ा एक मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचा था। इसमें जब एमएलआर कोर्ट में पेश की गई तो अदालत ने पाया कि डाक्टर की लिखाई पढ़ने योग्य नहीं थी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह जानकर बहुत आश्चर्य और हैरानी होती है कि कंप्यूटर के इस युग में, सरकारी डॉक्टरों द्वारा मेडिकल हिस्ट्री और प्रिसक्रिप्शन हाथ से लिखे जाते हैं, जिन्हें शायद कुछ डॉक्टरों को छोड़कर कोई भी नहीं पढ़ सकता है। किसी व्यक्ति की चिकित्सा स्थिति जानने के अधिकार को भी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार माना जा सकता है। स्वास्थ्य और मनुष्य को दिया जाने वाला उपचार जीवन का एक हिस्सा है और इसलिए इसे जीवन के अधिकार का हिस्सा माना जा सकता है।

### डॉक्टरों की लिखावट को केमिस्टों को छोड़कर कोई नहीं पढ़ सकता

हाईकोर्ट ने कहा कि डॉक्टर द्वारा दिए गए चिकित्सकीय पर्चे और चिकित्सकीय इतिहास के नोट्स के बारे में जानना प्रथम दृष्टया एक अधिकार है, जो रोगी या उसके अटेंडेंट में निहित है, ताकि वे इसे पढ़ सकें और विशेष रूप से आज की तकनीकी दुनिया में इस पर दिमाग लगा सकें। इस न्यायालय ने कई मामलों में यह भी देखा है कि मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन भी ऐसी लिखावट में लिखा जाता है जिसे शायद कुछ केमिस्टों को छोड़कर कोई नहीं पढ़ सकता। पंजाब राज्य और संभवतः यूटी चंडीगढ़ में भी यही स्थिति है।

### मामले में सहयोग करने का आदेश

हाईकोर्ट ने अब हरियाणा व पंजाब के एडवोकेट जनरल और यूटी के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल को इस मामले में सहयोग करने का आदेश दिया है। साथ ही नेशनल मेडिकल कमिशन को भी पक्ष बना लिया है। अदालत के सहयोग के लिए हाईकोर्ट ने एडवाकेट तनु बेदी को कोर्ट मित्र नियुक्त किया है।

# हरियाणा में चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार कर रहे हैं सुदृढ़ : राव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा में चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। राज्य सरकार अपने लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने का हर संभव प्रयास कर रही है।



**दिल्ली में नीति आयोग की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने रखे विचार**

स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की समीक्षा बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रही थी। इस अवसर पर केंद्रीय योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद कुमार पॉल, सीनियर एडवाइजर (स्वास्थ्य) राजीव कुमार सेन, प्रोग्राम डायरेक्टर (सीनियर एडवाइजर इंचार्ज हरियाणा) संजीत सिंह, ओएसडी (स्वास्थ्य) डॉ. सुमिता घोष, डायरेक्टर (स्वास्थ्य) हेमंत कुमार मीणा, स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मेडिकल एजुकेशन विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल भी उपस्थित थे।

राव ने इस अवसर पर हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए नीति आयोग से कोई विशेष योजना बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मेडिकल हब बनाने का विजन रखा है। उनके इस विजन को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार भी राज्य में लगातार चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया:' का है। हरियाणा सरकार हेल्दी इंडिया बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को सफल बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किडनी रोगियों को सभी सरकारी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं गत 18 अक्तूबर 2024 से शुरू कर दी है। इसके अलावा 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 10 लाख रुपए सालाना की मुफ्त इलाज सुविधा शुरू की है। उन्होंने नीति आयोग में हरियाणा का मजबूती से पक्ष रखा और राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा जताई।

## मैक्स हॉस्पिटल में विशेष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी सेवाएं शुरू

अनंत ज्ञान, बठिंडा

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बठिंडा ने आज अपनी विशेष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. तारिक अब्दुल्ला मीर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी में परामर्श के लिए सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी में पेट की सभी बीमारियों, लीवर की बीमारियों, हेपेटाइटिस बी और सी, पीलिया, अग्नाशय के रोग, पित्ताशय की थैली के रोग, एसिड पेप्टिक अल्सर रोग, क्रोनिक डायरिया, कब्ज और बाल चिकित्सा गैस्ट्रो और लीवर रोगों के रोगियों का इलाज किया जाएगा।



डॉ. तारिक अब्दुल्ला मीर ने आगे कहा कि पाचन संबंधी विकार तेजी से आम होते जा रहे हैं और जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। विशेषज्ञ परामर्श और उन्नत निदान उपकरणों तक पहुंच होने से छोटी मोटी समस्याओं को गंभीर होने से रोका जा सकता है। इस ओपीडी का उद्देश्य बठिंडा निवासियों के दरवाजे पर व्यापक देखभाल प्रदान करना है, जिससे विशेष उपचार के लिए लंबी दूरी की यात्रा की आवश्यकता कम हो। हमारा लक्ष्य शीर्ष स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता और उन्नत नैदानिक सुविधाओं को बठिंडा के निवासियों के करीब लाना है, सुलभ और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल समाधानों के माध्यम से उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। मैक्स हॉस्पिटल बठिंडा अपने नैदानिक कार्यक्रमों में उत्कृष्टता और रोगी देखभाल के उच्च मानकों के लिए प्रसिद्ध है।

## अपने सिंबल पर नगर निगम और मेयर का चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की चंडीगढ़ में बैठक हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि पार्टी नगर निगम और मेयर का चुनाव अपने सिंबल पर ही लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस ने मांग की है कि नगर निकाय चुनाव वैलेट पेपर से होने चाहिए न की ईवीएम का इस्तेमाल हो। इस मुद्दे पर कांग्रेस जल्द राज्य चुनाव आयोग से मुलाकात करेगी। हरियाणा निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया (पानीपत को छोड़कर) 11 फरवरी से शुरू होगी, जो 17 फरवरी तक चलेगी। वहीं, निकाय चुनाव के लिए 2 मार्च को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी, जबकि 12 मार्च को रिजल्ट जारी की जाएगी।

## नगर निकाय चुनावों से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले पर लगी रोक

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में आगामी 2 और 9 मार्च को होने वाले नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर इन चुनावों की संचालन प्रक्रिया से जुड़े राज्य सरकार के अधिकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण या नियुक्तियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यह रोक चुनाव परिणामों की घोषणा तक जारी रहेगी।

**पानीपत को छोड़कर, सभी नगर निकायों में चुनाव 2 मार्च को**

हालांकि, यदि चुनावों से जुड़े किसी अधिकारी या कर्मचारी को स्थानांतरित करना आवश्यक समझा जाता है, तो इसके लिए राज्य चुनाव आयोग की पूर्व लिखित स्वीकृति लेनी अनिवार्य होगी। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने शुक्रवार को इस आशय के आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 8 नगर निगमों के महापौर और सभी वार्डों के पार्षदों, 4 नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सभी वार्डों के पार्षदों के आम चुनावों तथा नगर निगम अंबाला व सोनीपत के महापौर, नगर परिषद सोहना (गुरुग्राम) और नगर पालिका असंध (करनाल) तथा इस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। इसके अलावा, नगर पालिका, लाडवा (कुरुक्षेत्र) के वार्ड नंबर 11, नगर पालिका, सफीदों (जींद) के वार्ड नंबर 14 और नगर पालिका, तरावड़ी (करनाल) के वार्ड नंबर 5 के पार्षदों के लिए चुनाव होना है। नगर निगम पानीपत को छोड़कर, सभी नगर निकायों में चुनाव 2 मार्च को होगा, जबकि नगर निगम पानीपत के लिए चुनाव 9 मार्च को होगा।

नगर निगम, पानीपत को छोड़कर, नामांकन पत्र 11 फरवरी से 17 फरवरी तक भरे जाएंगे। इसी बीच, 12 फरवरी और 16 फरवरी को अवकाश रहेगा। नगर निगम, पानीपत के लिए नामांकन पत्र 21 फरवरी से 27 फरवरी तक भरे जाएंगे।

## देश-विदेश

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर लगाए प्रतिबंध

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के खिलाफ जांच को लेकर इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर किए।



अमेरिका और इसराइल अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत को मान्यता नहीं देते हैं। अक्तूबर 2023 में इसराइल के खिलाफ हमास के हमले के बाद गाजा में जवाबी सैन्य कार्रवाई को लेकर कथित युद्ध अपराधों के लिए आईसीसी ने इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसराइली सेना की जवाबी कार्रवाई में बच्चों सहित हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई थी।

ट्रंप की ओर से हस्ताक्षरित आदेश में आईसीसी पर 'अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाकर अवैध तथा निराधार कार्यवाही करने' और नेतन्याहू और उनके पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ 'बेबुनियाद गिरफ्तारी वारंट' जारी करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है।

आदेश में कहा कि अमेरिका या इसराइल, आईसीसी के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। इसमें कहा गया कि आईसीसी ने दोनों देशों के खिलाफ कार्रवाई का खतरनाक कदम उठाया है। आदेश में कहा कि अमेरिका आईसीसी पर 'ठोस प्रतिबंध' लगाएगा।

# महाराष्ट्र के मतदाताओं का डाटा उपलब्ध न कराने का मतलब गड़बड़ी: राहुल गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बार बार मांग के बावजूद निर्वाचन आयोग की ओर से महाराष्ट्र के मतदाताओं के डाटा उपलब्ध नहीं कराने से लगता है कि कुछ न कुछ गलत है।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता लानी चाहिए, महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों से जुड़ी पूरे राज्य की मतदाता सूची उपलब्ध कराना उसकी जिम्मेदारी है। दावा किया कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या यहां की वयस्क आबादी से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हम उस पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ा था। हम भारत के लोगों के ध्यान में महाराष्ट्र चुनावों के संबंध में सामने आई कुछ महत्वपूर्ण जानकारी लाना चाहते हैं। हमारी टीम ने मतदाता सूची और मतदान पैटर्न का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और हम कुछ समय से इस पर काम कर रहे हैं। दुर्भाग्य से हमें कई अनियमितताएं मिलीं।

### निर्वाचन आयोग बोला तथ्यों के साथ जवाब देंगे

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या की कुल आबादी से अधिक होने के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर लिखित में पूरे तथ्यों के साथ जवाब देंगे। आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले पक्षकारों के रूप में मनता है, निश्चित रूप से मतदाता सर्वोपरि हैं और राजनीतिक दलों से आने वाले विचारों, सुझावों, सवालों को बहुत महत्त्व देता है। आयोग ने राहुल का नाम लिए बिना य उनके आरोपों का हवाला दिए बिना कहा कि आयोग उन पूरे तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक प्रक्रिय का पालन करते हुए लिखित में जवाब देगा, जिसे पूरे देश में समान रूप से अपनाया गया है।

## आरजी कर मामला : दोषी की सजा के खिलाफ सरकार की याचिका खारिज

एजेंसी, कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर अस्पताल बलात्कार हत्या मामले के दोषी संजय रॉय को निचली अदालत की ओर से सुनाई आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अपील शुक्रवार को खारिज कर दी, जबकि सीबीआई की ऐसी ही अपील स्वीकार कर ली। सीबीआई और राज्य सरकार दोनों ने रॉय को मौत की सजा सुनाने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी।

न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद सब्बार रशीदी की खंडपीठ ने कहा कि सीबीआई ने जांच की थी, इसलिए सजा को चुनौती देने वाली अपील सुनवाई के लिए स्वीकार की जाती है।

## खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षाबलों ने ढेर किए 12 आतंकवादी

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में चलाया गया, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई है। इसने कहा कि इलाके में आंतकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर अभियान को अंजाम दिया गया। आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया।

## एमपी में सड़क हादसे में गई 6 लोगों की मौत

एजेंसी, इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में शुक्रवार तड़के कर्नाटक के श्रद्धालुओं की मिनी बस और स्पोर्ट बाइक की टैंकर से भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने बताया कि यह हादसा आगरा को मुंबई से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जब श्रद्धालुओं की मिनी बस और एक स्पोर्ट बाइक मानपुर थाना क्षेत्र में भेरू घाट उतरते समय बेकाबू हुई और ये दोनों वाहन आगे चल रहे टैंकर से जा भिड़े। इस हादसे में मिनी बस में सवार दो महिला श्रद्धालुओं और स्पोर्ट बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल 17 लोगों को इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में भर्ती करवाया, जहां एक महिला व एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स से जल्द मिलेगी राहत : गडकरी

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा करेगी।



**कहा-सरकार लाएगी नई स्कीम**

उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स को लाभ पहुंचाने के लिए एक यूनिफॉर्म टोल नीति पर काम कर रही है। गडकरी ने कहा कि हमारी रिसर्च पूरी हो चुकी है और स्कीम की जल्द घोषणा की जाएगी। सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का प्रवाह सुगम होगा। गडकरी ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर टोल कलेक्शन को लेकर उन पर मीम्स बन रहे हैं। भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,46,195 किमी है। देश का टोल कलेक्शन 2023 24 में 64,809 करोड़ रुपए तक पहुंच था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है।

## लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई टली

नई दिल्ली। जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज सुनवाई टल गई है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव समेत 78 लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें लालू प्रसाद यादव के अलावा राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव का नाम भी शामिल है। इससे पहले 30 जनवरी को मामले की सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी थी। इसमें एक पूर्व आईएएस अधिकारी आर के महाजन भी शामिल हैं। सीबीआई का दावा है कि लैंड फॉर जॉब मामले की साजिश में आरके महाजन भी शामिल थे।

# नाइजीरिया में घात लगाकर हमला, 10 सैनिकों की मौत

एजेंसी, डकार (सेनेगल)

पश्चिमी नाइजीरिया में बुर्किना फासो से लगती सीमा पर मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भेजी गई सैन्य टुकड़ी पर हथियारबंद हमलावरों ने घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 10 जवान मारे गए। नाइजीरिया की सैन्य सरकार ने कहा कि तकजात गांव में मवेशी तस्करों को पकड़ने के लिए सैन्य टुकड़ी को सोमवार को तैनात किया गया था। अभियान के दौरान अपराधियों के एक समूह ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला कर दिया जिसमें हमारे 10 सैनिक मारे गए। हमलावर फरार हो गए, लेकिन सेना ने 15 आतंकवादियों को पकड़ लिया और उन्हें मार गिराया।



नाइजीरिया और पड़ोसी मुल्क बुर्किना फासो, माली एक दशक से अधिक समय से जिहादी समूहों के विद्रोह से जूझ रहे हैं। कुछ समूह आतंकवादी संगठन अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े हैं। तीनों ही देशों में सैन्य सरकार हैं और उन्होंने सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे फ्रांस के सैनिकों को वापस भेज दिया है।

## अब राम मंदिर के कपाट एक घंटा पहले खुलेंगे

अयोध्या (उप्र)। अयोध्या के रामलला मंदिर में दर्शन और अनुष्ठान के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब मंदिर सुबह सात बजे की जगह छह बजे खुलेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक मंदिर अब सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर में मंगला आरती तड़के चार बजे होगी जिसके बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद श्रृंगार आरती सुबह छह बजे होगी और उसी समय मंदिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा। ट्रस्ट के अनुसार राजभोग दोपहर 12 बजे लगाया जाएगा और भोग लगने के बाद भी श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

# सेंसेक्स में 197 अंक की गिरावट, निफ्टी भी लुढ़का

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स में 197 अंक की गिरावट के साथ 77,860 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 43 अंक लुढ़ककर 23,559 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में तेजी और 17 में गिरावट रही।




निफ्टी के 28 शेयरों में तेजी और 23 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो, निफ्टी मेटल में 2.66 फीसदी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.97 फीसदी और निफ्टी ऑटो में 0.69 फीसदी की तेजी रही। निफ्टी एफएमसीजी में 1.30 फीसदी, सरकारी बैंकों के शेयर में 1.38 फीसदी और निफ्टी मीडिया में 1.01 फीसदी की गिरावट रही। बाजार को गिराने में आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक की बड़ी भूमिका रही। जबकि, एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और जोमैटो बाजार को ऊपर बरकरार रखने की कोशिश की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अदिति फाउंडर्स कप के शुरुआती दौर के बाद संयुक्त 72वें स्थान पर

**ब्राडेंटन (फ्लोरिडा)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट फाउंडर्स कप के पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला। अदिति इस निराशाजनक शुरुआत के बाद संयुक्त रूप से 72वें पायदान पर है। अदिति के लिए शुरुआती 9 होल का खेल ज्यादा निराशाजनक रहा। उन्होंने इस दौरान दो बोगी और एक डबल बोगी के मुकाबले एक बर्डी लगाई। इस भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी के नौ होल में अच्छी वापसी की। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे दौर में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### जीव मिल्खा सिंह की मोरक्को में 'ट्रॉफी हसन टू' स्पर्धा में सधी शुरुआत

**रबात (मोरक्को)।** जीव मिल्खा सिंह ने 'ट्रॉफी हसन टू' स्पर्धा के पहले दौर में एक ओवर 73 के कार्ड के साथ सधी हुई शुरुआत की। वह इस दौरान एक ईगल लगाने में भी सफल रहे। जीव शुरुआती दौर के बाद संयुक्त 33वें स्थान पर है। यह प्रतियोगिता चैंपियंस टूर पीजीए (सीनियर खिलाड़ियो की स्पर्धा) का हिस्सा है और इसका आयोजन लेडीज यूरोपियन टूर के लल्ला मेरियम कप के साथ हो रहा है। प्रायोजक की छूट पर इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे जीव ने ईगल के अलावा तीन बोगी लगाई। वह कोई बर्डी नहीं लगा सके।

### शुभंकर और अहलावत की कतर मास्टर्स गोल्फ में खराब शुरुआत



**दोहा।** शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत की भारतीय जोड़ी की कॉमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में खराब शुरुआत रही और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। शुभंकर ने शुरुआती दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 104वें स्थान पर हैं। अहलावत ने आठ ओवर 80 का कार्ड बनाया और वह संयुक्त 137वें स्थान पर हैं। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच रासमस नीरगार्ड-पीटरसन और ब्रैंडन रॉबिन्सन थॉम्पसन ने छह अंडर 66 राउंड का कार्ड खेलकर पहले दौर में बढ़त बना ली है।

### सुशीला चानू स्टाइल की भी चैंपियन

**नई दिल्ली।** हॉकी की इस रानी सुशीला चानू को ज्यादा लोग नहीं पहचानते। हालांकि, भारतीय हॉकी टीम में अगर आप ग्लैमर की तरफ नजर डालेंगे तो सबसे पहले नजरें सुशीला पर ही जाएंगी।



## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले आज से

# मुंबई का हरियाणा पर पलड़ा भारी

**एजेंसी, कोलकाता**




गत चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था, लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी। बीसीसीआई ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था।

हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा, जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है। यही नहीं मुंबई की टीम मेघालय को पारी और 456 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और अब वह बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के पास कई विकल्प हैं और उनके लिए अंतिम एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। शार्दुल के साथ बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी और ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी का मुख्य जिम्मा संभालेंगे। जहां तक हरियाणा का सवाल है तो उसके पास कप्तान अंकित कुमार, निशांत सिंधु, हिमांशु राणा और युवराज सिंह के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजी में उसे अंशुल कंबोज, अनुज ठकराल और जयंत यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### तमिलनाडु और विदर्भ में रोचक मुकाबले की संभावना

**नागपुर** में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ और तमिलनाडु आमने-सामने होंगे। विदर्भ छह मैच में जीत और 40 अंक लेकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और वह घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगा। तमिलनाडु ग्रुप डी में सात मैचों में तीन जीत और तीन ड्रॉ के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। दूसरी ओर, विदर्भ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा।

### जम्मू-कश्मीर और केरल होंगे आमने-सामने

**हरियाणा** की तरह जम्मू-कश्मीर को भी केरल के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा नहीं मिलेगा। पहले यह मैच जम्मू में खेला जाना था लेकिन बाद में इसे पुणे स्थानांतरित किया गया। इस मामले में हालांकि, जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ ने जम्मू में मैदान की स्थिति को लेकर बीसीसीआई के सामने चिंता व्यक्त की थी और इसके बाद ही इस मैच का स्थल बदला गया।

### शानदार वापसी से प्रेरणा लेना चाहेगा सौराष्ट्र

**राजकोट** में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र और गुजरात आमने-सामने होंगे। इस मैच में सौराष्ट्र अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगा। सौराष्ट्र की मौजूदा रणजी सत्र में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी तथा उसके पहले चार मैच के बाद केवल चार अंक थे। इसके बाद उसने अगले तीन मैच बोनस अंक के साथ जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह सुरक्षित की।

## विराट कोहली की चोट गंभीर नहीं दूसरे वनडे में वापसी करेंगे : गिल

**एजेंसी, कटक**

भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वापसी करेगा। कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई, क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है।



नागपुर में पहले वनडे में 87 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, ''उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था, लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।'' शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे।

उन्होंने कहा, ''नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।''

गिल वन डे में पारी की शुरुआत करते रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं इसलिए मुझे बहुत अधिक सामंजस्य नहीं बिठाना नहीं पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना बेहद चुनौती पूर्ण होता है क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खेलना होता है।''

गिल ने कहा, ''अगर टीम ने जल्दी विकेट खो दिया हो तो फिर आपको संभल कर बल्लेबाजी करने होती है। अगर टीम को अच्छी शुरुआत मिली हो तो आपको उसे आगे बढ़ाना होता है। मैं मैच की स्थिति के अनुसार खेलता हूं।''

## दीक्षा डागर और अवनी प्रशांत की ठोस शुरुआत

**एजेंसी, रबात ( मोरक्को )**

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने नए सत्र की शुरुआत बोगी के साथ की, लेकिन इसके बाद उन्होंने चार बर्डी लगाकर शानदार वापसी की और यहां लल्ला मेरियम कप के शुरुआती दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। वह पहले दौर के बाद संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी अवनी प्रशांत की भी 10वें होल से शुरुआत खराब रही और वह पहले तीन होल में दो बोगी कर बैठीं।

अपने पेशेवर करियर की शुरुआत कर रही अवनी ने 14वें होल से छह बर्डी लगाई लेकिन चौथे होल में उन्होंने डबल बोगी की। वह दो अंडर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर हैं, लेकिन त्वेसा मलिक के लिए यह दिन अच्छा नहीं रहा।



उन्होंने छह ओवर 77 का स्कोर किया और वह 98वें स्थान पर है।

### अक्षय भाटिया डब्ल्यूएम फिनिक्स ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**स्कॉट्सडेल (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने डब्ल्यूएम फिनिक्स ओपन के पहले दिन औसत शुरुआत को बेहतरीन करते हुए पांच अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। भाटिया ने छह बर्डी लगाई और एक बोगी ड्रॉप की। वह शीर्ष पर चल रहे विंधाम क्लार्क से दो शॉट पीछे हैं। विंधाम ने सात अंडर 64 का कार्ड खेला। क्लार्क के बाद टेलर मूर (65) और ली होजेस (65) संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भाटिया संयुक्त रूप से चोथे स्थान पर बने हुए हैं।

## मुझे विश्वास है कि मैं भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकती हूं : सोनम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो-लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी।



महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही। भारत प्रो-लीग में जर्मनी, नीदरलैंड, इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगा।

हरियाणा की रहने वाली सोनम ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, ''जब मेरे परिवार ने (राष्ट्रीय शिविर बुलाए जाने की) खबर सुनी तो उन्हें बहुत खुशी हुई। मुझे अच्छा लग रहा है और मेरा मानना है कि मैं भारत की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हूं।'' उन्होंने कहा,''मैं यहां राष्ट्रीय शिविर में सीनियर खिलाड़ियों से काफी कुछ सीख रही हूं और अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करुंगी।''

## फ्रेंचाइजी क्रिकेट में मार्गदर्शक है आईपीएल और हम इससे सीख रहे हैं : ग्रीम स्मिथ

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

एसए20 को दुनिया की दूसरी सर्वश्रेष्ठ लीग बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इसके कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ है और वे उससे लगातार सीख रहे हैं।



स्मिथ ने एसए20 के तीसरे सत्र के दौरान भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा,''बीसीसीआई और आईपीएल ने हमारी काफी मदद की है और हर फैसला लेने में हमारा मार्गदर्शन किया है। आईपीएल अभी तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ रहा है और हम उससे लगातार सीख रहे हैं।'' भारत और आईपीएल के पूर्व दिग्गज दिनेश कार्तिक एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने, जिनकी टीम पार्ल रॉयल्स बृहस्पतिवार को दूसरे क्वालीफायर में दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गई।

भविष्य में लीग में और भारतीय खिलाड़ियों के खेलने की संभावना के बारे में पूछने पर स्मिथ ने कहा कि अगर वे उपलब्ध होते तो ऐसा अवश्य संभव होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा,''हम हमेशा कहते आए हैं कि हम भविष्य को लेकर बीसीसीआई से बात करते रहते हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को भारतीय क्रिकेटरों से प्यार है। जब भी वे यहां आते हैं तो उनकी प्रतिभा को देखकर हम दंग रह जाते हैं।''

उन्होंने कहा,''अगर भारतीय खिलाड़ी उपलब्ध होते तो हम उन्हें जरूर बुलाते, लेकिन अभी ऐसा नहीं है। हमारी बात होती रहती है और संभवत: आईपीएल के समय मैं भारत जाऊंगा। हमारे उनसे बहुत अच्छे संबंध है और मैं खुशकिस्मत हूं कि दो साल आईपीएल खेला है। पहले सत्र में 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ खिताब भी जीता था।''

मुंबई इंडियंस केपटाउन और दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच शनिवार को वांडरर्स पर होने वाला तीसरे सत्र का फाइनल लीग का 101वां मैच भी होगा। इसके बारे में बात करके स्मिथ भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व होता है कि दक्षिण अफ्रीका ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों को यह लीग पसंद आ रही है। उन्होंने कहा,'' आईपीएल में भी बदलाव बरसों बाद शुरू हुए । हम चाहते हैं कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इस लीग में खेलें।''



## वालेंसिया को हराकर बर्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मैड्रिड**

फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेंडेज ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

## नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए बीसीसीआई की एक मार्च को विशेष बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देवजीत सैकिया के सचिव चुने जाने के बाद उनके स्थान पर नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए एक मार्च को मुंबई में विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के सैकिया ने पिछले महीने सचिव पद पर जय शाह का स्थान लिया था। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाला था।

बीसीसीआई ने राज्य संघों को एसजीएम के लिए जो नोटिस भेजा है उसने एकमात्र एजेंडा संयुक्त सचिव की नियुक्ति है। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''बीसीसीआई की एक विशेष आम बैठक (जिसे इसके बाद एसजीएम कहा जाएगा) के लिए नोटिस दिया जाता है, जो बीसीसीआई के संयुक्त सचिव के चुनाव और नियुक्ति के लिए एक मार्च, 2025 को दोपहर 12 बजे मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।'' इस पद के लिए बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक डालमिया (पूर्वी क्षेत्र), दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के प्रमुख रोहन जेटली (उत्तर क्षेत्र) और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के संजय नाइक (पश्चिम क्षेत्र) के नाम चर्चा में हैं। जैसा कि बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के मामले में हुआ, बोर्ड के नए संयुक्त सचिव को चुनने के लिए कोई चुनाव नहीं होगा।

नियम के अनुसार एसजीएम बुलाने के लिए 21 दिन का नोटिस जरूरी होता है और बीसीसीआई ने इस शर्त का पालन किया है। बीसीसीआई में इससे पहले 12 जनवरी को एसजीएम बुलाई थी जिसमें सैकिया को नया सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को नया कोषाध्यक्ष चुना गया था। दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## लिवरपूल बड़ी जीत से इंग्लिश लीग कप के फाइनल में, अब मुकाबला न्यूकैसल से

**एजेंसी, लंदन**

गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्जोबोस्जलाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा। न्यूकैसल ने पिछले 70 साल से कोई बड़ा घरेलू टूर्नामेंट नहीं जीता है।

## क्रिकेट

### जोर्जी और हरमान ने दूसरे विकेट के लिए की 111 रन की साझेदारी

# सनराइजर्स ईस्टर्न केप लगातार तीसरी बार एसए20 फाइनल में

**एजेंसी, सेंचुरियन**

टोनी डि जोर्जी और जोर्डन हरमान के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दूसरे क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार एसए20 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

एसए20 के सौवें मैच में कप्तान एडेन मार्क्रम ने जैसे ही बीसवें ओवर की दूसरी गेंद पर क्वेना मफाका को विजयी चौका जड़ा, सुपरस्पोर्ट पार्क पर नारंगी झंडे हवा में लहराते दिखने लगे। वीरवार को एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपर किंग्स को हराने के बाद सनराइजर्स ने लगातार दूसरा मैच खेला, लेकिन न उनके उत्साह में कमी थी और न ही आरेंज आर्मी के। 'सनराइजर्स ला ला ला ' थीम गीत बार बार मैदान पर सुनाई देता रहा।



अब सनराइजर्स का सामना शनिवार को वांडरर्स पर राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन से होगा जो लगातार पांच मैच जीतकर पहली बार फाइनल में पहुंची है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाली पार्ल रॉयल्स ने चार विकेट पर 175 रन बनाए। फॉर्म में चल रहे 18 वर्ष के लुहान ड्रे प्रिटोरियस ने 41 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन की पारी खेली जो उनका तीसरा अर्धशतक है। वह क्रेग ओवरटन की गेंद पर तेरहवें ओवर में विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। वहीं, अपनी पारी में तीन जीवनदान पाने वाले रूबिन हरमान ने नाबाद 81 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे।

सनराइजर्स की जीत के सूत्रधार रहे जोर्जी और हरमान ने दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की। सनराइजर्स ने सलामी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का विकेट चौथे ओवर की पहली गेंद पर ही गंवा दिया जो मफाका की गेंद पर विकेट के पीछे कार्तिक को कैच देकर लौटे। जोर्जी ने लीग में पहला अर्धशतक जड़ते हुए सिर्फ 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। वहीं हरमान ने 48 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल थे। जोर्जी को पंद्रहवें ओवर में डुनिथ वेलालागे ने पवेलियन भेजा। इसके बाद जोर्डन और मार्क्रम ने टीम को चार गेंद बाकी रहते जीत तक पहुंचाया।

### मिलर के विकेट से रॉयल्स को लगा सबसे बड़ा झटका

रॉयल्स को सबसे बड़ा झटका कप्तान डेविड मिलर के विकेट के रूप में लगा, जिन्हें मार्क्रम ने छह के स्कोर पर पगबाधा आउट कर दिया। वहीं, एसए20 में पदार्पण करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने दिनेश कार्तिक दो रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। एंडिले फेलुकवायो ने 11 गेंद में 22 रन बनाए।